RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 223
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 21 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




विश्व कप ट्रायल के लिए उतरेंगे अश्विन और वाशिंगटन

पेज - 12

**बाजार**

सेंसेक्स 66,800 ▼ 231.90
निफ्टी 19.901 ▼ 20.00
सोना 60.300 ▼ 50 /10 gm
चांदी 74,500 ▼ 300 /kg

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 34.00°C
न्यूनतम 26.00°C

## क्विक न्यूज

### प्रदेश पुलिस ने किए 122 पदोन्नत इंस्पेक्टरों के तबादले



**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस में देर रात बड़ा फेरबदल कर दिया गया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ऑफिस की ओर से 122 पदोन्नत इंस्पेक्टरों की तबादला लिस्ट जारी कर दी गई। इस ट्रांसफर लिस्ट में स्पष्ट किया गया है कि होम डिस्ट्रिक्ट में ट्रांसफर होने पर तुरंत वापसी की जाएगी। साथ ही यह भी निर्देश जारी किए गए हैं कि जल्द से जल्द ट्रांसफर हुए इंस्पेक्टरों को अपने नए स्थान पर जॉइन करना होगा।

### एनआईटी सिलचर के छात्रों ने राष्ट्रपति से मांगी मदद

**असम।** राज्य के सिलचर में एनआईटी के एक स्टूडेंट की हॉस्टल में मौत से आक्रोशित छात्रों ने मंगलवार 19 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चिट्ठी लिखकर मदद की मांग की है। 15 सितंबर को एनआईटी के थर्ड ईयर स्टूडेंट कोज बुकेर का शव हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला था। वह अरुणाचल प्रदेश का रहने वाला था। कॉलेज के छात्रों का आरोप है कि डीन बीके रॉय से परेशान होकर बुकेर ने सुसाइड कर लिया। कैंपस में अराजक की स्थिति है। कॉलेज एडमिनिस्ट्रेशन के रवैये से दूसरे छात्र घबराए हुए हैं।

### वायु सेना का पहला सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट वडोदरा में उतरा

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना का पहला सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बुधवार दोपहर वडोदरा के वायु सेना स्टेशन पर उतरा। आईएएफ अधिकारियों ने बताया कि एयरक्राफ्ट को ग्रुप कैप्टन पीएस नेगी ने उड़ाया। एयरक्राफ्ट ने बहरीन से उड़ान भरी थी। स्पेन ने ये एयरक्राफ्ट भारत को दिया है। ऐसे 56 एयरक्राफ्ट भारत को मिलने हैं।


विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441


न्यूरालिंक को ब्रेन-चिप ट्रायल के लिए रिक्रूटमेंट की मंजूरी

# सोचने से ऑपरेट होगा कंप्यूटर, रोबोटिक सर्जरी से ब्रेन में चिप लगाई जाएगी

**एजेंसी।** वॉशिंगटन



**एलन** मस्क की ब्रेन-चिप कंपनी न्यूरालिंक को अपने पहले ह्यूमन ट्रायल के लिए इंडिपेंडेंट इंस्टिट्यूशनल रिव्यू बोर्ड से रिक्रूटमेंट की मंजूरी मिल गई है। यानी अब न्यूरालिंक ह्यूमन ट्रायल के लिए लोगों की भर्ती कर सकेगी। अगर ह्यूमन ट्रायल कामयाब रहा तो चिप के जरिए ब्लाइंड भी देख सकेंगे। पैरालिसिस से पीड़ित मरीज सोचकर कंप्यूटर चला सकेंगे।

न्यूरालिंक ने कहा कि जिन लोगों को सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड की चोट या एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस (एएलएस) के कारण क्वाड्रिप्लेजिया है, वे इस ट्रायल में हिस्सा ले सकते हैं। उनकी उम्र मिनिमम 22 साल होनी चाहिए। स्टडी को पूरा होने में करीब 6 साल लगेंगे।

इस दौरान पार्टिसिपेंट को स्टडी रिलेटेड कॉस्ट, जैसे साइट तक आने-जाने का ट्रैवल एक्सपेंस मिलेगा। ट्रायल के जरिए कंपनी यह देखना चाहती है कि डिवाइस मरीजों पर कैसे काम कर रहा है। एनवी इंप्लांट, आरवी रोबोट और एनवी यूजर ऐप की सेफ्टी भी चेक की जाएगी। हालांकि कंपनी ने अभी यह नहीं बताया है कि ट्रायल कब शुरू होगा, या इसमें कितने प्रतिभागी शामिल होंगे। इससे पहले मई में कंपनी को ट्रायल के लिए यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन से मंजूरी मिली थी। मरीजों में सर्जरी के जरिए एनवी इम्प्लांट को मस्तिष्क के उस क्षेत्र में लगाया जाएगा जो मूवमेंट को कंट्रोल करता है। ये सर्जरी आरवी रोबोट के जरिए होगी। जिन भी लोगों में एनवी इम्प्लांट लगेगी, उनसे कंप्यूटर को कंट्रोल करने के लिए कहा जाएगा। एनवी इम्प्लांट के साथ एनवी यूजर ऐप भी होगा। इसके बाद इन लोगों को इस पूरे सिस्टम का फीडबैक देना होगा।

### सिर्फ सोचकर माउस का कर्सर मूव कर सकेगा

**न्यूरालिंक** ने सिक्के के आकार का एक डिवाइस बनाया है। इसे लिंक नाम दिया गया है। यह डिवाइस कंप्यूटर, मोबाइल फोन या किसी अन्य उपकरण को ब्रेन एक्टिविटी (न्यूरल इम्पल्स) से सीधे कंट्रोल करने में सक्षम करता है। उदाहरण के लिए पैरालिसिस से पीड़ित व्यक्ति के मस्तिष्क में चिप लगाने के बाद वह सिर्फ सोचकर माउस का कर्सर मूव कर सकेगा।

### कॉस्मेटिक रूप से अदृश्य होगी चिप

**न्यूरालिंक** ने कहा, हम पूरी तरह से इम्प्लांटेबल, कॉस्मेटिक रूप से अदृश्य ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस डिजाइन कर रहे हैं, ताकि आप कहीं भी जाने पर कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस को कंट्रोल कर सकें। माइक्रोन-स्केल थ्रेड्स को ब्रेन के उन क्षेत्रों में डाला जाएगा जो मूवमेंट को कंट्रोल करते हैं। हर एक थ्रेड में कई इलेक्ट्रोड होते हैं, जिसे वह लिंक इम्प्लांट से जोड़ता है।

## पंजाब: पूर्व भाजपा विधायक अरुण नारंग आप में शामिल

**चंडीगढ़।** अबोहर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व भाजपा विधायक अरुण नारंग बुधवार को यहां आम आदमी पार्टी(आप) में शामिल हो गए। आप के बयान में बताया गया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने नारंग को दल में शामिल कराया। नारंग ने वर्ष 2017 में राज्य में हुए चुनावों में कांग्रेस के सुनील जाखड़ को हराकर अबोहर विधानसभा सीट जीती थी।

इस वर्ष जुलाई में सुनील जाखड़ की बतौर पंजाब में भाजपा प्रमुख की नियुक्ति का विरोध किया था। दल में नारंग का स्वागत करते हुए मान ने कहा कि पंजाब में आप का परिवार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नारंग के आप में आ जाने से अबोहर और इसके आसपास के क्षेत्र में दल को मजबूती मिलेगी।

# संसद में सांसदों को बांटी गई संविधान की कॉपी पर छिड़ा विवाद

**कांग्रेस का आरोप-** प्रस्तावना से समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष शब्द हटाए

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**संसद** में जारी स्पेशल सेशन के बीच नया विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि नई संसद के उद्घाटन के दौरान सांसदों को संविधान की जो कॉपी बांटी गई है, उसमें छपी प्रस्तावना से सेक्युलर और सोशलिस्ट शब्द हटा दिए गए हैं।

इसके जवाब में सरकार ने कहा है कि संविधान की कॉपी में मूल संविधान की प्रस्तावना शामिल की गई है। जिसमें सेक्युलर और सोशलिस्ट शब्द नहीं थे। दरअसल, संविधान की प्रस्तावना में ये दोनों शब्द 1976 में 42वें संशोधन के जरिए शामिल किए गए थे।

इस विवाद का कानूनी पहलू भी है। सुप्रीम कोर्ट अपने एक फैसले में संविधान की प्रस्तावना को संविधान का हिस्सा मान चुका है।

ऐसे में अगर इसमें से कोई भी शब्द हटाना या शामिल करना है तो एक अन्य संविधान संशोधन की जरूरत पड़ेगी। कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया है कि हम जानते हैं ये शब्द 1976 में एक संशोधन के बाद जोड़े गए थे, लेकिन अगर आज कोई हमें संविधान देता है और उसमें ये शब्द नहीं हैं, तो यह चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की मंशा संदिग्ध है। ये बड़ी चतुराई से किया गया है। यह मेरे लिए चिंता का विषय है। मैंने इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की, लेकिन मुझे इस मुद्दे को उठाने का मौका नहीं मिला।

अधीर रंजन के आरोपों पर कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा, जब संविधान अस्तित्व में आया, तब समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द नहीं थे। ये शब्द संविधान के 42वें संशोधन में जोड़े गए। हालांकि भास्कर की छानबीन में सामने आया है कि जो कॉपी सांसदों को दी गई है उसमें ओरिजिनल प्रस्तावना और संशोधित प्रस्तावना दोनों शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक पहले पन्ने पर ओरिजिनल प्रस्तावना है जबकि दूसरे पन्ने पर संशोधित प्रस्तावना भी है। अधीर रंजन का दावा पुख्ता नहीं है क्योंकि उन्होंने पूरी बात नहीं बताई। हालांकि पुरानी प्रस्तावना क्यों रखी गई है ये भी स्पष्ट नहीं है।



### महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पास

**संसद** के विशेष सत्र का बुधवार 20 सितंबर को तीसरे दिन लोकसभा में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) पास हो गया। पर्ची से हुई वोटिंग में बिल के समर्थन में 454 और विरोध में दो वोट डले। अब कल (गुरुवार को) यह बिल राज्यसभा में पेश होगा। वहां से पास होने के बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए जाएगा। राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। बिल पर चर्चा में 60 सांसदों ने अपने विचार रखे। राहुल गांधी ने कहा- ओबीसी आरक्षण के बिना यह बिल अधूरा है, जबकि अमित शाह ने कहा- यह आरक्षण सामान्य, एससी और एसटी में समान रूप से लागू होगा। चुनाव के बाद तुरंत ही जनगणना और डिलिटिटेशन होगा और महिलाएं की भागीदारी जल्द ही सदन में बढ़ेगी। विरोध करने से रिजर्वेशन जल्दी नहीं आएगा।

### हरियाणा में भी दिखेगा महिला आरक्षण का असर

केंद्र सरकार के नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल-2023 का असर हरियाणा में भी दिखाई देगा। यह बिल पारित होते ही हरियाणा विधानसभा और लोकसभा की तस्वीर बदल जाएगी। विधानसभा में महिलाओं के लिए 30 और लोकसभा की 3 सीटें रिजर्व हो जाएंगी। हालांकि केंद्र के इस नए बिल का लाभ 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में महिलाओं को नहीं मिल पाएगा। हरियाणा में महिलाओं को पंचायतों में पहले ही 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल रहा है।

# फरीदाबाद के विकास पर सरकार खर्च करेगी साढ़े चार हजार करोड़

## सीएम ने दी 100 ई-बसें और 50 सीएनजी बसों को चलाने की मंजूरी

### एक हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**प्रदेश** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने फरीदाबाद को लेकर कई बड़ी घोषणाएं की। उन्होंने शहर को प्रदूषण फ्री बनाने की पहल भी शुरू कर दी है। सीएम ने फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) की मीटिंग में 100 ई-बसें और 50 सीएनजी बसों को चलाने की मंजूरी दी।

इसके साथ ही उन्होंने शहर में एक हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे भी लगाने के निर्देश दिए। सीएम ने फरीदाबाद शहर में ट्रेफिक कंट्रोल के लिए फरीदाबाद-खेड़ी गांव के पास बाइपास बनाने की भी घोषणा की। इसके अलावा सीएम ने मीटिंग में आगरा कैनाल के साथ अपग्रेड को मंजूरी दी। सीएम ने कालिंदी कुंज तक फोरलेन सड़क को बनाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने मीटिंग में कहा कि शहर के विकास कार्यों पर साढ़े चार हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सीएम ने मीटिंग में शहर के पश्चिमी हिस्से से पूर्वी हिस्से को जोड़ने के काम को लेकर भी चर्चा की। सीएम ने मास्टर प्लान 2031 के तहत सीवर, पेयजल पर होने वाले काम को लेकर भी विचार विमर्श किया। मीटिंग में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के साथ कैबिनेट मंत्री मंत्री मूलचंद शर्मा, डॉ. कमल गुप्ता भी मौजूद रहे। मीटिंग के बाद सीएम दिल्ली के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर दिल्ली दौरे के दौरान कई मीटिंगों में शामिल होंगे। मीटिंग हरियाणा भवन में आयोजित की जाएंगी। राज्य के कुछ ऐसे प्रोजेक्ट हैं। जिनको केंद्र की तरफ से आर्थिक सहायता दी जानी है।

विस्तृत खबर पेज-2 पर

# मणिपुर पुलिस ने पांच मैतेई युवाओं को किया गिरफ्तार

### सेना की वर्दी पहनने और हथियार लूटने का आरोप



**एजेंसी।** इंफाल

**मणिपुर** पुलिस ने शनिवार 16 सितंबर की रात को सेना की वर्दी पहनकर पुलिस शस्त्रागार से हथियार लूटने के आरोप में पांच मैतेई युवाओं को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत आरोप लगे हैं।

उधर, इंफाल में आरोपियों की रिहाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। मैतेई महिलाओं के एक समूह मीरा पैबिस और पांच स्थानीय क्लबों ने 19 सितंबर को दो दिन का बंद बुलाया था। जिसके चलते राज्य के लोगों को परेशानी हो रही है। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को पास दो राइफलें,128 राउंड से अधिक गोला-बारूद बरामद हुआ है। इन्होंने मई और जून में पुलिस शस्त्रागार से हथियार लूटे थे।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक की पहचान मोइरंगथेम आनंद सिंह के रूप में हुई है, जो केसीपी के एक गुट में जाने से पहले प्रतिबंधित विद्रोही संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के कैडर में था। उसे पहले भी राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के तहत कई बार गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस का कहना है कि वो राज्य में शांति बहाल के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मणिपुर में 3 मई को हिंसा भड़कने के बाद से 175 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

## 1984 सिख दंगा मामले में कांग्रेस नेता सज्जन कुमार बरी

**नई दिल्ली।** 1984 सिख दंगों से जुड़े दिल्ली के सुल्तानपुरी में तीन लोगों की हत्या मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बरी कर दिया है। सुल्तानपुरी इलाके में 1984 के सिख दंगों के दौरान तीन लोगों की हत्या हुई थी। सुल्तानपुरी दंगे में सीबीआई की एक अहम गवाह चाम कौर ने आरोप लगाया था कि सज्जन कुमार भीड़ को भड़का रहे थे।

जुलाई 2010 में कड़कड़डूमा कोर्ट ने सज्जन कुमार, ब्रह्मानंद, पेरु, कुशल सिंह और वेद प्रकाश के खिलाफ तीन लोगों की हत्या के मामले में आरोप तय किया था। अब करीब 13 साल बाद कोर्ट ने सज्जन कुमार सहित अन्य आरोपियों को इस मामले में बरी कर दिया है। सिख दंगों से जुड़े जनकपुरी और विकासपुरी में सिखों की हत्या के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार के खिलाफ आरोप तय किए थे। हालांकि अदालत ने सज्जन कुमार के खिलाफ लगाई गई हत्या की धारा 302 हटा दी थी।

# अश्लील वीडियो रेसलर की बताने पर बिफरी साक्षी-विनेश

### सांसद बृजभूषण के आईटी सेल पर बदनाम करने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** पानीपत

**इंटरनेशनल** पहलवान के सोशल मीडिया पर जारी हुए फेक अश्लील वीडियो पर देश की जानी-मानी पहलवान साक्षी मलिक और विनेश फोगाट ने सरकार को घेरा है। कहा है कि कितना ही बदनाम कर लें, न्याय की लड़ाई जारी रहेगी। सरकार बृजभूषण शरण सिंह जैसी मानसिकता के लोगों को बढ़ावा दे रही है। आईटी सेल बदनाम कर रहा है और पता नहीं सरकार कहां सो रही है।

विनेश फोगाट ने अपनी बात कहते हुए मंगलवार को लोकसभा में पेश किए गए महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक) का भी जिक्र किया है। दोनों पहलवानों से रेसलर का सपोर्ट किया है। पुलिस इसमें एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। मंगलवार (19 सितंबर) को रेसलर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो जारी किया है। उसने वीडियो में रोते हुए अपनी बात कही। कहा- मेरा इस वीडियो से कोई संबंध नहीं है। इसके बावजूद मुझ पर गंदे कमेंट्स किए जा रहे हैं। मैं किसी बड़ी साजिश का शिकार हुई हूं। मैं और मेरा परिवार मेंटल ट्रॉमा से गुजर रहे हैं। अब साक्षी और विनेश ने भी जमकर सरकार को कोसा है। वहीं, पंजाब के बठिंडा से अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर ने लोकसभा में अपने भाषण में महिला रेसलर्स विवाद के आरोपी के संसद में बैठे होने का हवाला दिया। टीएमसी की सांसद काकोली घोष ने भी संसद में बृजभूषण के बैठने को लेकर आपत्ति जताई।



### हिसार में पहलवान बजरंग पूनिया का विरोध

**हिसार।** एशियन खेलों में पहलवान बजरंग पूनिया का बिना ट्रायल चयन किए जाने पर हिसार में पहलवान विशाल के परिजनों व सिसाय के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पहलवान बजरंग पूनिया का पुतला फूका और मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पहलवान विशाल के भाई कृष्ण ने कहा कि बिना ट्रायल बजरंग पूनिया को एशियन गेम्स में भेजा जाना सरासर गलत है। सरकार और कुश्ती फेडरेशन को चाहिए कि बजरंग पूनिया का ट्रायल करवाया जाए। उसके बाद ही एशियन गेम्स भेजा जाए।

# अयोध्या: 16-24 जनवरी के बीच गर्भगृह में विराजमान हो जाएंगे रामलला

### भव्य समारोह में चार हजार संत होंगे शामिल

**एजेंसी।** लखनऊ




**श्रीराम** जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम को व्यापक बनाने के लिये विश्व हिंदू परिषद ने अपनी संगठनात्मक शक्ति लगानी शुरू कर दी है। देश भर के संतों का प्रतिनिधित्व समारोह में शामिल होगा। आमंत्रण देने की प्रक्रिया प्रारंभ हो इसको लेकर विहिप की अखिल भारतीय धर्माचार्य संपर्क प्रमुखों की तीर्थ क्षेत्र भवन रामकोट में बैठक हुई। बताया गया कि 16 से 24 जनवरी के मध्य गर्भगृह में श्रीरामलला विराजमान हो जाएंगे। प्राणप्रतिष्ठा समारोह में देश भर के करीब चार हजार संतों को आमंत्रित करने की योजना है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के इस महाअभियान में संतों का अतुलनीय योगदान रहा जिसे विस्मृत नहीं किया जा सकता है।

# पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने दी कांग्रेस छोड़ने की धमकी

### सांसद ने बेटे समेत दिल्ली में डेरा डाला

## इनेलो की 'इंडिया' गठबंधन में एंट्री को लेकर भड़के

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** में आम आदमी पार्टी (आप) के बाद इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) से कांग्रेस के गठबंधन की चर्चाओं पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा भड़क गए हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो हुड्डा ने इसे लेकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के सामने अपनी नाराजगी जताई है और पार्टी छोड़ने की धमकी भी दी है। पूर्व सीएम अपने बेटे और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। हालांकि प्रत्यक्ष तौर पर हुड्डा खेमा इस बारे में कुछ भी कहने से बच रहा है।

दरअसल ओमप्रकाश चौटाला की पार्टी, इनेलो पूर्व उपप्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की जयंती पर 25 सितंबर को हरियाणा के कैथल में सम्मान दिवस रैली करने जा रही है। इनेलो ने इस रैली के लिए इंडिया गठबंधन में शामिल जनता दल (यू), राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), पीपल्स डेमोक्रटिक पार्टी (पीडीपी) के अलावा तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को भी न्योता भेजा है। इनमें से कई दलों ने रैली में आने की हामी भी भर दी है। बीजेपी की घेराबंदी के इसी क्रम में इनेलो ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी रैली का निमंत्रण दिया है। हालांकि हुड्डा ने इस रैली में शामिल नहीं होने के संकेत दिए हैं।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटें हार जाने वाली कांग्रेस पार्टी की कमान राज्य में इस समय हुड्डा कैंप के पास है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का मानना है कि इस बार वह सबसे मजबूत स्थिति में है। ऐसे में वह आप, इनेलो या किसी भी अन्य दल के लिए लोकसभा की एक भी सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। 12 सितंबर को ही चंडीगढ़ पहुंचे हुड्डा ने खुद कहा था कि राज्य में लोकसभा सीट पर दावा करने वालों के पास इसका आधार भी तो होना चाहिए। हुड्डा ने इशारों-इशारों में स्पष्ट कर दिया था कि आम आदमी पार्टी और इनेलो की राज्य की किसी लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने की दावेदारी ही नहीं बनती और सभी 10 सीटों पर कांग्रेस खुद चुनाव लड़ेगी।

### 'इंडिया' पर हरियाणा में घमासान तय

**हरियाणा** में लोकसभा की 10 सीटें हैं और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले 'इंडिया' गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सीट बंटवारा आसान नहीं दिख रहा। ऐसे में अगर 25 सितंबर को कैथल में रैली कर रही ओमप्रकाश चौटाला की पार्टी इनेलो भी इंडिया का हिस्सा बन जाती है तो यह घमासान और ज्यादा बढ़ जाएगा। इनेलो नेता अभय चौटाला स्पष्ट संकेत दे चुके हैं कि अगर राज्य की 10 लोकसभा सीटों के बंटवारे की बात आई तो उनकी पार्टी सिरसा, हिसार और भिवानी लोकसभा सीट पर दावा करेगी। आप की ओर से भी सिरसा और अंबाला लोकसभा सीट मांगी जा सकती है।

# यमुना से लगता क्षेत्र कंट्रोल एरिया घोषित कर विकास का मास्टर प्लान तैयार होगा : सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट आने से फरीदाबाद व पलवल जिला में विकास की नयी संभावनाएं खुलीं हैं। ऐसे में जेवर के साथ लगते हरियाणा के फरीदाबाद व पलवल जिलों का सुनियोजित विकास हो, इसके लिए यमुना क्षेत्र को केंट्रोल एरिया घोषित कर नया मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण की चौथी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में एफएमडीए के माध्यम से फरीदाबाद शहर के विकास को गति देने के लिए वर्ष 2023-24 के लिए कुल 878.23 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई।

## एफएमडीए की चौथी बैठक में वर्ष 2023-24 का 878.23 करोड़ रुपये का बजट किया मंजूर

बैठक में वर्ष 2031 तक भविष्य की जनसंख्या वृद्धि और संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास की आवश्यकताओं की कल्पना करते हुए शहर के बुनियादी ढांचे में सुधार, नागरिक सेवाओं को बढ़ाने और बेहतर पर्यावरण में योगदान देने के लिए तैयार की गई प्रमुख परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए श्रीनिवास द्वारा विकास का एजेंडा प्रस्तुत किया गया, जिसे मुख्यमंत्री ने शहर के उत्थान और



बड़े पैमाने पर जनता के लाभ के लिए मंजूरी प्रदान कर दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फरीदाबाद के भविष्य के दृष्टिकोण और विजन के साथ एफएमडीए ने शहर में 2031 तक अनुमानित जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए एक मजबूत विकास योजना विकसित की है। अगले कुछ वर्षों में फरीदाबाद के विस्तार और विकास में सहयोग के लिए प्राधिकरण की बैठक में कुछ प्रमुख विकास योजनाएं प्रस्तुत की गईं। कई प्रमुख प्रस्तावित परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी गई है और आगे के कार्य क्षेत्र को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा, तिगांव के विधायक राजेश नगर, पृथला के विधायक नयनपाल रावत, अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण, मंडलायुक्त विकास यादव, पुलिस आयुक्त राकेश आर्य, जिला उपायुक्त विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास, एचएसवीपी की प्रशासक डॉ. गरिमा मित्तल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**फरीदाबाद में पेयजल आपूर्ति के विस्तार को मंजूरी, पांच नये रेनीवेल लगेंगे** : मुख्यमंत्री ने कहा कि फरीदाबाद विकास योजना-2031 के अनुसार पूरे फरीदाबाद शहर की वर्तमान और संभावित आबादी के लिए थोक पेयजल की आपूर्ति के लिए मास्टर प्लान एफएमडीए द्वारा तैयार किया गया है। वर्तमान में, फरीदाबाद में पानी की उपलब्धता 330 एमएलडी है और एफएमडीए द्वारा 12 नए रैनी वेल्स का निर्माण कार्य चल रहा है जिससे आपूर्ति क्षमता 450 एमएलडी तक पहुंच जाएगी।

बैठक में अतिरिक्त 22 रेनीवेल्स, 70 ट्यूबवेलों और बूस्टिंग स्टेशनों के निर्माण द्वारा वर्ष 2031 के लिए जल आपूर्ति को 450 एमएलडी से बढ़ाकर 700 एमएलडी करने का प्रस्ताव प्राधिकरण की बैठक में प्रस्तुत किया गया। वर्ष 2028-2029 तक परियोजना के पूरा होने के बादए फरीदाबाद में कुल 56 रेनीवेल्स और 220 ट्यूबवेल होंगे, जो 39.55 लाख की अनुमानित आबादी को लगभग 700 एमएलडी की शुद्ध जल आपूर्ति प्रदान करने में मदद करेंगे। 3000 करोड़ रुपये की लागत वाली इन परियोजनाओं को आज हरियाणा के सीएम ने बैठक में मंजूरी दी है। इसके अतिरिक्त 294.15 करोड़ रुपये की परियोजना लागत से बड़खल और एनआईटी निर्वाचन क्षेत्र में जल आपूर्ति के पूरक के लिए गांव बसंतपुर के राजस्व संपदा में पांच रेनीवेल्स की स्थापना के लिए प्रशासनिक मंजूरी भी हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित की गई।

**आगरा नहर के साथ 20 किलोमीटर लंबी सड़क होगी चार लेन** : मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि ग्रेटर फरीदाबाद में आगरा नहर के साथ लगी 20 किलोमीटर लंबी सड़क पर दो अतिरिक्त लेन के निर्माण और मौजूदा दो-लेन के सुदृढ़ीकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर इस मार्ग के माध्यम सेए यात्रियों को दिल्ली, नोएडा और मेरठ, बुलंदशहर या यमुना एक्सप्रेसवे के साथ-साथ फरीदाबाद-जेवर एयरपोर्ट रोड तक पहुंच में सुधार होगा। मनोहर लाल ने रेखांकित किया कि यह परियोजना उच्च सार्वजनिक हित से जुड़ी है और इससे नागरिकों को बहुत लाभ होगा। यूपी-सिंचाई विभाग इस परियोजना को एफएमडीए के जमा कार्य के रूप में कार्यान्वित करेगा। 278 करोड़ की लगात से सेंट्रल वर्ज और साइकिल ट्रैक के साथ पक्की सड़क का निर्माण/चौड़ीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकार द्वारा एफएमडीए को शहर के सार्वजनिक परिवहन के लिए 50 नयी सीएनजी बसें दी जाएंगी। इसके अलावा 100 नयी ई-बसों का प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है।

# वाहनों को टक्कर मार भाग रही बस ने बाप-बेटे को रौंदा

## पत्नी खाने पर करती रही इंतजार, दूसरा बेटा गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बीती** रात तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार पिता-पुत्रों को रौंद दिया। हादसे में व्यक्ति और उसके पांच साल के एक की मौत हो गई। दूसरे 11 साल के बेटे की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे दिल्ली रेफर किया गया है। पत्नी तीनों का खाने के लिए घर पर इंतजार कर रही थी।

काफी देर बाद भी वे नहीं आए तो उसने पति को फोन किया तो वह एक पुलिस वाले ने उठाया। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे और दर्दनाक हादसे की सूचना मिली। अनियंत्रित बस ने कई और वाहनों को भी टक्कर मारी। भागते हुए बस ड्राइवर ने बाप-बेटे की बाइक को भी टक्कर मार दी। जानकारी अनुसार ओल्ड फरीदाबाद की भूड कॉलोनी के रहने वाला अमित कुमार रंजन अपने दो बेटों स्नेहल रंजन (5) और शौर्य रंजन (11) को लेकर अपनी बाइक पर दिल्ली के मोडबंद में अपनी कंपनी के बॉस आनंद के घर के लिए निकले थे। वहां पर गणेश चतुर्थी की पूजा का कार्यक्रम चल रहा था। अमित ने पत्नी प्रतिभा को कहा था कि लगभग एक घंटे में वापस लौट आएंगे। वह



मृतक बाप-बेटे की फाइल फोटो

खाना बना कर रखें। वे खाना घर पर ही आकर खाएंगे।

अमित के साले अरविंद ने बताया कि एक घंटा बीतने के बाद जब अमित रंजन बच्चों के साथ घर नहीं पहुंचे तो उनकी पत्नी प्रतिभा रंजन ने अपने पति के फोन पर काल किया। फोन किसी पुलिसकर्मी ने उठाया। उसे जानकारी दी गई कि उसके पति का एक्सीडेंट हो गया है। वह पुलिस थाने में आ जाए। पहले तो उन्होंने इस बात को मजाक समझा, लेकिन दोबारा पूछने पर पुलिसकर्मी ने कहा कि वह जल्दी थाने पहुंचें।

प्रतिभा इसके बाद अपने पड़ोसियों को लेकर थाने पहुंची। फिर प्रतिभा ने अपने पति के ममेरे भाई मनीष को फोन कर घटना की जानकारी दी। मनीष थाने पहुंचा तो पुलिस ने बताया कि सेक्टर-31 बाइपास रोड पर दिल्ली की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने अमित रंजन की बाइक को सामने से टक्कर मार दी।

हादसे में तीनों को गंभीर चोटें आई हैं और उनको बादशाह खान सिविल अस्पताल में ले जाया गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने अमित रंजन और उनके छोटे बेटे स्नेहल रंजन को मृत घोषित कर दिया। वहीं शौर्य रंजन की हालत गंभीर होने के चलते उसे इलाज के लिए दिल्ली के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। अभी उसकी हालत नाजुक बनी है। घटना के बाद ड्राइवर बस छोड़कर भाग गया था।

पुलिस के जांच अधिकारी प्रवीण ने बताया कि चश्मदीदों ने बताया कि बस अनियंत्रित हो गई थी। बस ने पीछे से कई वाहनों और एक साइकिल सवार को टक्कर मारता हुआ आ रहा था। इसके बाद अमित की बाइक को भी टक्कर मार दी। इसके बाद बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

# आरडब्ल्यूए ने पार्क अस्पताल के सामने दीवार बनवा लगाया ताला



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आरडब्बलूए** ने पार्क अस्पताल के सामने दीवार बनवाकर लगाया ताला जड़ दिया। पार्क अस्पताल वाली रोड ब्लॉक डी टू सेक्टर-10 के दो गेट पड़ते हैं। अस्पताल की वजह से बहारी लोग गाड़ियों में शराब पीना व ऊंची आवाज में म्यूजिक चलाने वालों से स्थानीय निवासी राजेंद्र अग्रवाल व अन्य बहुत परेशान थे। जिसकी शिकायत ब्लॉक के प्रधान जगजीत सिंह नैन, संरक्षक राजेंद्र सिंह बीसला, नहर पार किसान संघर्ष समिति ग्रेटर फरीदाबाद के अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ से की।

## अस्पताल के सामने गाड़ियों में शराबियों की ऊंची आवाज से स्थानीय निवासी थे परेशान

अधिकतर डॉक्टरों की गाड़ियां, कर्मचारियों की गाड़ियां व बाहरी लोगों की गाड़ियां खड़ी होने से सेक्टर वासियों का निकलना मुश्किल हो गया था। कई बार कहने के बाद भी अस्पताल ने अपने डॉक्टरों व बाहरी लोगों की गाड़ियों को ब्लॉक के अंदर खड़े होने से नहीं रोका। आरडब्ल्यूए ने उचित कदम उठाते हुए पार्क अस्पताल वाले गेट पर दीवार कराकर बंद कर दिया। आरडब्ल्यूए के महासचिव इंजीनियर अनूप वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा इस दीवार के बंद होने से अब ब्लॉक के लोग अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहे हैं, क्योंकि इस गेट पर दीवार न होने से आवारा पशु ब्लॉक में लगे हुए पौधे को खा जाते और गंदगी फैलाते थे। गेटों व दीवार न होने से शरारती तत्व शराब पीकर के उत्पात मचाते थे। शाम के समय तो इस रोड पर ऐसे हालात बन जाते थे, जैसे कोई मेला लगा हुआ है। अब कोई भी बाहरी व्यक्ति ब्लॉक के अंदर आकर गाड़ी खड़ी नहीं कर सकता।

# फरीदाबाद पुलिस ने पकड़े तीन चोर, सोने-चांदी के जेवरात बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शेरपुर** ढाढर गांव में आभूषण चोरी करने के मामले में क्राइम ब्रांच ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से सोने का एक मंगलसूत्र, एक अंगूठी, कानों की एक जोड़ी बाली, एक नोजपिन तथा चांदी की एक जोड़ी पाजेब बरामदग की हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि क्राइम ब्रांच प्रभारी व उनकी टीम ने घर से आभूषण चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हरजीत (28), वीरसिंह उर्फ विरू (25) तथा नानक (26) का नाम शामिल है। तीनों आरोपी फरीदाबाद के शेरपुर ढाढर गांव के रहने वाले हैं।

दिनांक 16 सितंबर को इसी गांव के रहने वाले विनय कुमार ने पुलिस थाना भूपानी में अपनी शिकायत दी थी, जिसमें उसने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ नोएडा में नौकरी करता है। उसके बच्चे घर पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि अपने सोने-चांदी के कुछ आभूषण, जिसमें सोने का एक मंगलसूत्र, एक अंगूठी, कानों की एक जोड़ी बाली, एक नोजपिन तथा चांदी की एक जोड़ी पाजेब शामिल हैं, घर पर रखे हुए थे।

उन्होंने एक दिन पहले जब आभूषण चेक किए तो वह वहां पर नहीं थे। उन्होंने कहा कि उन्हें उक्त आरोपियों पर शक है, जो उनके घर पर आते जाते रहते हैं। पीड़ित की



शिकायत के आधार पर थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने उनके द्वारा की गई चोरी की वारदात के बारे में जानकारी दी। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपियों को अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के सभी आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने चोरी की इस वारदात को करीब तीन महीने पहले अंजाम दिया था।

शिकायतकर्ता विनय नौकरी करने के लिए नोएडा चले जाते थे और घर पीछे से खाली रहता था। आरोपी मौका देखकर एक दिन घर में चोरी करने के लिए घुस गए। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वीर सिंह के खिलाफ चोरी, स्नेचिंग तथा अवैध हथियार के चार मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, आरोपी हरजीत तथा नानक के खिलाफ भी चोरी का एक-एक मुकदमा दर्ज है।

## रंगदारी न देने पर मिठाई की दुकान में तोड़फोड़

**पलवल।** नेशनल हाईवे-19 पर बामनीखेड़ा गांव स्थित मिष्ठान भंडार मालिक हर महीने 10 हजार रुपए रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। जब दुकानदार ने देने से मना किया तो उसके साथ मारपीट की गई। साथ ही आरोपियों ने दुकान में तोड़फोड़ की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

सदर थाना के जांच अधिकारी गुरमुख के अनुसार, बामनीखेडा गांव निवासी सुनील गर्ग ने दी शिकायत में कहा है कि उसने नेशनल हाईवे-19 पर बामनीखेड़ा गांव में गर्ग मिष्ठान भंडार के नाम से दुकान खोली हुई है। 19 सितंबर को तोड़फोड़ की।

# आशा वर्करों की हड़ताल जारी मांगों को लेकर प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** आशा वर्करों की हड़ताल बुधवार को 44वें दिन में भी जारी रही। उल्लेखनीय है कि आशा वर्कर सरकारी कर्मचारी का दर्जा, जब तक 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन, इंसेंटिव में 50 प्रतिशत कटौती की बहाली, ईपीएफ एवं ईएसआई की सुविधा, रिटायरमेंट उम्र 60 वर्ष करने, रिटायरमेंट पर सम्मानजनक पेंशन व ग्रेज्यूटी देने आदि मांगों को लेकर आठ अगस्त से हड़ताल पर हैं। सरकार की घोर उपेक्षापूर्ण रवैए से नाराज आशा वर्करों ने 25 सितंबर को डीसी ऑफिस पर सामूहिक गिरफ्तारियां देने का ऐलान किया है। बुधवार को आयोजित धरने-प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान हेमलता ने की और संचालन सचिव सुधा ने किया। धरने पर भवन निर्माण कामगार यूनियन के राज्य प्रधान सुखबीर सिंह, सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर, उप प्रधान रवि गुलिया, आशा वर्कर यूनियन की उप प्रधान अनीता भारद्वाज, नीलम जोशी, कुसुम लता आदि मौजूद थे। आशा वर्कर यूनियन



की जिला प्रधान हेमलता ने कहा कि सरकार को मांगों के प्रति घोर उपेक्षापूर्ण एवं तानाशाही रवैए के कारण हड़ताल बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर अब जनता के बीच जाकर रैलियां निकल रही है और जनता का समर्थन हासिल कर रही है। उन्होंने कहा कि आंदोलन और मांगों को लेकर जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक मांगों का समाधान नहीं होगा आंदोलन जारी रहेगा।

# केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से मिले विधायक नीरज शर्मा

**फरीदाबाद।** एनआईटी विधायक नीरज शर्मा ने एनआईटी विधानसभा की समस्यों को लेकर केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से दिल्ली में मुलाकत की। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा काफी समय से लगातार केन्द्रीय राज्य मंत्री से समय मांग जा रहा था लेकिन समय नही मिल रहा था। लेकिन कल शाम केन्द्रीय राज्य मंत्री से समय मिला और उनको एनआईटी विधानसभा की मुख्य समस्यों से अवगत करवाया।

विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि विधानसभा एनआईटी-86 के अंतर्गत गांव कोट, सिरोही, फतेहपुर तगा, टीकरी खेड़ा, धौज, मादलपुर, कुरैशीपुर, आलमपुर, खोरी जमालपुर, मांगर, सिलाखड़ी व अन्य गांव पड़ते है जिनके विकास कार्य अतिरिक्त उपायुक्त फरीदाबाद के पत्र क्रमांक 2641 दिनांक 2-09-2019 के तहत प्रबंधक निदेशक ग्रामीण विकास निधि प्रशासन बोर्ड चंडीगढ़ में काफी समय से लंबित पड़े हुए है जोकि आचार सहिंता लगने के कारण लंम्बित रह गए थे। उक्त विकास कार्यो की फाईल निदेशक पंचायत विभाग प्रधान सचिव पंचायत और उप मुख्यमंत्री से अनुमोदित होकर मुख्यमंत्री कार्यालय में लम्बित पडी है। इस मामले बारे मेरे द्धारा विधानसभा में प्रश्न संख्या 734 लगया गया था जिसपर जवाब दिया गया की 102 कार्यो के प्राकलन पंचायती राज सस्थाओं के माध्यम से उनके स्वंय के धन, स्त्रोतो से निष्पादित कराने के निर्देश के साथ दिनांक 6-4-2021 को वापिस भेज दिए गए। विधायक नीरज शर्मा ने केन्द्रीय राज्य मंत्री को बताया कि हरियाणा विधानसभा में पुनः प्रश्न संख्या 17 पूछा गया की 2019 से 30-05-2022 तक एचआरडीएफ स्कीम के तहत हरियाणा में कितना और एनआईटी विधानसभा में कितना फंड अलाट किया तो उसपर सरकार द्धारा जवाब दिया गया कि हरियाणा में 146.35 करोड रू अलाट किए गए, लेकिन एनआईटी विधानसभा में एक रूपया भी वर्षो में नही दिया।

# व्यापारी सम्मेलन को लेकर व्यापार मंडल ने की बैठक



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** व्यापार मंडल के प्रधान राम जुनेजा, बल्लभगढ़ व्यापार मंडल के प्रधान प्रेम खट्टर, फरीदाबाद से नवल आर्य, विनोद दुआ, पवन भाटिया, सागर दुआ ने 29 सितंबर को दौलत खान धर्मशाला फरीदाबाद में होने वाले व्यापारी सम्मेलन को लेकर बल्लभगढ़ की डिस्पेंसरी मार्केट में मीटिंग की।

इस मीटिंग का उद्देश्य व्यापारियों की समस्या को सरकार तक पहुंचाने के लिए हरियाणा व्यापार मंडल द्वारा आयोजित व्यापारी सम्मेलन, जिसमें सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, लक्ष्मी खेत्र पाल, गोपाल शर्मा जिला अध्यक्ष, विजय गुप्ता राज्य प्रधान, हरियाणा व्यपार मंडल को आमंत्रित किया है।

राम जुनेजा प्रधान हरियाणा व्यापार मंडल ने आए हुए सभी व्यापारियों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में व्यापारी सम्मेलन में पहुंचे। समस्या सरकार तक रखी जाएगी। उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि हम व्यापारियों की समस्या जल्द ही दूर होगी। यह व्यापारी सम्मेलन अपने आपमें एक अहम होगा।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**बुझाते क्यूं नहीं दोनों यूँ नफ़रत की अगन को ही**
**चलो महकाएँ मिलकर आज फिर से अंजुमन को ही**
**बढ़ेंगी दूरियाँ या फिर गलतफहमी कोई पनपी**
**पड़ेगा ख़ामियाजा तो भुगतना आमजन को ही**

# ई-ऑफिस पर प्रशिक्षण कार्यशाला में विद्यार्थियों को किया जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी बोस** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान गुरुग्राम के सहयोग से प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और कार्य प्रणाली में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई-ऑफिस पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों सहित 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने कागज रहित कुशल प्रशासनिक प्रणाली के महत्व पर बल देते हुए कहा कि ई-ऑफिस से कागजी कार्रवाई में कमी आयेगी तथा प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुव्यवस्थित होंगी, जिससे विश्वविद्यालय के कामकाज में पारदर्शिता आयेगी। ई-ऑफिस पर सिद्धांत और व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए हिपा, गुरुग्राम और




एनआईसी के संसाधन व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षण सत्र का संचालन पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. देवेंद्र सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, हिपा, गुरुग्राम, कश्मीर सिंह, ई-ऑफिस प्रशासक, फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी, कुशाग्र शर्मा, एनआईसी, दिल्ली और ज्योति गुप्ता, गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा किया गया, जिन्होंने ई-ऑफिस की विभिन्न विशेषताओं और लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम समन्वयक विशाल कुमार, सहायक कुलसचिव भी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण पारदर्शिता को बढ़ावा देने, जवाबदेही बढ़ाने और कार्यस्थल में अधिक समन्वय को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की महत्वपूर्ण पहल रही। ई-ऑफिस से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे ई-ऑफिस का परिचय तथा अनुप्रयोग, ई-फाइल, ई-ऑफिस में ड्राफ्ट बनाना, ई-हस्ताक्षर करना, फिजिकल फाइल को ई-फाइल में परिवर्तित करने आदि के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों से फीडबैक भी लिया गया। समापन पर कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।


## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा गौरव पुत्र सुरेन्द्र निवासी राजीव कॉलोनी, नियर पवन हस्पताल, बल्लबगढ़, फरीदाबाद दिनांक 30.08.2023 को अपनी मर्जी से कहीं चला गया है, जो अभी तक घर वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग सांवला, गोल चेहरा, हृष्ट-पुष्ट शरीर, बायें पैर पर चोट का निशान कद 5 फुट 9 इंच बा उम्र 19 साल है, मुकदमा नम्बर 781 दिनांक 15.09.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़के के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**थाना सेक्टर-58, फरीदाबाद : 9582200129, 9671717172**

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा आकाश गुप्ता पुत्र ममता गुप्ता निवासी मकान नम्बर-1314, प्रथम तल, सेक्टर-21डी, फरीदाबाद दिनांक 18.09.2023 को अपनी मर्जी से कहीं चला गया है, जो अभी तक वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, हृष्ट-पुष्ट शरीर, ठोड़ी पर तिल का निशान कद लगभग 5 फुट 11 इंच बा उम्र 33 साल है, जिसने नीले रंग की टी-शर्ट, नीले रंग की जीन्स व हाथ में घड़ी और पैरों में कोकस चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 368 दिनांक 19.09.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़के के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना एन.आई.टी., फरीदाबाद : 9582200125, 9582200151**

# कैंब्रिज पढ़ने जाएंगे श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के शिक्षक और छात्र

**विश्वविद्यालय में हुआ टाउन हॉल का आयोजन, विद्यार्थियों ने ली अनुशासन और निष्ठा की शपथ**

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**श्री विश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि हमारे तीन शिक्षक और तीन विद्यार्थी कैंब्रिज विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए जाएंगे। विद्यार्थियों और शिक्षकों को वैश्विक अवसर उपलब्ध करवाने के लिए हम कटिबद्ध हैं। वह विश्वविद्यालय में आयोजित टाउन हॉल में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थानों के साथ तालमेल स्थापित कर शैक्षणिक गुणवत्ता को वैश्विक स्तर पर लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय दूसरे विश्वविद्यालयों से कई लिहाज से अलग है।

अकादमिक विकास के साथ सीखने की प्रक्रिया को अधिक सशक्त किया जा रहा है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि डिग्री एक पासपोर्ट के रूप में काम करती है, लेकिन असली काबिलियत पढ़ाई के दौरान अनुभवों से आती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ किताबी ज्ञान के अलावा दूसरे मूल्यों को अपने व्यक्तित्व का हिस्सा बनाना चाहिए। सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट बनाने वाले विद्यार्थियों को एक लाख रुपये तक का इनाम दिया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अन्वेषण और आविष्कार का आह्वान किया।

डॉ. राज नेहरू ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की पढ़ाई किसी भी सूरत रुकने नहीं देंगे। इंडस्ट्री से स्कॉलरशिप का प्रावधान किया जा रहा है। विद्यार्थियों को चांसलर और वाइस चांसलर अवार्ड भी दिए जाएंगे। यहां विभिन्न खेलों के लिए मैदान बनेंगे। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स एकेडमी खोली जाएंगी। फुटबाल, क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हॉकी, वॉलीबाल और योग सहित विभिन्न खेल शुरू होंगे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर को ध्यान में रखते हुए खेल परिसर विकसित किया गया है।



कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि पैशन, पोसिबिलिट और पॉजिटिविटी से श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय आगे बढ़ रहा है। इसमें कुलपति के नेतृत्व की संकल्प शक्ति समाहित है। ज्योति राणा ने लैंगिक भेद के प्रति आगाह करते हुए कहा कि एक दूसरे का सम्मान करें। हमारे किसी भी कार्य दूसरे का हौसल नहीं टूटना चाहिए। कुलसचिव ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत से विश्वविद्यालय का नाम वैश्विक फलक पर जाएगा। उन्होंने कहा कि हौसलों में कमी न आने दें और स्वयं के लिए स्वयं को निवेश करें। विद्यार्थियों ने इस मौके पर अनुशासन की शपथ ली और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को बेहतरीन व सुंदर बनाने का संकल्प लिया। यह शपथ दिलाते हुए डॉ. नकुल ने विद्यार्थियों को आत्मानुशासन के लिए प्रेरित किया।

अकादमिक अधिष्ठाता प्रो. आरएस राठौड़ ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने कई बड़े परिवर्तन किए हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति डॉ. राज नेहरू ने केजी टू पीजी मॉडल अपनाने के साथ- साथ सीखने पर केंद्रित प्रोग्राम शुरू किए। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में जो अनुपम प्रयोग पहले से किए गए, उनकी ही झलक राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दिखाई देती है। प्रो. राठौड़ ने नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क को भी विस्तार से समझाया। प्रॉक्टर प्रो. सुरेश ने कहा कि अनुशासन बिना विद्यार्थी सफल नहीं हो सकता। दुनिया के सफलतम लोगों का अनुभव है कि वह हमेशा अनुशासन में रहे। इसीलिए प्रत्येक विद्यार्थी को जीवन में अनुशासन में रहना बहुत आवश्यक है। प्रो. सुरेश ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर के नियम कायदों से अवगत करवाते हुए रैगिंग से आगाह किया। प्लेसमेंट पा चुके पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव सांझा किए और अपनी सफलता के लिए आभार जताया।

# परिजनों ने युवती का शव लेने से किया मना, अस्पताल में किया प्रदर्शन

**पुलिस ने छह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हथीन** उपमंडल के गुराकसर गांव में फंदे पर लटकी मिली युवती के शव को लेने से बुधवार को परिजनों ने इंकार कर दिया है। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया था। बुधवार को अस्पताल पहुंचे परिजनों ने प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक शव लेने से मना कर दिया। हालांकि बाद में वे डीएसपी के आश्वासन पर मान गए।



हथीन थाना प्रभारी मुकेश कुमार के अनुसार, गुराकसर गांव निवासी श्रवण ने दी शिकायत में कहा है कि मंगलवार को उसकी 15 वर्षीय बेटी राखी को मुहरदीन ने अपने घर बुलाया था। कई व्यक्तियों ने उसके साथ मारपीट करने के बाद उनके घर में लाकर उसकी बेटी को फंदे पर लटका कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तोफीक, करीमा, सन्ना, मुनफेद व अंजुम के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया था। बुधवार को सुबह जब पुलिस शव का सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा रही थी, तभी मृतका के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

प्रदर्शनकारी हत्यारोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सूचना मिलते ही डीएसपी हथीन सुरेश भड़ाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजनों का कहना था कि शव तभी उठाएंगे जब आरोपी गिरफ्तार हो जाएंगे। डीएसपी ने परिजनों को समझाया।

## सीआईए पुलिस ने पकड़े तीन स्नेचर, बुजुर्ग महिलाओं को बनाते थे निशाना



**पलवल।** सीआईए पुलिस ने तीन स्नेचरों को दबोचा है। जिले में पिछले दो माह में महिलाओं के साथ हुई लूटपाट की घटनाओं को देखते हुए सीआईए की टीम लुटेरों की तलाश में जुटी हुई थी। गिरोह के तीनों सदस्य किसी वारदात को अंजाम देने के लिए जा रहे थे। सीआईए के सहायक उप निरीक्षक मेहरचंद के नेतृत्व में टीम ने तीनों को किठवाड़ी चौक पर दबोच लिया। एसपी डॉ. अंशु सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए सीआईए टीम मोहम्मद इलियास के नेतृत्व में जुटी हुई थी। टीम ने शहर व कैंप थाना क्षेत्र में पिछले दो माह में हुई लूटपाट की आधा दर्जन वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि 16 सितंबर को कमलेश बंसल से, 10 जुलाई को 65 वर्षीय पुष्पा नरुला से, 26 जुलाई को 69 वर्षीय शांति देवी से, 14 अगस्त को पुष्पा देवी व शीला देवी से और 13 सितंबर को ऊषा रानी से गिरोह के तीनों सदस्यों ने मंदिर से लौटते समय बाइक पर आकर कानों से कुंडल आदि लूटने की वारदात को अंजाम दिया। एसपी ने बताया कि सीआईए मेहरचंद के नेतृत्व में टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाले व खुफिया तंत्र की मदद लेकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में राजीव नगर निवासी दसवीं पास 26 वर्षीय जसवंत, 12वीं पास 21 वर्षीय कुणाल तथा कृष्णा कॉलोनी निवासी नौवीं पास 20 वर्षीय सचिन शामिल हैं। तीनों आरोपियों ने उन वारदातों को पुलिस पूछताछ में कबूल किया है। आरोपी बेरोजगार हैं और नशे के आदी हैं। अपनी नशा व अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए बुजुर्ग व महिलाओं को निशाना बनाकर वारदातों को अंजाम देते हैं।

## उद्योगों को के लिए डीजल जनरेटर के विकल्प के तौर पर अपनाएं सीएनजी-पीएनजी

**पलवल।** बुधवार को लघु सचिवालय में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में उद्योगों को चलाने के लिए डीजल जनरेटर के विकल्प के तौर पर सीएनजी-पीएनजी गैस कनेक्शन उपयोग करने पर बल दिया गया।

उपायुक्त नेहा सिंह ने आयोजित सेमिनार में अदानी टोटल गैस लिमिटेड पलवल के प्रतिनिधियों से कहा कि वे विभिन्न औद्योगिक कंपनियों द्वारा उठाये गए मुद्दों पर एवं जिला पलवल के अंतर्गत स्थित सभी प्रकार की औद्योगिक इकाइयों व सभी प्रकार के व्यापारिक एवं घरेलु संस्थानों में सीएनजी -पीएनजी के पेंडिंग कनेक्शन शीघ्र लगाने सुनिश्चित करें। जिससे सरकार द्वारा प्रदूषण से निपटने के लिए जारी दिशा निर्देशों एवं विद्युत के कट लग जाने के दौरान जिले में स्थित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों द्वारा डीजल जनरेटर के स्थान पर सीएनजी पीएनजी उपयोग करके इस प्रकार से सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन की अनुपालना सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि गैस पाइप लाइन बिछाने से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आने पर जिला प्रशासन को सूचित करें। जिससे संबंधित समस्या का समाधान किया जा सके। कार्यशाला में आगे जानकारी देते हुए विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों को इकाइयों को डीजल जनरेटर के स्थान पर सीएनजी से चलाने को प्रोत्साहित किया गया।

# एमसीएफ कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया जोरदार प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एमसीएफ** कर्मचारियों ने एमसीएफ कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उन्होंने एसीपी तुरंत लगाने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार व एमसीएफ को इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहने को कहा है। एमसीएफ कर्मचारियों ने बुधवार को अपनी एसीपी लगाने की मांग को लेकर सुबह से ही धरना-प्रर्दशन कर दिया।

इस अवसर पर कर्मचारी सरकार व एमसीएफ अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जगमाल कर्मचारी नेता ने कहा कि



कुछ अधिकारी उनकी एसीपी को लगाने में जानबूझ कर देरी कर रहे हैं। जिसकी वचह से उनको तनख्वाह कम मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एसीपी लगाने के लिए पहले से ही समय सीमा निर्धारित की हुई है। परंतु उसके बाद भी कुछ कर्मचारी जानबूझ कर कर्मचारियों को परेशान करने के लिए जानबूझ कर उनकी एसीपी लगाने के मामले को लटकाए हुए हैं। जिसका खामियाजा सैकड़ों कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। इस अवसर पर कर्मचारी नेता नरेश कुमार, दर्शन, भगतसिंह, दलीप कुमार, शिवकुमार शर्मा, सतीश, रामधन, राजकुमार, राकेश कुमार, राजेश कुमार, शमशेर, हरीचंद्र आदि कर्मचारी नेता भी मौजूद थे।

## सीए के छात्र पर तलवार और बीयर की बोतल से हमला

**फरीदाबाद।** तिलपत क्षेत्र में दिनदहाड़े बदमाशों ने लूटपाट के दौरान चाटर्ड अकाउंटेंट (सीए) के एक छात्र पर तलवार से हमला कर दिया। सिर पर बीयर की बोतल भी फोड़ी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पल्ला थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

मूलरूप से बिहार के दरभंगा जिला, गांव रमौली निवासी अमित झा (21) ने बताया कि तिलपत में परिवार के साथ किराए पर रहता है और सीए की पढ़ाई कर रहा है। 17 सितंबर को पल्ला अपने भतीजे से मिलने गया था। रास्ते में उसे रवि, दलीप, सोनू, ढिल्ला, एलियन, विक्की भाटी, हैप्पी ने हमला किया।

# वैश्य मोटरसाइकिल चेतना यात्रा का बल्लभगढ़ में हुआ जोरदार स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** प्रदेश वैश्य महासम्मेलन, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन एवं अग्रोहा विकास ट्रस्ट अग्रोहा धाम द्वारा एक अक्टूबर को जींद में आयोजित की जा रही वैश्य संकल्प रैली का निमंत्रण देने के लिए 15 सितंबर से अग्र युवाओं द्वारा आयोजित वैश्य चेतना मोटरसाइकिल यात्रा का बल्लभगढ़ पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।



यह जानकारी देते हुए हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस यात्रा का नेतृत्व हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष राजीव जैन, युवा प्रदेश अध्यक्ष मुनीश गोयल, प्रदेश महामंत्री लक्की सिंगला, ललित महाजन व राहुल गर्ग कर रहे हैं। यात्रा के चावला कॉलोनी पहुंचने पर सर्वप्रथम अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ द्वारा तिलक लगाकर एवं पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। अग्रवाल समिति की ओर से अध्यक्ष जितेंद्र सिंगला, महासचिव लोकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष घनश्याम मित्तल, ललित गोयल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने स्वागत किया। मनोज अग्रवाल ने कहा कि इस यात्रा में सहयोग के लिए श्री वैश्य अग्रवाल समाज के अध्यक्ष भगवान दास गोयल, उपाध्यक्ष कन्हैया गोयल, जयकिशन गर्ग, कोषाध्यक्ष नरेश मंगला का वैश्य महासम्मेलन आभार व्यक्त करती है। मनोज अग्रवाल ने अग्रसेन भवन में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत देश के विकास में अगर सर्वाधिक योगदान किसी समाज का रहा है तो वह है वैश्य समाज। भारत को अतुल्य भारत बनाने में वैश्य समाज का अतुलनीय योगदान रहा है। हर परिस्थिति में, हर कठिनाई में वैश्य समाज के पुरोधाओं ने अपना सर्वस्व त्याग कर देश सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी है। जब देश सेवा और देश भक्ति की बात आती है तो समाज मदद करता है।

## रामलीला की तैयारियों में जुटे कलाकार

**फरीदाबाद।** श्री धार्मिक लीला कमेटी की ओर से रामलीला के लिए कलाकारों से रिहर्सल करना शुरू कर दिया है। 14 अक्तूबर से रामजन्म के साथ रामलीला का शुभारंभ होगा। कमेटी के प्रधान तेजिंद्र खरबंदा ने कहा कि इस बार रामलीला को ओर ज्यादा भव्य करने के लिए आधुनिकता का प्रयोग किया जाएगा।

रामलीला के निर्देशक हरीश चंद्र आजाद ने बताया कि कलाकार अपनी कला को निखारने के लिए 27 दिनों तक लगातार अभ्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि मंगलवार को हनुमान और मेघनाथ के संवादों का अभ्यास करवाया गया। हनुमान का किरदार निभा रहे रोहित खरबंदा इस रोल को दो वर्षों से निभा रहे हैं। उन्हें रामभक्त हनुमान की मधुर आवाज का अभ्यास करवाया गया, क्योंकि हनुमान जी अपनी मधुर आवाज से ही सबका दिल जीतते थे। इसी तरह मेघनाथ को अभिनय कर रहे पंकज बत्रा रामलीला में दर्शकों पर छाप छोड़ते हैं।

## 25 सितंबर को अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में लगेगा रोजगार मेला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**डॉ. बीआर** अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल में आगामी 25 सितंबर को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले को सफल बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के कांफ्रेस हॉल में जिले के अधिकारियों व पलवल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि 25 सितंबर को सुबह 11 बजे डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल में जिला स्तर पर विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले की अध्यक्षता केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर करेंगे। इस मेले में बेरोजगार प्रार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा स्वरोजगार के लिए युवाओं को कौशलपूर्ण प्रशिक्षण द्वारा काबिल बनाने हेतु प्रयास किए जाएंगे। जिससे वे आत्मनिर्भर बन देश के विकास में अपना योगदान प्रदान कर सकें। रोजगार मेले में जिला पलवल व नजदीकी जिलों की कम्पनियां भाग लेगी। प्रार्थियों की शैक्षणिक योग्यता और अनुभव के आधार पर रोजगार प्रदान किया जाएगा। बैठक में पलवल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के सदस्यों के द्वारा इस रोजगार मेले में अधिक से अधिक उद्योगों को भाग लेने बारे में आश्वासन दिया गया। उनके द्वारा उद्योगों में आईटीआई पास छात्रों की डिमांड बताई गई, जिस पर आईटीआई पलवल के प्रधानाचार्य भगत सिंह को उपायुक्त द्वारा उद्योगों की डिमांड अनुसार छात्रों को रोजगार मेले में भाग लेने के लिए कहा गया। संयुक्त निदेशक जिला उद्योग केंद्र पलवल व सहायक निदेशक एमएसएमई को इस मेले में अधिक से अधिक उद्योगों को भाग लेने बारे में उपायुक्त द्वारा दिशा निर्देश दिए गए।

# संक्षिप्त समाचार

## हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स ने लगाया रक्तदान शिविर



**पलवल।** गांव बरौला के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों ने रक्तदान करके अपना योगदान दिया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल ने फोन पर जानकारी ली तथा ऐसे आयोजनों की सराहना की। स्काउटिंग के जिला सचिव रिशाल सिंह ने बताया कि रक्तदान महादान है, ऐसे कार्यों को पर्व के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने बताया कि वह 20वीं बार रक्तदान कर रहे हैं। ऐसा करके आत्मसंतुष्टि मिलती है। शिविर में 21 लोगों ने रक्तदान किया। नवजीवन चेरिटेबल ब्लड बैंक की टीम ने डॉक्टर प्रमोद सोलंकी के नेतृत्व में सहयोग कार्य किया। स्काउटिंग से सुंदर बहरोला तथा गांव के युवा लड़कों ने शिविर में भाग लिया। जिसमें रविंद्र, जगवीर, सोनू सरपंच, गोपाल, मनोज, सुनील आदि शामिल रहे।

## पलवल में नाबालिग का अपहरण, पुलिस ने किया बरामद

**पलवल।** जिले के नंगला कानपुर से बाइक सवार व्यक्ति 15 वर्षीय लड़के का अपहरण करके ले गया। लड़के ने मोबाइल पर एक रिकॉर्डिंग भेजी कि मुझे बचा लो, मुझे बाइक पर अपहरण करके ले जा रहे हैं। परिजनों ने मामले की सूचना व रिकॉर्डिंग तुरंत पुलिस को दी। पुलिस तुरंत एक्शन में आ गई और बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। हसनपुर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि नंगला कानपुर निवासी सद्दाम ने दी शिकायत में कहा कि उसका चचेरा भाई साढ़े आठ बजे घर से बैठक की तरफ जा रहा था। लेकिन जब वह घर से करीब 200 मीटर दूर पहुंचा तभी बाइक पर अज्ञात व्यक्ति उसका अपहरण करके ले गए। लेकिन इसकी जानकारी परिजनों को नहीं थी। उसी दौरान लड़के ने एक रिकॉर्डिंग भेजी, जिसमें कह रहा है कि मुझे बचा लो मुझे बाइक पर अपहरण करके ले जा रहे हैं। पुलिस ने तुरंत शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम आरोपियों व लड़के की तलाश में जुट गई। जांच इकाई ने साइंटिफिक एवं साइबर तकनीकी का इस्तेमाल करते हुए 24 घंटे के अंदर ही अपहृत नाबालिग लड़के को मोहरू का नंगला के जंगलात से सकुशल बरामद कर लिया। लेकिन आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। एसपी डॉ. अंशु सिंगला ने टीम के सदस्यों की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की।

## उज्बेकिस्तान ओपन के स्वर्ण पदक विजेताओं का किया सम्मान

**फरीदाबाद।** उज्बेकिस्तान में हाल ही में संपन्न हुई अंतर्राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग ओपन चैंपियनशिप में फरीदाबाद की दो बेटियों जसमीत कौर व जीवन ज्योत कौर को उनकी अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने उनका सम्मान किया। जसमीत कौर ने लड़कियों के अंडर 50 कैटेगरी व जीवन ज्योत कौर ने महिला अंडर 60 कैटेगरी में विश्व के अन्य देशों की खिलाड़ियों से मुकाबला करते हुए स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए अपने कोच, फरीदाबाद किक बॉक्सिंग के अध्यक्ष, अपनी माता, अपने नाना, जसमीत कौर ने डीपीएस सेक्टर-81 स्कूल व जीवन ज्योत ने अपने लॉ कॉलेज का धन्यवाद जताया। सम्मानित करने वालों में फरीदाबाद के कुछ गुरुद्वारों के प्रधान, संगत व जगजीत कौर पन्नू, सरदार इंदरपाल सिंह, सरदार आत्मा सिंह, सरदार सक्कतर सिंह, सरदार जसविंदर सिंह बिट्टू, सरदार सल्विंदर सिंह, सरदार कुलदीप सिंह, जसविंदर कौर, विंग कमांडर सतिंदर दुग्गल मौजूद रहे। दो अक्टूबर को डबुआ स्थित गुरुद्वारा साहिब में बेटियों व उनकी माता के लिये सम्मान समारोह आयोजित करने का फैसला लिया गया।

## अवैध कॉलोनियों को नियमित करवाने का विवरण किया प्रस्तुत

**पलवल।** जिला परिषद पलवल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में गत दिवस जिला सचिवालय के सभागर में नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग की जिला स्तरीय जांच समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला के नगर परिषद एरिया से बाहर के क्षेत्र में स्थित करीब 50 अवैध कॉलोनियों को वहां पर रह रहे लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से इन्हें वैध करवाने के लिए गठित टीम के समक्ष विवरण प्रस्तुत किया गया। उल्लेखनीय है कि नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा की ओर से गत 19 जुलाई 2022 को नगर परिषद की सीमा से बाहर की अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के लिए पॉलिसी अनुसार जिला स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया था, जिसमें जिला स्तर पर सभी अवैध कॉलोनियो की नियमानुसार जांच करते हुए उसकी प्रस्तावना को उच्च अधिकारियो को भेजने के लिए अपनी सहमति प्रदान करनी होती है। इसी उद्देश्य से सोमवार को नगर परिषद की सीमा से बाहर स्थित अवैध कॉलोनियो की जांच करने के उपरांत अपनी सहमति दर्ज कराने हेतु बैठक बुलाई गई।

## संतुलित आहार अच्छे स्वास्थ्य का आधार : मनचंदा

**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय पोषक माह के अंतर्गत विद्यार्थियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने कहा कि पोषण मास के अंतर्गत उचित पोषण के महत्व और भूमिका पर प्रकाश डाला जा रहा है। आवश्यक पोषक तत्वों और कैलोरी के संयोजन के साथ संतुलित आहार मानव शरीर के सुचारू कार्य करने और विकास के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

## जुआ खेल रहे 10 आरोपियों को किया काबू

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी जगमिंदर सिंह की टीम ने 10 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते सहित 3 लाख 770 रुपए नकद बरामद किए गए हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर फरीदाबाद में जुआ अधिनियम के तहत 10 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में साजिद, मुकेश, दीपक, जितेंद्रए तरुण, मनोज, तुलसीराम, संजय, हरजीत तथा सोनू का नाम शामिल है।

## एसआरएस स्कूल की अनिका ने जीता कांस्य पदक



**फरीदाबाद।** सेक्टर-88 स्थित एसआरएस इंटरनेशनल की छात्रा अनिका गुप्ता ने एसजीएफआई खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अनिजा गुप्ता ने सोनीपत में चल रही 56वीं एसजीएफआई प्रतियोगिता के तहत मुक्केबाजी प्रतियोगिता में शहर व विद्यालय का नाम रोशन किया है। अनिका ने अंडर 17 आयुवर्ग के 80 किलोग्राम से अधिक भार के बालिका वर्ग में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। अनिका की इस सफलता पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल, प्रधानाचार्या कृष्णा मिश्रा, विद्यालय प्रबंधक तेज प्रकाश पांडेय और समस्त विद्यालय स्टाफ ने शुभकामनाएं दी हैं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर स्कूल के एमडी विनय गोयल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को न केवल उजागर करती हैं, बल्कि उनके अंदर आत्मविश्वास भी पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि अनिका की इस उपलब्धि से पूरा स्कूल गौरवान्वित है। उन्होंने विनय गोयल के परिजनों को भी बधाई दी।

# हनुमान चालीसा में निहित है जीवन का वास्तविक सार: बोधराज सीकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बोधराज** सीकरी की हनुमान चालीसा मुहिम के तहत ब्लिस बैंक्वेट हॉल के मालिक संजीव कुमार द्वारा श्री हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन करवाया गया। यहां पंचमुखी हनुमान जी के दरबार की छवि देखते ही बन रही थी। सायं लगभग 7 बजे संजीव कुमार ने अपने पूरे परिवार के साथ पूजा-अर्चना की व पूजा के पश्चात सीकरी ने संजीव कुमार के पूरे परिवार के साथ मिलकर ज्योत प्रचंड की। गजेन्द्र गोसाई द्वारा 21 बार श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उनके साथ पं. भीमदत्त ज्योतिषाचार्य सभी ने मिलकर 21-21 बार श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया।

## परिसर में सभी ने मिलकर 21-21 बार श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया

जामपुर बिरादरी के शिव मंदिर ईस्ट ऑफ कैलाश में भी पचास लोगों ने 5-5 बार श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके पश्चात प्रताप नगर के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन में सीकरी की अगुवाई में शाम को 100 लोगों के द्वारा 5-5 बार श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। 49वें श्री हनुमान चालीसा के पाठ की कुल संख्या पिछली संख्या को मिलाकर 3,19,464 व साधकों की संख्या 21,667 हो गई है। संजीव कुमार के पूरे परिवार द्वारा वहां उपस्थित सभी साधकों पर गुलाब के फूलों की वर्षा की गई। डॉक्टर अलका जी की गरिमायुक्त उपस्थिति रही। इस अवसर पर यजमान संजीव कुमार चेयरमैन की पत्नी सरीना, अभिनव, रोहित, सुमन धीमान ओम प्रकाश कथूरिया, प्रमोद सलूजा, धर्मेंद्र बजाज, राम लाल ग्रोवर, अनिल कुमार, किशोरी लाल डुडेजा, रमेश कामरा, रमेश कालरा, सुभाष अरोड़ा, एके धीर, गिरिराज ढींगरा, केके गांधी, अनिल मनचंदा, जगदीश बंसल, हरीश बेकरी के मालिक दविंदर, पूजा खेत्रपाल, पूनम भटनागर, पालम विहार के शेखर तनेजा और उनकी टीम, रमेश चुटानी, रवि मनोचा, सुभाष नागपाल, सुखदेव, राजेश गाबा, रमेश मुंजाल, रूपम, नरिंदर कथूरिया, ओपी गाबा, दमन दीवान, ज्योत्सना बजाज, ज्योति बजाज, पुष्पा नासा, रचना बजाज, सीमा कपूर, निशी मोंगिया, सिमरन बजाज, शशि बजाज, सरोज चुटानी, सुरेश सीकरी व अन्य जन मौजूद रहे।


हनुमान चालीसा कार्यक्रम में चालीसा पाठ के बाद आरती करते बोधराज सीकरी व अन्य।

# औद्योगिक इकाइयों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निपटान करें विभाग

## आईएमटी क्षेत्र की बेहतरी के लिए विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर की विस्तृत चर्चा मुख्य सचिव ने की

## संजीव कौशल से आईएमटी एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात


गुरुग्राम के आईएमटी मानेसर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करते मुख्य सचिव संजीव कौशल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आईएमटी** मानेसर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल के गुरुग्राम दौरे के दौरान उनसे मुलाकात कर आईएमटी क्षेत्र की बेहतरी के लिए विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मानेसर निगम कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान हरियाणा पावर यूटिलिटीज के चैयरमेन पी के दास, हरियाणा के उत्पाद एवं कराधान आयुक्त अशोक कुमार मीणा, एचएसआईडीसी के एमडी डॉ. यश गर्ग गुरुग्राम के डीसी निशांत कुमार यादव, मानेसर के निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य सचिव ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से विस्तृत चर्चा करने उपरांत संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश की आर्थिक उन्नति के सबसे प्रमुख जिले गुरुग्राम में आईएमटी मानेसर का महत्वपूर्ण योगदान है। ऐसे में यहां कार्यरत औद्योगिक इकाइयों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निपटान किया जाए। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, स्ट्रीट लाइट, कूड़ा उठाने जैसी आदि मूलभूत सुविधाओं के निर्माण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाए जाएं, ताकि औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिल सके। एसोसिएशन के साथ आयोजित बैठक में ग्रीनबेल्ट, बस स्टॉप पर शौचालय निर्माण, ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार, आईएमटी क्षेत्र में पब्लिक ट्रांसपोर्ट में बढ़ोतरी आदि मुद्दे प्रमुखता से उठाये गये।

मुख्य सचिव ने आईएमटी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर ग्रीनबेल्ट में किए गए विकास कार्यो की प्रशंसा करते हुए एचएसआईडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईएमटी क्षेत्र में ग्रीनबेल्ट में जो भी विकास कार्य हुए हैं, उसकी एक वीडियो फ़िल्म तैयार की जाए। फिल्म में आईएमटी क्षेत्र के योगदान का भी उल्लेख किया जाए। मुख्य सचिव ने निगमायुक्त को निर्देश दिए कि आईएमटी क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को अपग्रेड कर उन्हें नया स्वरूप देने की आवश्यकता है। ऐसे में एसोसिएशन के जो भी आवश्यक सुझाव है उन पर प्राथमिकता के साथ कार्य योजना तैयार करें। बैठक में गुरुग्राम के चीफ प्रोटॉकल अधिकारी वत्सल वशिष्ठ, एचएसआईआईडीसी के एस्टेट मैनेजर सुनील पालीवाल, संयुक्त आयुक्त दिनेश, डीएचबीवीएन के सर्कल वन के अधीक्षक अभियंता एमएल रोहिल्ला, आईएमटी एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल मुखी सहित एसोसिएशन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# श्रद्धांजलि सभा में जरूरतमंद परिवारों को सौंपा राशन


गुरुग्राम में डेरा प्रेमी दिवंगत रवि मनचन्दा की नाम चर्चा में शामिल लोग व जरूरतमंद परिवारों को राशन किट भेंट करते परिवारजन।

## 26 साल से डेरा सच्चा सौदा से जुड़े रहे रवि मनचन्दा

**गुरुग्राम।** 26 साल पहले डेरा सच्चा सौदा से जुड़े समाजसेवी रवि मनचन्दा सांसारिक जीवन को पूरा करके मालिक के चरणों में जा विराजे हैं। बुधवार को उनकी श्रद्धांजलि सभा वैश्य समाज धर्मशाला सेक्टर-4 में हुई। इस दौरान परिवार की तरफ से दो जरूरतमंद परिवारों को राशन देकर सहायता की गई।

रवि मनचन्दा पुत्र ओमप्रकाश मनचन्दा का 16 दिसम्बर 1966 को जन्म हुआ था। 17 सितम्बर 2023 को 56 साल की उम्र में उनका निधन हुआ। अपने पीछे वे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। असमय उनका चले जाना परिवार के लिए भारी क्षति है। उनके बेटे देवेश मनचन्दा व एडवोकेट नितेश मनचन्दा ने बताया कि वे अस्वस्थ हुए थे। इस कारण उनका निधन हो गया। रवि मनचन्दा के पिता ओमप्रकाश मनचन्दा की उम्र 80 साल से अधिक है। उनके सामने बेटे का चले जाना उन पर भी दुखों का पहाड़ टूटने के समान है। बुधवार को दिवंगत डेरा प्रेमी रवि मनचन्दा की वैश्य समाज धर्मशाला सेक्टर-4 में हुई नाम चर्चा (श्रद्धांजलि सभा) में परिवार, रिश्तेदारों के साथ समाज के मौजिज लोगों ने शिरकत की। डेरा सच्चा सौदा प्रबंधन से सीपी अरोड़ा, गोभी राम आदि भी नाम चर्चा में पहुंचे। बेहद ही मृदुभाषी, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी रहे स्वर्गीय रवि मनचन्दा को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गई। समाज के लोगों ने उनके जाने के खालीपन को कभी ना भरने वाला बताया।

# संक्षिप्त समाचार

## गणेश चतुर्थी मनाने के साथ रामलीला के पात्रों ने किया पूजन


श्रीदुर्गा रामलीला के मंचन के लिए पूजन करते कलाकार व रामलीला कमेटी के सदस्य।

**गुरुग्राम।** श्री गणेश चतुर्थी के साथ ही शहर में रामलीलाओं की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में श्री दुर्गा रामलीला कमेटी की ओर से गणेश चतुर्थी पर पूजन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने भी पूजन किया। 58वें साल भी रामलीला भव्यता से मंचित की जाएगी। इस बार रामलीला 13 अक्टूबर से शुरू होगी। श्री दुर्गा रामलीला कमेटी में पुराने कलाकारों के साथ उभरते कलाकारों को भी मौका दिया जा रहा है। इसकी तैयारियों में मंगलवार को विधि-विधान के साथ गणेश पूजन किया गया। सभी पात्रों को धागा बंधन किया गया। इस अवसर पर प्रधान कपिल सलूजा, सचिव अशोक प्रजापति ने कहा कि रामलीला की हर तरह से तैयारियां की जा रही हैं। रामलीला स्थल की साज-सज्जा पर काम किया जा रहा है। मंच को बेहतर बनाया जाएगा। इस पर भी काम हो रहा है। उन्होंने स्वरूप कलाकारों से कहा कि ब्रह्मचर्य का पालन करें, तामसी भोजन का त्याग करें, जमीन पर सोएं। रामलीला कमेटी के प्रेस प्रवक्ता राजकुमार सैनी के मुताबिक पिछले साल से भी बेहतर लीला इस बार दिखाई जाए। इस वर्ष बेहतरीन लीला के साथ आकर्षक झांकियां भी दिखाई जाएंगी। इस अवसर पर सभी कलाकार व कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य जांच व कल्याण योजना नामांकन शिविर जारी


नगर निगम की ओर से शिविर में जांच कराते लोग।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता सैनिकों व सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच और उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए नामांकित करने हेतु विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। बुधवार को सेक्टर-15 पार्ट-1 में कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में जोन-2 क्षेत्र के स्वच्छता सैनिकों व सफाई मित्रों ने अपने स्वास्थ्य की व्यापक जांच करवाई। इसमें ब्लड प्रैशर, एचबी, बीपी, शूगर, आंखें व दांतों की भी जांच की गई। चिकित्सकों द्वारा चिकित्सीय परामर्श भी निशुल्क उपलब्ध करवाया गया। इसके अलावा कैंप में स्वच्छता सैनिकों व सफाई मित्रों के लिए सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम जीवन सुरक्षा बीमा योजना व पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना की जानकारी दी गई तथा मौके पर ही उन्हें इन योजनाओं के लिए एनरोल किया गया। इन लाभकारी योजनाओं में श्रमिकों के नामांकन में सहायता और सुविधा के लिए समर्पित कर्मी शिविर में मौजूद रहते हैं। सामुदायिक केन्द्र सेक्टर-45 तथा शुक्रवार को सामुदायिक केन्द्र बादशाहपुर में इन विशेष कैंपों का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य उन श्रमिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देना है, जो गुरुग्राम में स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों पर चला पुलिस का डंडा

**गुरुग्राम।** रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस का डंडा चला। पुलिस ने डेंजरस ड्राइविंग व रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के चालान काटकर 4.37 लाख रुपये जुर्माना वसूला। पुलिस उपायुक्त यातायात विरेंद्र विज के निर्देशानुसार डेंजरस ड्राइविंग वा रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। यातायात नियमों की अवहेलना करने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए चालान किए गए। इस विशेष अभियान के दौरान यातायात पुलिस की पुलिस टीमों द्वारा डैंजरस ड्राइविंग करने वाले 70 वाहनों/मालिकों के तथा रॉन्ग साईड ड्राइविंग करने वाले 149 वाहनों/मालिकों सहित मोटर व्हीकल अधिनियम के कुल 219 चालान किए गए। जिनकी जुर्माना राशि 4 लाख 37 हजार 500 रुपए है। विरेंद्र विज ने कहा कि गुरुग्राम द्वारा समय-समय पर यातायात की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर नियमानुसार कार्यवाही की जाती है। इस तरह के विशेष अभियान यातायात पुलिस द्वारा भविष्य में भी चलाए जाते रहेंगे। उन्होंने वाहन चालकों/रोड यूजर्स से अपील की कि सदैव यातायात नियमों की पालना करें, जिससे किसी भी तरह के जान-माल की हानि ना हो। यातायात का संचालन सुगम व व्यवस्थित रहे। डेंजरस ड्राइविंग/रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने से प्रत्येक साल हजारों एक्सीडेंट होते हैं, जिसमें लोगों की जान चली जाती है। इन सभी होने वाली दुर्घटनाओं पर भी ऐसे अभियानों को चलाकर अंकुश लगाया जा सकता हैं।

## सड़क हादसे में व्यक्ति घायल

**सोहना।** सड़क किनारे पैदल चल रहा व्यक्ति को बाइक सवार ने टक्कर मारते हुए घायल कर दिया। घायल व्यक्ति को पहले सोहना और बाद में गुरुग्राम के सेक्टर दस के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने पीडित व्यक्ति के पुत्र द्वारा हादसे से 15 दिन बाद दी गई शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

# विधायक ने लोगों को जूस पिलाकर किया नशा छोड़ने का आह्वान

## दूध-दही खाने वाले हरियाणा में नशों की जगह नहीं: विधायक सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के मदनपुरी में नशों के प्रति जागरुकता के लिए जूस बांटते विधायक सुधीर सिंगला।

**नशे** को कहें-ना, जूस को कहें-हां। इस स्लोगन के साथ तीन स्थानों मदनपुरी भगवती माता मंदिर, अर्जुन नगर आर्य समाज मंदिर व राम नगर श्री साईं मंदिर से पूजन एवं जूस प्रसाद वितरण से 11 दिवसीय (20 से 30 सितम्बर तक) नशा मुक्ति हरियाणा बनाने के लिए नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की गई। गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने स्वयं लोगों को जूस पिलाकर नशों से दूर बनाए रखने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पहल एवं महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव की प्रेरणा से समाजसेवी डॉ. परमेश्वर अरोड़ा ने यह नशा मुक्त हरियाणा अभियान शुरू किया है। इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जो हरियाणा दूध-दही के खाने से दुनियाभर में प्रसिद्ध है, वहां पर नशों के लिए कोई जगह नहीं है। विशेषकर युवा पीढ़ी को चाहिए कि वह नशों का त्याग करें, नशों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं ने दूध-दही खाकर दुनिया में पहलवानी का दम दिखाया है।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आमजन ड्रग फ्री हरियाणा बनाने में नशों से दूर तो रहे, साथ ही इस अभियान में हरियाणा सरकार का साथ दें। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा को ड्रग फ्री बनाने का बीड़ा उठाया है। जब तक युवा स्वयं इस अभियान के भागीदार नहीं होंगे, तब तक कामयाबी नहीं मिलेगी। हर युवा अपने भविष्य की चिंता करे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हरियाणा में ड्रग को लेकर बड़े पैमाने पर सरकार जो अभियान चला रही है, उसमें युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी देखकर खुशी होती है कि हमारे युवा कितने जागरुक हैं। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ केशव शर्मा, श्रवण आहुजा अर्जुन मंडल अध्यक्ष, राम शर्मा, अरविंद शर्मा, अक्षय वत्स, अनिल कुमार समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर 25 से 29 सितंबर तक सफाईकर्मी करेंगे भूख हड़ताल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के सफाई कर्मियों का अपनी मांगों को लेकर दूसरे नि भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। सफाई कर्मियों ने मांगें पूरी न होने तक सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान किया है।

बुधवार की दोपहर बाद नगर परिषद के स्थाई व अस्थाई सफाई कर्मी परिषद कार्यालय में एकजुट हुए। सभी सफाई कर्मियों ने परिषद कार्यालय पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिसमें देख लिया और देख लेंगे का नारा भी लगाया गया। जिसका सीधा सकेंत आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव को निशाना साधा गया। सफाई कर्मियों ने मंगलवार को काले झंडे व झाडू हाथ में लेकर विरोध प्रदर्शन किया। आज का यह धरना प्रदर्शन यूनिट उपप्रधान ललित की अध्यक्षता में किया गया। उन्होने कहा कि संघर्ष कभी फेल नहीं होते। लेकिन अधिकार सरकार से लेना मूल अधिकार है। ललित ने कहा कि राज्य सरकार को बहुत ही जल्द सफाई कर्मियों की शक्ति का अंदेशा हो जाएगा।


बुधवार को सोहना नगर परिषद के सफाई कर्मी अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

**25 से 29 सितम्बर भूख हड़ताल :** आज के आंदोलन की अगवाई कर रहे उपप्रधान ललित ने बताया कि यूनियन का प्रदेश स्तर से उन्हे 25 से 29 सितम्बर तक भूख हड़ताल पर बैठने का आदेश मिल गया है। हर दिन पांच सफाई कर्मी नगर परिषद कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठेंगे। उसके बाद यूनियन मांग पूरी न होने पर रणनीति बनाएगी।

**सर्व कर्मचारी संघ का मिला सहयोग :** सफाई कर्मियों के आंदोलन को सर्व कर्मचारी संघ के यूनिट प्रधान प्रेमपाल अपने साथियों के साथ पहुंचकर सहयोग की दिया। प्रेमपाल ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों को मनवाने के लिए सरकार से कड़ी से कड़ी टक्कर लेने के लिए तैयार है। उन्होने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार कई बार कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दे चुकी है। लेकिन वायदें पर आज तक खैरी नही उतरी है। लेकिन कर्मचारियो की ताकत आने वाले चुनाव में दिखाई जाएगी।

# ट्रूकॉलर ने ब्रांड की नई पहचान और धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए पहले से बेहतर एआई आईडेंटिटी फीचर्स को लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। बेंगलुरु






**ट्रूकॉलर** ने आज कॉर्पोरेट रीब्रांडिंग और एक नए ऐप आइकन के लॉन्च की घोषणा की, जिसे गूगल प्ले स्टोर तथा एप्पल ऐप स्टोर पर तुरंत पहचाना जा सकेगा। ब्रांड की नई पहचान को एकदम सही समय पर पेश किया जा रहा है, जो डिजिटल क्षेत्र में हो रहे महत्वपूर्ण बदलावों के अनुरूप है। ट्रूकॉलर के उद्देश्य, ऊर्जा और उत्साह की नई भावना ही इस रीब्रांडिंग की बुनियाद है।

इस घोषणा के बारे में बताते हुए एलन ममेदी, सह-संस्थापक एवं सीईओ, ट्रूकॉलर, ने कहा, "हमें अपने ब्रांड की नई पहचान और लोगो को लॉन्च करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह दर्शाता है कि हम अपने यूजर्स से किए गए वादे को पूरी तरह निभा रहे हैं, साथ ही हर दिन लगातार विकसित और बेहतर होने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, सभी के लिए संचार को सुरक्षित बनाना ही हमारा मिशन है, जो हमें लोगों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए सर्च कॉन्टेक्स्ट जैसे नए-नए सॉल्यूशंस विकसित करने और यूजर्स की गोपनीयता को बेहतर बनाने के लिए इंजीनियरिंग में सुधार करने की प्रेरणा देता है।

ट्रूकॉलर के यूजर्स को ब्रांड की नई पहचान के साथ-साथ एकदम नया व दमदार एंटी-फ्रॉड फीचर भी मिलता है, जिसे सर्च कॉन्टेक्स्ट का नाम दिया गया है और यह ट्रूकॉलर एआई आइडेंटिटी इंजन का एक हिस्सा है। किसी भी नंबर के सर्च रिजल्ट्स को देखते समय, ट्रूकॉलर के यूजर्स को तुरंत सूचित किया जाएगा कि नंबर का नाम हाल ही में बदला गया है या बार-बार बदला जा रहा है। यह ऐप इस उपयोगी संदेश को तीन अलग-अलग रंगों में भी बांटता है। नीला रंग न्यूट्रल चेंज, यानी सामान्य बदलाव को दर्शाता है। पीला, जो संभावित रूप से संदिग्ध हो सकता है यदि नाम पिछले सात दिनों में तीन से अधिक बार बदला गया हो और अंत में लाल रंग कई बार और लगातार नाम में बदलाव को दर्शाता है, जो काफी हद तक धोखाधड़ी और स्कैम से जुड़ी गतिविधियों का संकेत देता है।

ट्रूकॉलर के सभी यूजर्स को एंड्रॉइड, आईफोन और ट्रूकॉलर वेब पर सभी सर्च रिजल्ट में यह संदेश दिखाया जाएगा। ब्रांड की नई पहचान को दुनिया की सबसे बड़ी ब्रांड कंसल्टेंसी, इंटरब्रांड द्वारा तैयार किया गया है और इसे आने वाले हफ्तों में दुनिया भर में लॉन्च किया जाएगा।

# संस्कृत मॉडल स्कूल में असामाजिक तत्व युवक कर रहे छात्रों की पिटाई

**सोहना।** शहर के राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रधानाचार्य ने एसीपी को पत्र लिखते हुए पुलिस सहायता दिए जाने की मांग की है। स्कूल परिसर में असामाजिकतत्व प्रवृति वाले युवक स्कूल छात्रों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।

बुधवार को शहर के संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेडरी स्कूल प्रधानाचार्य सुरेन्द वर्मा ने सोहना एसीवी नवीन संधू को पत्र लिखा है। जिसमें प्रधानाचार्य ने सुबह 7 से दोपहर बाद 3 बजे तक पुलिस सहायता की मांग की है। वर्मा ने एसीपी को लिखा पत्र में कहा कि नये भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसके कारण स्कूल में सामग्री आने के लिए अलग से द्वार बनाया हुआ है। जिसे दिन के समय में बंद नहीं किया जा सकता। उक्त द्वार से कॉलेज में पढ़ने वाले कुछ असामाजिक प्रवृति के युवक स्कूल परिसर में घुस आते हैं। ये असामाजिक प्रवृति के युवक विद्यार्थियों के बीच आपसी झगड़े करवाते है। जरुरत पड़ने पर स्वयं ही स्कूली छात्रों को पिटकर चले जाते है। इससे से भी संतुष्ट न होने पर स्कूल सुबह लगने व छुट्टी के दौरान स्कूल चार दीवारी से बाहर खड़े हो जाते है। जिनका पिछले चार दिन से स्कूली छात्रों को पिटने व आपसी झगड़ा कराने की नीति चल रही है।

**सोशल मिडिया की मदद :** स्कूल प्रधानाचार्य उक्त असामाजिक प्रवृति के युवक की फोटो व एसीपी को लिखा पत्र डालते हुए उनके अभिभावकों को चेताया है। स्कूल प्रशासन जल्द आरोपी असामाजिक तत्व युवकों के खिलाफ शहर थाना पुलिस को लिखित में शिकायत देते हुए मामला दर्ज कराने की चेतावनी दी है। सोशल मिडिया पर आरोपी युवकों की फोटो डालने से मतलब उनके अभिभावकों तक संदेश पहुचाना है। आरोपी युवक दमदमा के सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पढ़ता है। उक्त छात्र अपने साथ कॉलेज के विद्यार्थियों को लेकर स्कूल में पिछले 3-4 दिन से लगातार आ रहा है।

# अनाज मंडी में लगे गंदगी के ढेर, लोगों को जानलेवा बीमारी फैलने का खतरा



पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**पिछले** सप्ताह हुई दो दिन बरसात का पानी अनाज मंडी परिसर में जगह-जगह भरा हुआ है। जिससे गंदगी के साथ-साथ मक्खी व मच्छरों का आतंक बढ़ने लगा है। वहीं मंडी परिसर में डेंगू व मलेरिया जैसी जान लेवा बीमारी फैसलने की पूरी-पूरी आशंका बनी हुई है।

पिछले सप्ताह शनिवार व रविवार को दो दिन रुक-रुककर बारिश हुई थी। अनाज मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था खराब होने के कारण खुले में बनी नालियां से लेकर पार्क के आस पास सफाई न होने से बरसात के पानी की निकासी सही नहीं हो सकी। जिसके कारण मंडी परिसर में जगह-जगह बरसात का पानी जमा हो रहा है। बरसात का पानी में लगे कूड़े के गले सढ़े ढेरों से उठती बदबू लोगों को इनके पास से निकलने के दौरान भी सास लेना मुश्किल हो जाता है। आढ़ती और दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों के आगे से जमा पानी को अपने आप निकाल रहे है। क्योकि आढ़तों पर बाजरे की फसल बिक्री के लिए आना शुरु हो गई है। बाजरे की ढेरियां लगाने के लिए पानी जमा रहने से परेशानी हो रही थी।

**बीमारी फैलने का खतरा :** मार्केट कमेटी प्रशासन ने हाल ही में मंडी परिसर की साफ सफाई का एक साल के लिए टेंडर छोड़ दिया है। लेकिन सफाई व्यवस्था नये ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा सही ढंग से नहीं हो पा रही है। जिसके कारण जमा पानी में डेंगू व मलेरिया का मच्छर पनपने की पूरी-पूरी आशंका बनी हुई होने से नागरिकों के बीमार होने की आशंका बनने लगी है।

**सब्जी दुकानदार फैसला रहे है कूड़ा :** सब्जी मंडी के साथ बना कूड़ा केन्द्र में स्थानीय दुकानदार अपनी गली-सढ़ी सब्जी को उसके अंदर नहीं डालते है। इतना ही नहीं दुकानदार खराब सब्जियों को आम रास्ते में आवारा घूमने वाले पशुओं के लिए फेंक देते है। जिससे भी गंदगी को बढ़ावा मिल रहा है।

> "मंडी में सफाई का नये सिरे से टेंडर दिया गया है। ठेकेदार को अभी तक यहा की साफ सफाई का तरीके समझ नहीं आया है। जल्द ही मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था में सुधार होगा।
> (प्रदीप शर्मा-सहायक अधिकार मार्केट कमेटी)

# निमास के साथ हर शिखर पर तिरंगा फहरा रहा मेवात का जवान

## उजीना गांव के हवलदार नेपाल सिंह कर रहे जिले का नाम रोशन

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**मिशन** हर शिखर तिरंगा के तहत नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स(निमास) की टीम देश के 27 राज्यों की सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा फहरा चुकी है। जल्द ही टीम 28 वें राज्य सिक्किम के जॉनग्संग पर्वत पर तिरंगा फहराकर अपने मिशन को पूरा करेगी। इस टीम के सदस्य मेवात जिले के उजीना गांव निवासी हवलदार नेपाल सिंह फौजी भी हैं और वे लगातार पर्वतारोही के रूप में देश और दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि गत 31 जुलाई 2023 को उनकी टीम ने हरियाणा राज्य की सबसे ऊंची चोटी करेह पर तिरंगा फहराया था। निमास का मिशन हर शिखर तिरंगा, आजादी के अमृत महोत्सव और भारत को मिली जी - 20 की अध्यक्षता के उपलक्ष्य में भारत के सभी राज्यों की सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराने की एक मुहिम है। कर्नल रणवीर सिंह जामवाल इस मुहिम का नेतृत्व कर रहे हैं।

11 सितंबर 2023 को मिशन हर शिखर तिरंगा टीम ने बंगाल की सबसे ऊंची चोटी संदकफू पर तिरंगा फहराया। इसके साथ ही इस टीम ने 27 राज्यों की सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा फहरा लिया है, उसमें सातों पूर्वोत्तर राज्य, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात , मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र,गोवा, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल , तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, ओड़िशा , छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार शामिल हैं। ये अद्भुत मिशन सभी 28 राज्यों के सबसे ऊंचे शिखर पर तिरंगा फहराने के बाद संपूर्ण होगा और इस मिशन का अगला पड़ाव 28वां राज्य सिक्किम है, यहां वह जॉनग्संग पर्वत पर तिरंगा फहराएंगे। इस मुहिम का नेतृत्व कर्नल रणवीर सिंह जामवाल कर रहे हैं। जो अभी राष्ट्रीय पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान (निमास) में मुख्य निदेशक है। उन्होंने माउंट एवरेस्ट 3 बार और विश्व के सातों महाद्वीपों के शिखर पर तिरंगा फहराया है, साथ ही उन्होंने 50 से ज्यादा पर्वतारोहण अभियानों को अंजाम दिया है और इन्हीं साहसिक कार्यों के लिए उनको भारत सरकार ने सेना मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल दो बार और तेनजिन नोर्गे राष्ट्रीय साहस पुरस्कार से भी सम्मानित किया है। हवलदार नेपाल सिंह ने बताया कि संदकफू की ऊंचाई इतनी नहीं है और चोटी के पास तक गाड़ी जाती है, लेकिन मिशन हर शिखर तिरंगा टीम ने जिस मेहनत और लगन के साथ सभी राज्यों के सर्वोच्च शिखरों पर तिरंगा लहराया है, वह काबिले तारीफ़ है। हम लगातार एक राज्य से दूसरे राज्य कि तरफ़ अभियान को पहुंचा रहे हैं। टीम की मेहनत का इसी से अंदाज़ा लगा सकते हैं कि गत 9 सितंबर को सुबह 4 बजे रांची से 180 किलोमीटर ट्रैवल किया, फिर 18 किलोमीटर पैदल यात्रा करके पारसनाथ चोटी पे तिरंगा फहराया, फिर पूरी रात सफ़र करके बिहार के बेतिया ज़िले में पहुंचे और वहां 15 किलोमीटर चढ़ाई चढ़कर सोमेश्वर चोटी पर तिरंगा फहराया। यहां इन्हें एक ही नदी को 18 बार पर करना पड़ा और फिर बिहार से बंगाल का 610 किलोमीटर, 17 घण्टे का सफ़र तय करके मनेभजन पहुंचे और 11 सितंबर को बंगाल की सबसे ऊंची चोटी संदकफू पर तिरंगा फहराया। हर शिखर तिरंगा अभियान की टीम में कर्नल जामवाल के अलावा नायब सूबेदार रवि, नायब सूबेदार चोस्पैल, नायब सूबेदार घटक, हवलदार राकेश यादव, हवलदार नेपाल, हवलदार केवल, हवलदार संजय , हवलदार गणेश और सम्यक राज भी शामिल हैं।


तिरंगा फहराते हुए नेपाल सिंह हवलदार पर्वतारोही।



## करोड़ों रुपये की जमीन का मामला

# फर्जी पॉवर ऑफ अटॉर्नी बनाने के मुख्य आरोपी का भाई काबू

## मुख्य आरोपी की जालसाजी की बड़ी पृष्ठ भूमि आई सामने

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**नूंह** के अंतर्गत गांव रायसीका कंवारसीका और बरोटा राजस्व क्षेत्र में करोड़ों रुपये की 12 एकड़ जमीन का फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी बनाकर हड़पने के प्रयास मामले नूंह पुलिस ने अब मुख्य जालसाज के आरोपी भाई को भी दबोच लिया है।

जिसे एक दिन की रिमांड पर लेकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दावा है कि मुख्य जालसाज के भाई ने पुलिस पूछताछ में कई अहम राज उगलते हुए दो अन्य आरोपियों का नाम भी पुलिस को बताएं है। इस चर्चित भूमि भ्रष्टाचार मामले में पुलिस गहनता से जांच कर रही है। फर्जी जीपीए तैयार कराने में दूसरे गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान कुलवंत सिंह निवासी नबी नगर थाना शेखपुरा अहीर अलवर के रूप में है जो मुख्य जालसाज आरोपी जंगीर का भाई है।इससे पहले प्रताप सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी शेखपुर अहीर जिला अलवर की गिरफ्तारी हुई थी।हालांकि मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की पहुंच से दूर है।

नूंह पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रायसिका-कांवरसिका-बरोटा राजस्व क्षेत्र में कोलकाता में रहने वाले एक कारोबारी की करीब 12 एकड़ भूमि थी, जिसमें से कुछ जमीन की सौदेबाजी हाई-फाई हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक करण सिंह के नाम पर पंजीकृत थी जबकि कुछ जमीन का एग्रीमेंट किया गया था।जिसे हड़पने की नीयत से लिए कुछ जालसाजों ने कलकत्ता में रहने वाले भूमि के प्रथम मालिक के जाली दस्तावेजों के आधार पर फर्जी अधिकार पत्र यानी जीपीए तैयार कर अदालत में केस दायर किया था।जालसाजी का खुलासा होने पर बीते मई माह में रोजका मेव थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फर्जी जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार बनाने के आरोप में एक शिकायत पर जंगीर सिंह पुत्र बरियम सिंह निवासी गांव नबी नगर तहसील तिजारा जिला अलवर के खिलाफ केस दर्ज किया। करीब पांच महीने बाद पुलिस ने जालसाजी में जंगीर का साथ देने वाले प्रताप सिंह और उसके भाई कुलवंत सिंह को गिरफ्तार किया। कुलवंत सिंह ने पुलिस पूछताछ में दो अन्य व्यक्तियों के नाम भी लिए हैं, जिन्हें पुलिस जल्द दबोच सकती है।मामले में मुख्य रूप से आरोप है कि जालसाजों ने फर्जी जीपीए तैयार कर करीब दो करोड़ की मांग करते हुए गलत मुकदमे में फसाने की धमकी दी थी।

पीड़ित पक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक जंगीर सिंह ने पूर्व में भी दिल्ली,गुरुग्राम,तिजारा,अलवर आदि में जमीनों की धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर राशि ऐंठने का काम किया। जंगीर एक बेहद शातिर किस्म का जालसाज है। जिसने अपने नजदीकियों के साथ भी जमीनी सौदों में जालसाजी की है। जंगीर पर थाना तिजारा में अवैध हथियार अधिनियम, एससी एसटी एक्ट और जमीनों में हेरा फेरी करने सहित 11 मामले दर्ज हैं।

# नवाबगढ़ की महिला सरपंच बर्खास्त

## फर्जी दस्तावेजों के आधार पर चुनाव लड़ने का था आरोप

**तावडू।** नूंह जिले की एक और महिला सरपंच पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर चुनाव लड़ने की गाज गिरी है।ताजा मामला में ग्राम पंचायत नवाबगढ़ की महिला सरपंच वरसीना को जिला उपायुक्त ने बर्खास्त कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक महिला सरपंच के विरुद्ध दी गई शिकायत में बताया गया था कि निर्वाचित सरपंच ने नामांकन के दौरान आठवीं पास के जो दस्तावेज लगाए थे वह फर्जी तौर पर तैयार किए गए थे।इस संबंध में मेवात विकास अभिकरण की ओर से उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी की ओर से जांच की गई थी। गहनता से अवलोकन में पाया गया कि निर्वाचित महिला सरपंच वरसीना द्वारा नामांकन के साथ लगाए गए आठवीं पास के सर्टिफिकेट फर्जी थे। हालांकि आदेश में स्पष्ट तौर पर यह नहीं बताया गया कि बर्खास्त सरपंच के दस्तावेजों में क्या खास कमी थी,लेकिन मेवात विकास अभिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बीते 15 सितम्बर को ग्राम पंचायत नवाबगढ़ की महिला सरपंच बर्खास्तगी के आदेश जारी कर दिए। साथ ही फर्जी दस्तावेज मामले में सरपंच व उनके पति के विरुद्ध कार्रवाई करने के भी आदेश दिए हैं।

बता दें कि नूंह जिले में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर चुनाव लड़ने का यह कोई पहला मामला नहीं है।इससे पहले भी कई पंचायतों में फर्जी दस्तावेजों को लेकर हुई शिकायतें में कार्रवाई की गई है।जिनमें कई को अदालत से राहत भी मिली है।

# शहर के विभिन्न वार्डों में उत्पाती बंदरों को पकड़ने का क्रम जारी, पकड़े गए 343 बंदर

## शहर में लगातार बढ़ रही बंदरों की संख्या को देखते हुए लगभग दो हजार बंदरों को पकड़ने का टेंडर लगाया जाना था

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**शहर** के विभिन्न वार्डों में उत्पादन बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका प्रधान और सचिव से लोगों ने बंदरों को पकड़वाने की गुहार लगाई। जिस पर नगर पालिका के सौजन्य से 500 बंदरों को पकड़ने का टेंडर जारी कर दिया गया।

शहर के विभिन्न वार्डों में लगभग 343 बंदरों को पड़कर अन्यत्र छोड़ा जा चुका है लेकिन बंदरों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। शहर के हर गली मोहल्ले में बंदरों की टोली लगातार बुजुर्ग, बच्चों और महिलाओं पर हमले कर रही है। जिसके चलते शहर के लोगों की मांग है कि शहर से 500 बंदरों को नहीं लगभग दो हजार बंदरों को नगर पालिका द्वारा पकड़वाया जाना चाहिए। जिससे शहर में बंदरों की संख्या पर लगाम लग सकेगी। शिव मंदिर अध्यक्ष अनिल कुमार गोयल, सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश माहेश्वरी, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष एवं नगर पार्षद महेंद्र कौशिक, वार्ड नंबर 12 के पार्षद गौरव जैन, वार्ड नंबर 7 के पार्षद विनोद जांगड़ा सहित अन्य वार्ड के पार्षदों का भी कहना है कि शहर में बंदरों की संख्या लगभग ढाई हजार से 3000 के लगभग है। नगर पालिका द्वारा मात्र 500 बंदरों को पकड़ने का ठेका छोड़ा गया है। जो ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। इसीलिए नगर पालिका को तुरंत प्रभाव से लगभग दो हजार बंदरों को पकड़ने का टेंडर लगाना चाहिए। जिससे शहर में बंदरों से लोगों को निजात मिल सके। शहर की महिला मिथिलेश जैन, मधुबाला ,निशा, पिस्ता देवी , पूनम सहित अन्य महिलाओं का कहना है कि बंदरों के आतंक के चलते छोटे बच्चों को स्कूल और ट्यूशन ले जाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं घरों के कपड़ों को सुखाने के लिए भी चौकीदारी करनी पड़ रही है।

महिलाओं का कहना चाहिए कि नगर पालिका प्रशासन को बंदरों की संख्या को देखते हुए टेंडर लगाना चाहिए था। 500 बंदर का टेंडर लगाया गया है , शहर में बंदरों की तादाद को देखते हुए ना काफी है। इसीलिए नगर पालिका प्रशासन को पुनः दूसरा बंदरों को पकड़ने के लिए टेंडर लगाया जाना चाहिए। जिसके लिए वह स्थानीय उपमंडल अधिकारी नागरिक और जिला उपायुक्त से मांग करती है ताकि शहर में उत्पादित बंदरों से निजात दिलाई जा सके। शहर में बंदरों की संख्या अधिक है। अधिकारियों द्वारा टेंडर कम बंदरों को पकड़ने की लगाया गया है।

# मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा में बही भक्ति रस की बयार


श्रीमद् भागवत कथा सुनाते आचार्य गौरव शास्त्री।


श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करतीं धर्मप्रेमी महिलाएं।

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**हर** वर्ष की भांति इस वर्ष भी भैरु मंदिर समिति के तत्वाधान में गणेश चतुर्थी पर्व के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा के दूसरे दिन बुधवार दोपहर एक बजे से लेकर शाम पांच बजे तक सुखदेव जन्म, परीक्षित जन्म, विदुर चरित्र एवं शिव विवाह की कथा मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रवण किया। इस अवसर पर कथा वाचक आचार्य गौरव शास्त्री के मुखारविंद द्वारा सुना गए कथा के वृतांत में सुखदेव जन्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुखदेव महाभारत काल के मुनि थे। वे महर्षि वेदव्यास के पुत्र थे। वो बचपन से ही ज्ञान प्राप्ति के लिए वन को चले गए थे।इन्होने ही परीक्षित को श्रीमद्भागवत पुराण की कथा सुनाई थी शुकदेव जी ने व्यास जी से महाभारत भी पढा था और उसे देवतायों को सुनाया था। ये मुनि कम अवस्था में ही ब्रह्मलीन हो गए थे।शुकदेव के जन्म के बारे में यह कहा जाता है कि ये महर्षि वेद व्यास के अयोनिज पुत्र थे और यह बारह वर्ष तक माता के गर्भ में रहे। कथा कुछ इस प्रकार है। भगवान शिव, पार्वती को अमर कथा सुना रहे थे। पार्वती जी को कथा सुनते-सुनते नींद आ गई और उनकी जगह पर वहां बैठे एक शुक ने हुंकारी भरना प्रारम्भ कर दिया। जब भगवान शिव को यह बात ज्ञात हुई, तब उन्होंने शुक को मारने के लिए दौड़े और उसके पीछे अपना त्रिशूल छोड़ा।

# जेल में बंद विधायक मामन खान से मिले साथी विधायक

रिजवान कासिम। मेवात



**नूंह** हिंसा मामले में सलंबा जेल में बंद फिरोजपुर झिरका के कांग्रेस विधायक मामन खान इंजीनियर से उनके सीनियर साथी सीएलपी उपनेता विधायक आफताब अहमद एवं पुनहाना से कांग्रेस विधायक मोहम्मद इलियास ने सलंबा जेल पहुंचकर मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम पूछा।

विधायक आफताब अहमद एवं मोहम्मद इलियास विधायक पुनहाना ने फिरोजपुर झिरका के कांग्रेस विधायक मामन खान इंजीनियर की पूरी तरह से हिम्मत बढ़ाने का काम किया और कहा कि पूरी पार्टी उनके साथ खड़ी हुई है। विधायक मामन खान ने भी दोनों सीनियर नेताओं से कुछ देर तक बातचीत की। जानकारी मिली है कि सुबह करीब 10 बजे कांग्रेस के विधायक आफताब अहमद एवं मोहम्मद इलियास सलंबा जेल पहुंचे और उन्होंने जेल में बंद मामन खान इंजीनियर से एक आम नागरिक की तरह मुलाकात की। चंद मिनट की मुलाकात के बाद तीनों कांग्रेस नेताओं में जो आपसी बातचीत हुई है, उससे यह स्पष्ट है की पूरी कानूनी लड़ाई को मिलजुल कर लड़ा जाएगा। वकीलों तथा कांग्रेस नेताओं कि अगर बात करें तो उनका भरोसा है कि जल्द ही फिरोजपुर झिरका से चुने गए कांग्रेस विधायक मामन खान इंजीनियर को जमानत मिल जाएगी और वह सलाखों से बाहर आकर फिर से जनता की सेवा में जुट जाएंगे।

# हथनगांव में चल रहे अवैध खनन की शिकायत मुख्यमंत्री को भेजी, कार्यवाही की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। पुन्हाना

**बिछौर** पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले गांव हथनगांव में कुछ दबंग लोगो द्वारा अवैध रूप से मिट्टी खुदाई तथा पत्थर चोरी किए जाने की शिकायत सीएम विंडो के मार्फत मुख्यमंत्री हरियाणा को भेजी गई है।शिकायत में शिकायतकर्ता ने दर्शाया हैं कि पहले भी उनके द्वारा कई बार शिकायते स्थानीय प्रशासन को दी गई है, लेकिन आरोपियों की पुलिस प्रशासन में अच्छी पकड़ उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर पाती है तथा शिकायत करने के बदले में उनको ही तरह तरह की धमकियां दी जाती है।

शिकायत ने मुख्यमंत्री हरियाणा को शिकायत प्रेषित कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने और लापरवाह कर्मचारियों अधिकारियों के प्रति भी कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता हसन पुत्र सुभान निवासी हथनगांव ने सीएम विंडो में दी शिकायत में कहा है कि गांव के पहाड़ी क्षेत्र और कृषि योग्य भूमि से गांव के कुछ दबंग प्रवृति के लोग दिन के समय अवैध रूप से मिट्टी खुदाई करते है तथा रात के समय पहाड़ी क्षेत्र से पत्थर चोरी का काम करते है।

उक्त लोगो ने अपनी जेसीबी मशीन तथा एक दर्जन ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर यह अवैध कारोबार चलाया हुआ है। लगभग तीस फुट जमीन खुदाई करके अब तक मिट्टी उठा ली है तथा पहाड़ में भी भारी मात्रा में अवैध खनन किया हुआ है। उक्त लोगो द्वारा पहाड़ से पत्थर निकालने के लिए अवैध बारूद तथा अन्य विस्फोटक सामग्रियों द्वारा विस्फोट किए जाते है। जिसके कारण वहां के आसपास के लोग कई बार घायल हो चुके है। कई बार गांव के सरकारी स्कूल में भी इस तरह के पत्थर विस्फोट होने के दौरान आकर गिर चुके है। उक्त लोगो जब इस संबंध में कुछ कहता है तो उक्त लोग अपनी दबंगई और पुलिस में ऊंची पकड़ का परिचय देते हुए लोगो को धमकाते है।

प्रशासन से शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी देते है। पहले भी स्थानीय प्रशासन को इनके बारे में अवगत कराया गया है, लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन का शांत रवैया कुछ कार्यवाही नही करके उनसे अपनी सांठ गांठ दर्शाता है। शिकायत में शिकायतकर्ता ने हो रहे अवैध खनन के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। आपको बता दे कि बिछौर थाना अंतर्गत आने वाले कई गांवों में अवैध रूप से मिट्टी खुदाई व पत्थर चोरी के अक्सर मामले सामने आते रहे है, साथ ही थाना बिछौर के सामने लगे पुलिस नाके से प्रतिदिन सैकड़ों ओवरलोड वाहन व बड़े बड़े ट्रालो वाले रोड़ी क्रेशर से लोड ट्रैक्टर फर्राटे मारते हुए निकलते है। सबसे ज्यादा चौकाने वाली बात ये है कि दिन में कम संख्या और पूरी रात जमकर चलने वाले इस खेल के प्रति उक्त थाना पुलिस पूर्ण रूप से आंखे मूंद लेती है। सूत्र बताते है कि इस प्रकरण को चलने का कारण गाड़ी मालिको का दलालों के माध्यम से पुलिस से पूर्ण रूप से सांठ गांठ है।हालांकि आमजन ऐसे वाहनों के जर्जर होडल पुन्हाना मार्ग पर चलने से दुखी हो रहा है, लेकिन आमजन के दुखों से स्थानीय प्रशासन को कोई मतलब नहीं होकर अधाधुंध ओवरलोड वाहनों को चलाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दृष्टि कार्यक्रम का लोगों पर चढ़ने लगा रंग : नवीन लाठर



**नूंह।** एबीएस फाउंडेशन और आई केयर आई हॉस्पिटल नोएडा के संयुक्त प्रयास से इलाके में दृष्टि कार्यक्रम नूंह के बीवा गांव के पंचायत घर में आयोजित किया गया। जिसमें इलाके के बुजुर्गों के लिए फ्री आई कैंप का आयोजन किया जाता है। इस कैंप में जितने भी मरीज आते हैं उन सभी को दवाइयां चश्मा व मोतियाबिंद मरीज की जांच की जाती है। जांच के बाद उन सभी की शुगर और बीपी की जांच की जाती है उसके बाद मोतियाबिंद के मरीजों की एक सूची तैयार करके उनको नोएडा हॉस्पिटल में भेजा जाता है जिसे अगले दिन उनका फ्री में मोतियाबिंद का ऑपरेशन होता है और फिर उनको उनके घर तक पहुंचाया जाता है। यह पूरा कार्यक्रम के सभी खर्चे एबीएस फाऊंडेशन व आई केयर हॉस्पिटल करते हैं। मरीज से किसी प्रकार का कोई चार्ज नहीं लिया जाता। जिले में उत्पन्न हुए आकस्मिक हालातो को देखते हुए इस कैंप को बंद कर दिया गया था अत: कैंप 3 महीने बंद रहने के बाद आज बुधवार को 20 सितंबर को इसकी फिर से शुरुआत की गई है आज कैंप में 80 से 100 मरीजों ने भाग लिया। कैंप में 14 मोतियाबिंद मरीज निकले जिसमे 7 महिला और सात पुरुष है इन सभी को आज ऑपरेशन के लिए नोएडा भेज दिया गया है। पिछले यह कार्यक्रम दो साल से अयोजित किया जा रहा है और यह कार्यक्रम लगातार रहेगा आने वाला कार्यक्रम अब अगला कैंप 27 सितंबर बुधवार को होगा।

### जिला जेल में गैंगस्टरों के गुर्गे भिड़े, एक हवालाती हुआ जखमी

**सोहना।** भोंडसी जिला जेल से पेनी पर जा रहे गैगस्टरों के गूर्गों में जम हुई मुक्केबाजी और नकुला हथियार। जिससे चांद गैंग का गूर्गा जख्मी हो गया। जिस पर कौशल गैंग के गूर्गे ने ढौढ़ी के बाहर हमला किया था। बुधवार की सुबह साढ़े 9 बजे जिला जेल से पेशी के लिए बूदियों को ले जाने के लिए बाहर निकाला जा रहा था। जिनमें कौशल गैंग का गूर्गा अनिल उर्फ लट निवासी गांव कांकरोला नजफगढ़ दिल्ली और चांद गैंग का गूर्गा भारत उर्फ छोटू निवासी नई आबदी थाना शहर रेवाड़ी भी था। दोनो के बीच किसी बात को लेकर पहले कहा सुनी हुई। उसके बाद जमकर लात घूंसे चले। इस दौरान कौशल गैंग के गुर्गे ने अनिल उर्फ लट ने नकुला हथियार सूआ चांद गैंग के भारत उर्फ छोटू के कंधा टर हमला करके जख्मी कर दिया। दौड़ कर आए जेल कर्मियों ने अनिल उर्फ लट के हाथ से सूआ को छीन लिया। घायल हवालाती भारत उर्फ छोटू को अस्पताल में दाखिल कराया गया है। उक्त झगडेसकी सूचना स्थानीय भोंडसी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दहेज उत्पीड़न मामले में चार के खिलाफ केस दर्ज

**तावडू।** शहर थाना पुलिस ने एस पी के आदेश पर दहेज उत्पीड़न मामले में ससुराल पक्ष के चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है तो वहीं पीड़िता महिला ने स्थानीय शहर थाना पुलिस पर आरोपी पक्ष के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया है।फिलहाल इस मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कार्रवाई हुई है। पीड़िता महिला पूजा शर्मा के मुताबिक वर्ष 2017 में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार उसकी शादी गोपाल नगर नियर बस स्टैंड गुरुग्राम निवासी सुरेंद्र भारद्वाज के साथ हुई थी।महिला का आरोप था कि ससुराल वालों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया था। बीते मार्च माह में उन्होंने शहर थाना पुलिस को ससुराल पक्ष के चार आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी थी,लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की उल्टे आरोपी पक्ष के से मिलीभगत कर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया।उन्हें अभद्र भाषा का प्रयोग कर अपमानित भी किया गया।स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो उन्होंने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। जिनके आदेश पर शहर थाना पुलिस ने आरोपी तरुण भारद्वाज, सुशील भारद्वाज, दीपक भारद्वाज और मीनाक्षी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**पुन्हाना।** पुन्हाना पुलिस ने एक बाइक चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि उक्त बाइक दिल्ली से चुराई गई थी, जिसे चोर बेचने की फिराक में था। लेकिन गुप्त सूचना से मिली जानकारी से पुलिस ने आरोपी को बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि मुस्तकीम पुत्र सपात निवासी आलीमेव थाना बहीन मोटरसाइकल चोरी का काम करता है। जो आज भी चोरी की बाइक लेकर पुन्हाना में बेचने आया हुआ है। सूचना पाते ही बताए हुए ठिकाने पर नाकाबंदी की तो एक बाइक चालक पुलिस टीम को देख वापिस जाने लगा। लेकिन मार्ग पर जाम होने का कारण आरोपी भाग नहीं सका। पुलिस टीम ने मौके पर ही काबू कर लिया। नाम पता पूछने पर मुस्तकीम पुत्र सपात निवासी आलीमेव बताया। मोटरसाइकल चेक करने के दौरान उस पर कोई नंबर नहीं मिला और उक्त आरोपी कोई कागजात भी पेश नहीं कर सका।जांच करने पर बाइक का नाम दिल्ली का मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुन्हाना थाना अंतर्गत प्रतिदिन बाइक चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है, शायद ही कोई दिन बीतता हो जिस दिन चार से पांच बाइक चोरी होने की वारदात घटित ना होती हो। लेकिन पुलिस प्रशासन का ढीला रवैया बाइक चोरी की वारदातो को बढ़ाने में पूरा सहयोगी हो रहा है।

पायनियर क्लासीफाइड

NAME CHANGE

I, Vijayta Kumari W/o Pervinder Singh R/o 1671, Sector-55, Ballabgarh, Faridabad have changed my name to Vijayta.

I, Per Vinder S/o Ram Lal R/o 1671, Sector-55, Ballabgarh, Faridabad have changed my name to Pervinder Singh.

I, Inder Jeet Singh S/o Gurdayal Singh R/o MCF-769, Gali No-55, Sanjay Colony, Sector-23, Faridabad, have changed my name to Inderjeet Singh Saini.

I, Nilesh Kumar Srinivas S/o Shriniwas Sitaram Raste R/o C15/31, 4th Floor BPTP Parklands, Sector-85, Faridabad, have changed my name to Nilesh Shriniwas Raste.

बेदखली सूचना

मैं, पुष्पा देवी पत्नी स्वर्गीय महावीर प्रसाद निवासी गांव फतेहपुर बिल्लौच, बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद, मैंने अपने पुत्र विकास व पुत्रवधु भावना जो मेरे कहने से बाहर है, और मेरे साथ गाली गलौच व लडाई झगड़े के कारण मैंने इनको अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे लेन-देन करने वाले व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होंगे।

SIKHA SHARMA (Adv.)
Distt. Court Sec-12 Faridabad

सार्वजनिक सूचना

कार्यालय नगर निगम सोनीपत

नगर निगम सोनीपत की संपत्तिकर शाखा के रिकॉर्ड अनुसार प्रॉपर्टी आई डी नम्बर-1JJ4LV22 जो कि सैक्टर/कॉलोनी किर्ती नगर, वार्ड नम्बर-16 में स्थित है। संपत्तिकर सर्वे अनुसार संपत्तिकर बिल में करदाता का नाम रामानंद पुत्र देई राम दर्ज है। किसी भी संपत्तिकर दाता का नाम दर्ज न होने/नाम गलत दर्ज होने/मृत्यु दिनांक 07.12.2017 उपरांत आवेदक द्वारा प्रस्तुत की गई प्रॉपर्टी आई.डी. में नाम तबदील व नाम दर्ज करने/क्षेत्रफल दुरुस्ती के लिए रजिस्ट्री नम्बर-215 दिनांक 11.04.1986 अनुसार प्रस्तुत किए गए हैं। जिसके अनुसार यदि किसी भी व्यक्ति को इस जायदाद से सम्बंधित कोई भी आपत्ति हो तो ख्याति प्राप्त दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र में विज्ञापन देने की तिथि के 10 दिन के अंदर लिखित रूप में नगर निगम के संपत्तिकर शाखा मे आपत्ति दर्ज करवाएं अन्यथा संपत्ति कर शाखा में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के अनुसार श्रीमती सावित्री देवी, सुरेन्द्र सिंह, राजेश कुमार, विजेंद्र पत्नी/पुत्र स्वर्गीय श्री रामानंद दर्ज कर दिया जाएगा। जिसके लिए नगर निगम कार्यालय जिम्मेवार नहीं होगा।

क्षेत्रीय कराधान अधिकारी नगर निगम, सोनीपत

सार्वजनिक सूचना


कार्यालय नगर निगम सोनीपत

नगर निगम सोनीपत की संपत्तिकर शाखा के रिकॉर्ड अनुसार प्रॉपर्टी आई डी नम्बर 1JOG4B09 जो कि सैक्टर/कॉलोनी आर्य नगर, पत्थर वाली गली, वार्ड नम्बर-17 में स्थित है। संपत्तिकर सर्वे अनुसार संपत्तिकर बिल में करदाता का नाम विरेन्द्र सिंह पुत्र दरिया सिंह दर्ज है। किसी भी संपत्तिकर दाता का नाम दर्ज न होने/नाम गलत दर्ज होने/मृत्यु दिनांक 28.06.2023 उपरांत आवेदक द्वारा प्रस्तुत की गई प्रॉपर्टी आई.डी. मे नाम तबदील व नाम दर्ज करने/क्षेत्रफल दुरुस्ती के लिए रजिस्ट्री नम्बर-1262 दिनांक 24.08.1965 व रजिस्ट्री नम्बर-4825 दिनांक 26.07.2022 अनुसार प्रस्तुत किए गए हैं। जिसके अनुसार यदि किसी भी व्यक्ति को इस जायदाद से सम्बंधित कोई भी आपत्ति हो तो ख्याति प्राप्त दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र में विज्ञापन देने की तिथि के 10 दिन के अंदर अंदर लिखित रूप में नगर निगम के संपत्तिकर शाखा मे आपत्ति दर्ज करवाएं अन्यथा संपत्ति कर शाखा में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के अनुसार श्रीमती राजकुमारी, हरिश, नीलम पुत्र /पुत्री/पत्नी स्वर्गीय श्री विरेन्द्र सिंह नाम दर्ज कर दिया जाएगा । जिसके लिए नगर निगम कार्यालय जिम्मेवार नहीं होगा।

क्षेत्रीय कराधान अधिकारी नगर निगम, सोनीपत

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## विशेष सत्र का पहला दिन



**संसद** के विशेष सत्र का पहला दिन पुराने संसद भवन का अंतिम दिन था। अब यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि एजेंडे पर काफी रहस्य के बाद शुरू हुए संसद के विशेष सत्र में कुछ खास नहीं है। महत्वपूर्ण सुर्खी केवल यह है कि संसद के सत्र अब नये संसद भवन में हुआ करेंगे। सरकार मानसून सत्र नये भवन में करना चाहती थी, पर वह तब तक तैयार नहीं था और इसी कारण पांच दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। एक प्रकार से यह नये संसद भवन को दिखाने और पुराने भवन को अलविदा कहने का समय था जो अब एक संग्रहालय के रूप में काम करेगा। जहां अधिकांश सांसद पुरानी इमारत से विदाई के समय यादों में डूबे थे, वहीं उनको नये अद्यतन व शानदार संसद भवन में काम करने का अवसर मिलने पर खुशी भी थी। विशेष सत्र का प्रारम्भ लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण से हुआ जिसमें उन्होंने पुराने परिसर में घटी कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में बातें कीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुराना भवन अपनी समृद्ध विरासत से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर अपनी सरकार द्वारा पास महत्वपूर्ण विधेयकों की ओर संकेत करते हुए कहा कि पुराने परिसर में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए तथा काफी समय से लंबित समस्याओं का समाधान किया गया। मोदी ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, 'सदन हमेशा गर्व करेगा कि उसके कारण अनुच्छेद 370 समाप्त किया गया। यहां जीएसटी पास किया गया। इस सदन ने वन रैंक वन पेंशन को पास किया। पहली बार बिना किसी विवाद के देश में आर्थिक रूप से गरीब तबकों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया।'

इसके पहले संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सांसदों को सूचित किया था कि 'पूरे दिन भारतीय संसद की 75 वर्ष की यात्रा पर चर्चा होगी।' लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बजाय पूरा दिन सत्तापक्ष व विपक्ष, खासकर कांग्रेसी नेताओं के भाषणों में लग गया। विपक्ष के नेता मल्लिार्जुन खड़गे ने सीधे-सीधे सरकार पर यह कह कर हमला बोला कि विपक्ष के स्वर दबाने के लिए कथित रूप से सीबीआई-ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा है। नेहरू का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा, उनका विश्वास था कि मजबूत विपक्ष के अभाव में व्यवस्था में कुछ कमियां आ जाती हैं। यदि विपक्ष मजबूत नहीं होगा तो यह ठीक नहीं होगा। उन्होंने दावा किया कि अब जब विपक्ष मजबूत है तो उसे ईडी व सीबीआई के माध्यम से कमजोर करने का प्रयास हो रहा है। विशेष सत्र में पांच दिन में पांच बैठकें होंगी तथा आठ विधायी मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके साथ ही '75 वर्ष की संसदीय यात्रा' पर भी चर्चा होगी जिसमें उपलब्धियों, अनुभवों, स्मृतियों व सबकों को याद किया जाएगा। हालांकि, देखना होगा कि सदन में कितना वास्तविक कामकाज होता है। हालांकि, अब भी संभावना है कि सरकार कुछ आश्चर्य पैदा करे, पर हर गुजरते मिनट के साथ यह संभावना धूमिल होती जा रही है। अधिकांश सांसदों का मानना है कि हमें पूर्वाग्रहों में जकड़े रहने के बजाय 'पुराने के स्थान पर नया आने' का उत्सव मनाना चाहिए। जनता को उम्मीद है कि नये व शानदार संसद भवन में सांसद ज्यादा जिम्मेदारी से व्यवहार करेंगे, राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करेंगे तथा संसद के कामकाज में बाधा नहीं डालेंगे। आशा है कि यह परिवर्तन केवल पुराने संसद भवन से नए संसद भवन में स्थानान्तरण न होकर संसद के कामकाज में गुणात्मक सुधार का आधार बनेगा।

# एक देश, एक चुनाव: महत्वपूर्ण विचार

**'एक देश, एक चुनाव' का विचार अतीत की गूंज लगता है, लेकिन रास्ते की अनेक बाधाओं के बावजूद इसे लागू करने का समय आ गया है। यह भारत में ऐतिहासिक व सर्वाधिक महत्वपूर्ण चुनाव सुधार होगा।**



**माहिनकांत दुबे**
(लेखक, विधि विशेषज्ञ हैं)



भले ही यह विचार सार्वजनिक विमर्श में नया लगता हो, पर वास्तव में यह अवधारणा भारतीय लोकतांत्रिक परिवेश के शुरुआती वर्षों में पूरी तरह लागू रही है। 1952 से लेकर 1967 तक एकसाथ चुनाव सामान्य बात रही है जिसने राजनीतिक व प्रशासनिक क्षेत्रों में एक संगति व निरंतरता सुनिश्चित की थी। लेकिन संगति के इस काल में 1968 और 1969 के बीच क्षरण शुरू हो गया जिसका कारण अनेक राज्य विधानसभाओं का समय के पहले भंग होना था। इसके प्रभाव से चुनावों का समय अपरिहार्य रूप से बाधित हुआ। हालांकि, एकसाथ चुनाव के लाभ व हानि पर जोरदार बहस हुई है, पर यह स्वीकार करना जरूरी है कि न्यायपालिका ने परोक्ष रूप से राजनीतिक स्थायित्व की आवश्यकता पर सहमति जताई जो 'एक देश, एक चुनाव' के पीछे महत्वपूर्ण तर्क है। 1992 में किहोटो होल्लोहान बनाम जाचिलू एवं अन्य तथा 1994 में एसआर बोम्मई बनाम भारत सरकार मामलों में फैसले इस संदर्भ में महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, इन मामलों में सीधे एकसाथ चुनाव का मुद्दा विचारणीय नहीं था, पर इन फैसलों के प्रभाव दूरगामी रहे। सर्वोच्च न्यायालय ने किहोटो होल्लोहान मामले में दलबदल-विरोधी कानूनों की संवैधानिकता को सही ठहराया और इस प्रकार विधायी स्थायित्व पर जोर दिया। इसी प्रकार एसआर बोम्मई मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कैबिनेट की सलाह पर अनुच्छेद 356 का प्रयोग कर राष्ट्रपति शासन लागू करने पर सवाल उठाए। उसने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राज्य सरकारों की पवित्रता पर जोर दिया। मूल रूप से इन उल्लेखनीय फैसलों ने राजनीतिक स्थायित्व पर न्यायपालिका का दृष्टिकोण स्पष्ट किया। इस प्रकार इसने अंतर्निहित रूप से 'एक देश, एक चुनाव' का विचार सही ठहराया जिसका लक्ष्य ज्यादा स्थिर व अनुमान योग्य राजनीतिक परिवेश बनाना है।

अलग-अलग चुनाव के वित्तीय प्रभाव बहुत अधिक होते हैं। लोकसभा व राज्य विधानसभा चुनावों के लिए आंकड़े आश्चर्यजनक हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो स्पष्ट होता है कि 2014 में आम चुनाव पर सरकारी खजाने से 3,870 करोड़ रुपये खर्च हुए। इस धनराशि से आसानी से अनेक महत्वपूर्ण समाज कल्याण कार्यक्रम चलाए जा सकते थे, जबकि कुल खर्च लगभग 30,000 करोड़ रुपये तक पहुंचा। 2019 के चुनाव में खर्च और अधिक हुआ। अनुमान है कि यदि राजनीतिक पार्टियों तथा उम्मीदवारों के कुल खर्च पर गौर किया जाए तो यह 60,000 करोड़ रुपये से अधिक हुआ। यह 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अनुमानित खर्च 1998 में लगभग 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ कर 2019 में लगभग 60,000 करोड़ तक पहुंच गया। लेकिन हमें इन वित्तीय आंकड़ों के आगे भी देखना चाहिए। जनता का ध्यान आदर्श आचार संहिता-एमसीसी पर उतना नहीं जाता है जितना जाना चाहिए। चुनावों की घोषणा होते ही एमसीसी लागू हो जाती है जिससे सभी नई विकास गतिविधियां तथा नीतिगत घोषणायें ठहर जाती हैं। यदि इस तथ्य पर गौर करें कि भारत में पूरे साल भर चुनाव होते रहते हैं, एमसीसी का प्रशासन पर दीर्घकालीन नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे ढांचागत परियोजनाओं में निरंतर विलम्ब होता है, नीतियों का क्रियान्वयन अनिश्चितताओं में फंस जाता है तथा दीर्घकालीन नियोजन ठंडे बस्ते में चला जाता है। इस प्रकार वर्तमान समय में लगातार लागू एमसीसी अनिवार्य रूप से प्रशासन को प्रभावित करता है।

देश को 'एक देश, एक चुनाव' माडल तक ले जाने के लिए एक बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता होगी। संवैधानिक रूप से यह चुनौती बहुत बड़ी है। इसके लिए अनेक प्रकार के संशोधन करने होंगे। लोकसभा का कार्यकाल तय करने वाले अनुच्छेद 83-2 तथा राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल निर्धारित करने वाले अनुच्छेद 172 में संशोधन करने होंगे। हालांकि, संवैधानिक संशोधन परिवर्तन का आधार हैं, पर व्यावहारिक आयामों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। तार्किक रूप से इस परिवर्तन के लिए चुनावी ढांचे का व्यापक उच्चीकरण करना होगा। निर्वाचन आयोग को ज्यादा एलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों-ईवीएम तथा वोटर वैरीफाइड पेपर आडिट ट्रेल्स-वीवीपैट की आवश्यकता होगी। इस आमूल परिवर्तन का संभावित समय क्या होगा? संविधान संशोधनों को तैयार करने और पास करवाने में दो साल का समय लग सकता है जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों से विमर्श भी शामिल है। कुछ राज्यों में पायलट चरण के लिए दो साल का समय और लग सकता है। इसमें सफलता मिलने पर अगले चरण में चार से छह साल का अतिरिक्त समय लग सकता है। इस प्रकार हमारे सामने लगभग एक दशक का समय है जिसमें अनेक चुनावी चक्र पार करने होंगे। 'एक देश, एक चुनाव' का विचार भले ही विरोधाभासी लगता हो, पर यह उस देश की आकांक्षाओं के अनुरूप है जो अपनी लोकतांत्रिक भावना व प्रशासनिक क्षमता में संतुलन बनाना चाहता है। यह एक जटिल काम है जिसमें अनेक विधिक जटिलतायें तथा लाजिस्टिक चुनौतियां शामिल हैं। इसके बावजूद इसके संभावित लाभ इसे एक ऐसी अवधारणा बनाते हैं जिस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। इसमें राजकोषीय जिम्मेदारी, प्रशासनिक स्थायित्व तथा प्रशासनिक फोकस शामिल हैं। भारत जैसे विविधतापूर्ण एवं जटिलदेश में यह परिवर्तन व्यापक रूप से महत्वपूर्ण होगा।

'एक देश, एक चुनाव' के अनेक संभावित लाभ हैं और ये राजकोषीय बचत से आगे जाते हैं। इस विचार से भारतीय राजनीतिक परिदृश्य के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। इस स्थायित्व से प्रशासन ज्यादा जवाबदेह व पारदर्शी हो जाएगा। लेकिन इस बारे में अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य क्या है? एक उदाहरण ब्रिटेन है जहां दशकों से 'स्नैप पोल' या त्वरित चुनाव की परिघटना चल रही है। इसका कारण अविश्वास प्रस्ताव पर सरकार का गिरना या सत्तारूढ़ पार्टी का निर्णय है। इसके चलते 2011 में फिक्सड टर्म पालिर्यामेंट्स एक्ट में परिवर्तन हुआ जिसकी पैरोकारी तत्कालीन प्रधानमंत्री डेविड कैमरन ने की थी। इस कानून के अनुसार आम चुनाव हर पांच साल पर मई के पहले गुरुवार को होंगे। इस संविधान ने ब्रिटिश चुनावी प्रक्रिया के बारे में अनुमान लगाना संभव हुआ है। यह उन अन्य लोकतंत्रों के लिए संदर्भ है जो अपनी चुनाव व्यवस्था को सुचारु बनाना चाहते हैं। 'एक देश, एक चुनाव' विचार क्रियान्वित करने के लिए अनेक संवैधानिक प्राविधानों में तालमेल बनाना होगा। राष्ट्रपति शासन की अनुमति देने वाले अनुच्छेद 356 तथा केन्द्र सरकार के निर्देश पाजन में विफलता पर प्रयोग होने वाले अनुच्छेद 365 निर्धारित समय में चुनाव प्रक्रिया में बाधा डाल सकते हैं। इस प्रकार संविधान संशोधन के माध्यम से इन अनुच्छेदों में संशोधन जरूरी होंगे ताकि एकसाथ चुनाव कराने की मजबूत विधिक नीव डाली जा सके। इसके साथ ही भारतीय निर्वाचन आयोग में व्यापक ढांचागत व लाजिस्टिक परिवर्तन करने होंगे। इसके लिए विस्तृत पूर्व-नियोजन जरूरी होगा। एक व्यापक डेटाबेस तैयार करना तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान सूचियां सटीक हों और लगभग 130 करोड़ जनता के लिए उपयुक्त हों। इस परिवर्तन की व्यापकता को देखते हुए कोई कह सकता है कि इसके पूर्ण क्रियान्वयन के लिए एक दशक काफी नहीं है।

# एक सफल नेता की विशेषताएं

**"एक विपणन रणनीति के रूप में टाटा और रिलायंस समूह जैसे निगमों ने अपने उत्पादों के साथ इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया को तहस-नहस कर दिया है"**

**उमंग कोहली**
(लेखक, भू-राजनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



एक बार एक पहाड़ी की चोटी पर एक उत्कृष्ट चाय बनाने वाला बैठा था। शिल्प में उनकी कुशलता अद्वितीय थी। जिज्ञासु दर्शकों की लम्बी कतारेंए प्रशिक्षु बनने की चाह रखने वाले युवा और चाय नामक जीवन के अमृत का स्वाद चखने के इच्छुक चाय प्रेमी उनके आवास के बाहर एक आम दृश्य थे।

एक दिन एक चिड़चिड़े समुराई ने मास्टर की चाय पीते समय अपनी जीभ काँपना शुरू कर दिया। क्रोधित और क्रोधित होकर, उसने स्वामी को द्वंद्वयुद्ध के लिए चुनौती दी। मैं रणनीति और युद्ध में अनभिज्ञ हूं। मेरा पूरा जीवन चाय बनाने की कला को निखारने में बीता है, चाय बनाने वाले ने कहा। उन्होंने अपनी विरासत और प्रतिष्ठान की बागडोर अपने पसंदीदा छात्र को सौंपने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया। उसे अपनी तलवार देते हुए, उसने ग्रीनहॉर्न से उसी तरह हथियार उठाकर चुनौती देने वाले का सामना करने को कहाए जैसे उसने चाय का बर्तन उठाया था। सलाह को स्वीकार करते हुए, शिष्य ने बिना किसी चूक के, बिना विचलित हुए, तलवार उठा ली। अनुचर को अद्भुत चेहरे पर तलवार चलाते देख योद्धा आश्चर्यचकित रह गया। कहानी से पता चलता है कि कैसे अधिक प्रभावशाली दिखने के लिए कई कौशलों में महारत हासिल करने की कोशिश करने की तुलना में एक शिल्प में महारत हासिल करना अधिक महत्वपूर्ण है। निश्चित रूप से, एक व्यक्ति एक साथ कई काम कर सकता है, लेकिन केवल अपनी कला में पारंगत होने के बाद ही।



**मुख्य योग्यता मायने रखती है**

एक विपणन रणनीति के रूप में, टाटा और रिलायंस समूह जैसे निगमों ने अपने उत्पादों के साथ इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया को तहस-नहस कर दिया है। उनकी मूल योग्यता पर ध्यान कभी नहीं भटकता, भले ही वे विभिन्न उत्पाद श्रृंखलाओं में विविधता लाते हों। इमरान खान, कपिल देव, गैरी सोबर्स, करिश्माई चैपल बंधु और शॉन पोलक जैसे असाधारण हरफनमौला क्रिकेटरों ने अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट के खेल को सुशोभित किया है। आधुनिक भौतिकी के दो स्तंभों में से एक, अल्बर्ट आइंस्टीन को पियानो बजाने की उनकी क्षमता के बजाय उनके वैज्ञानिक योगदान के लिए अधिक जाना जाता है, भले ही वह बाद के शिल्प में एक शौकिया से अधिक थे।

**कौशलों को उन्नत एवं समृद्ध करना**

किसी भी विजयी नेतृत्व का खुला रहस्य विशेष विशेषज्ञता को चमकाना और फिर अज्ञात क्षेत्रों में धावा बोलना है। मनोवैज्ञानिकों ने कुछ ऐसे आकर्षक गुणों पर ध्यान केंद्रित किया है जो जश्न मनाने वाले व्यक्तियों और संगठनों को पैदल चलने वालों से अलग करते हैं। ये बौद्धिक और व्यक्तिगत कौशल हैं और रचनात्मकता को इस तरह से बढ़ाना है कि विश्व मंच पर आकर्षण का केंद्र बन सकें।

**बौद्धिक और व्यक्तिगत कौशल**

इन कौशलों में प्राथमिक है संबंध स्थापित करनेए सहानुभूति व्यक्त करने की क्षमता। अन्य संस्कृतियों, अनुभवों, मूल्यों, दृष्टिकोणों, लक्ष्यों और इच्छाओं में रुचि जगाने की चालाकी और योग्यता अत्याधुनिकता प्रदान करती है। असाधारण नेताओं के पास सबसे जटिल और पेचीदा समस्याओं को सुलझाने और समझने का अद्भुत कौशल होता है। यह अक्सर उनके जीवन और करियर का निर्णायक क्षण होता है। लायंस ऑफ द एमराल्ड आइलैंड के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने के धोनी के महत्वपूर्ण फैसले ने भारत को 2014 विश्व कप फाइनल में जीत दिलाई। आइकोनोक्लास्टिक स्टीव जॉब्स को एप्पल से निष्कासित कर दिया गया था, जिस कंपनी की उन्होंने सह-स्थापना की थी, फिर भी उन्होंने पिक्सर की स्थापना की जिसने एनीमेशन उद्योग की रूपरेखा को नाटकीय रूप से बदल दिया।

**संचार: दोतरफा प्रक्रिया**

ग्लासनोस्ट और पेरेस्त्रोइका के दृष्टिकोण से परिभाषित व्यक्तित्व विशेषताएं उपलब्धि हासिल करने वालों की केन्द्रापसारक विशेषताएं हैं। वे बोधगम्य समाधान खोजने के लिए अनुबंधों, सम्मेलनों और सिद्धांतों के दायरे से गुज़रे। निडर और साहसी व्यक्तियों या संगठनों में विचारों, भावनाओं और भावनाओं को औपचारिक और अनौपचारिक रूप से संप्रेषित करने की सर्वोत्कृष्ट क्षमता होती है। यही क्षमता उन्हें सफल नेता बनाती है।

## आप की बात

### नकली सामान

**मध्यप्रदेश** में ब्रांडेड समान की हू ब हू नकल बनाकर  बेचने वाला गैंग काम कर रहा है। ये सस्ती चीजों का इस्तेमाल करके इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट असेंबल करवाता है और फिर उनपर बड़ी कंपनी की स्टांप लगा देता है। ये मोहर बिल्कुल वैसे ही होती है जैसी ओरिजिनल कंपनी की होती है। अगर दोनों प्रोडक्ट को एक साथ रख दिया जाए तो पता ही नहीं चल सकता। लेकिन नकली प्रोडक्ट में काफी चीप क्वालिटी का सामान इस्तेमाल किया जा रहा है। ज्यादा पैसा कमाने के लालच में ये गैंग काफी समय से इस तरह के प्रोडक्ट मार्केट में उतार रहा था और लोग असली समझकर इसे खरीद भी रहे हैं। ऐसे गिरोहों पर सरकार को जनता तथा निजी क्षेत्र के सहयोग से रोक लगा कर उनको कठोर दंड देना चाहिए। जनता को भी इलेक्ट्रॉनिक या अन्य कोई सामान विश्वसनीय दुकानों से ही खरीदना चाहिए। असली की जगह हूबहू नकली माल ऑनलाइन खरीद में भी आने की अधिक संभावना रहती है। हालांकि, कभी-कभी निजी कंपनियों द्वारा अपना नकली माल पकड़वाने की खबरें आती हैं, पर इस प्रक्रिया को और व्यापक तथा कठोर बनाना जरूरी है। नकली सामान पर रोक लगाए बिना बिजनेस सुगमता की कल्पना नहीं हो सकती है।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### शिवपाल का बयान

**सपा** के राष्ट्रीय महासचिव व अखिलेश के चाचा शिवपाल यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि आज भाजपा महाभारत की कौरव सेना बन गई है, अत: आज हर किसी को आगामी चुनाव में भाजपा को हराने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कौरव सेना अनीति के साथ खड़ी थी जबकि पांडवों की सेना न्याय एवं नीति के साथ खड़ी थी। उनका यह बयान आश्चर्यजनक है। बार-बार स्वयं अपने ही भतीजे से अपमानित होने के बाद भी उन्होंने अंतत: अखिलेश का साथ देना ही उचित समझा है। लेकिन केन्द्र में नौ साल व प्रदेश में लगभग 6 साल से चल रही भाजपा सरकार पर किसी भी तरह के घोटाले का आरोप नहीं है। ऐसे में उसे कौरव सेना कहने की बात किसी के गले से उतरने वाली नहीं है। दूसरी ओर विपक्ष के अनेक नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं जो बड़े से बड़े वकील कर सर्वोच्च न्यायालय तक चक्कर लगाने के बावजूद जेल और बेल के शिकंजे से मुक्ति नहीं पा रहे हैं। शिवपाल सिंह यादव का बयान भले ही सपा को एकजुट करने के लिए दिया गया हो, पर उससे भाजपा पर कोई प्रभाव पड़ता नहीं दिख रहा है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### कांग्रेस की बैठक

**हैदराबाद** में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में काफी विचार मंथन हुआ। लेकिन यदि एएनडीआईए गठबंधन को एकजुट रखना है तो कांग्रेस को ही सर्वाधिक  समझौते करने होंगे। एक और तो जहां सीटों के बंटवारे को लेकर खुद कांग्रेस के भीतर ही खींचतान मची हुई है। वहीं गठबंधन के अन्य सदस्यों और अन्य दलों से बागी होकर सीट पाने की मंशा में कांग्रेस में शामिल हुए लोगों के लिए प्रबल दावेदार अपनी सीट छोड़ने के बजाय बगावत करना अधिक पसंद करेंगे। भले ही यह गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए हुआ हो। मगर जैसे-पूत के पांव पालने में नजर आ जाते हैं, वैसे ही आगामी पांच राज्य में होने वाले चुनाव से आईएनडीआईए गठबंधन का भविष्य नजर आ जाएगा। यदि इन चुनावों में यह गठबंधन एकजुट नहीं रहा तो लोकसभा चुनाव में उसे इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। आप व माकपा की बगावत सामने आ गई है, अत: भविष्य में कांग्रेस का सिरदर्द और बढ़ेगा। बीजेपी के पास मोदीजी के साथ-साथ धरातल पर किए गए ठोस कार्यों और विश्व में भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि चमकाने जैसे ट्रंप कार्ड हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### मोदी का संबोधन

**सरकारें**-पार्टियां आएंगी जाएंगी, बनेंगी-बिगड़ेंगी, लेकिन देश बढ़ते रहना चाहिए। अटलजी के इन विचारों के साथ पुराने संसद के आखिरी सम्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित नेहरू, लालबहादुर शास्त्री, इंदिरागांधी, राजीव गांधी व मनमोहन सिंह की तारीफ की। उन्होंने कहा इस संसद ने कई उतार-चढ़ाव देखे, किन्तु हमारा देश आगे बढ़ता रहा। इससे जुड़ी यादें और प्रेरणाएं हमें देश को और आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि अटल जी का कथन संसद का मूल उद्देश्य भी है। सबका साथ. सबका विकास की राह पर हमारा देश विश्वमित्र बनता जा रहा है। देशवासियों और दुनिया के मित्रों के सहयोग से अवश्य हमारा देश और आगे बढ़ेगा तथा हमेशा नए आयाम छुएगा। प्रधानमंत्री मोदी का यह संबोधन उनके पद की गरिमा के अनुकूल है। उन्होंने संसद की 75 साल की यात्रा का समग्र मूल्यांकन करते हुए बिना पक्षपात या अनुराग-द्वेष के बिना अपनी बात रखी। लेकिन विडंबना है कि विपक्ष के कुछ नेताओं ने अवसर के अनुकूल व्यवहार नहीं किया।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# टैक्सी चालक की हत्या के दोषियों को उम्र कैद, 21-21 हजार रुपये जुर्माने की सजा

## बीच रास्ते टैक्सी चालक की हत्या कर टैक्सी ले उड़े थे बदमाश

पायनियर समाचार सेवा। कैथल



**अतिरिक्त** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित गर्ग की अदालत ने चंडीगढ के एक टैक्सी चालक की हत्या के अपराध में 4 दोषियों को उम्र कैद और 21-21 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर तीन महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस बारे में अवतार सिंह निवासी कैथल ने थाना शहर में धारा 201, 302, 120 बी, 394 आईपीसी के तहत 30 दिसंबर 2017 को मुकदमा नंबर 591 दर्ज करवाया था।

जिला न्यायवादी मैनपाल सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता अवतार सिंह का खेत पट्टी अफगान के नजदीक ड्रेन के साथ लगता है। 30 दिसंबर 2017 की सुबह करीब 9.30 बजे वह अपने खेत में आया था। शौच करने के बाद वह हाथ धोने के लिए ड्रेन के अन्दर गया तो देखा कि ड्रेन के किनारे के पास एक लड़के की लाश पड़ी हुई थी। इस पर उसने फोन करके खेत के पड़ोसी सुरेश को बुलवाया। सुरेश ने भी लाश को देखा और सीआईए के कर्मचारी दर्शन को फोन पर लाश बारे बताया। पुलिस ने लाश का निरीक्षण किया जो पाया कि यह लाश करीब 30 साल के लड़के की थी। लाश के गले पर रस्सी या तार के निशान थे तथा दाहिने हाथ की कलाई पर डीएस राणा गुदा हुआ था। पुलिस ने शक जताया कि लड़के को गला घोंट कर मारा गया है तथा लाश को छिपाने के लिए ड्रेन में फैंक दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और शक के आधार पर विक्रम निवासी मानस, मोहित निवासी माघो माजरी, संजीव निवासी गांव माघो माजरी और साहिल निवासी रामनगर कैथल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान विक्रम ने बताया कि वे चारों अच्छे दोस्त हैं और रातों-रात अमीर बनने का सपना देख रहे थे। इस बीच उन्होंने लूट की योजना बनाई। योजना के अनुसार वे चंडीगढ़ से एक टैक्सी किराए पर लेंगे और बीच रास्ते टैक्सी चालक को मारकर टैक्सी लूट लेंगे तथा टैक्सी को बेचकर पैसे आपस में बांट लेंगे। योजना के अनुसार चारों ने चंडीगढ़ से संदीप निवासी यमुनानगर की टैक्सी पेहवा के लिए किराए पर ली और बीच रास्ते में ईस्माईलाबाद के पास टैक्सी रुकवा कर चालक का रस्सी से गला दबाया और उसकी हत्या कर दी तथा टैक्सी को लेकर फरार हो गए। चारों ने योजना के अनुसार कैथल के पास ड्रेन में चालक के शव को सबूत मिटाने के लिए फेंक दिया।

पुलिस ने चालान तैयार करके अदालत में पेश किया। स्टेट की तरफ से डीडीए सुखदीप सिंह मुकदमे में पेश हुए। मुकदमे में कुल 23 गवाह एग्जामिन करवाए गए। एडीजे अमित गर्ग ने दोनों पक्षों को गौर से सुनने के बाद सबूतों और गवाहों की रोशनी में मोहित उर्फ बोना, विक्रम, साहिल और संजीव को दोषी पाया तथा अपने 31 पेज के फैसले में उन्हें उम्र कैद और 21-21 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

### महिला आरक्षण बिल महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम : डिप्टी सीएम

**चंडीगढ़।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से आए महिला आरक्षण बिल का स्वागत किया है और इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा कदम बताया हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इसको लेकर काफी लंबे समय से मांग थी और वे केंद्र सरकार द्वारा इस ओर संसद में बड़ा कदम उठाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले दो दशक से इस विषय पर लंबी चर्चा चल रही थी। वे बुधवार को नई दिल्ली में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने यह भी कहा कि हरियाणा सरकार ने भी महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया था। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था लागू होने से संसद, विधानसभाओं में महिलाओं को अपनी बात रखने की ज्यादा जगह मिलेगी और देश-प्रदेश के बदलावों में उनकी हिस्सेदारी होगी।

महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस द्वारा श्रेय लेने के सवाल पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बाद कांग्रेस की तीन बार पूरे कार्यकाल की सरकार रही थी।

# श्री आदि बद्री मेला को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों ने की बैठक

पायनियर समाचा सेवा। बिलासपुर /यमुनानगर



**महर्षि** वेद व्यास की कर्म स्थली बिलासपुर में तीर्थ राज कपाल मोचन में 23 नवम्बर से 27 नवम्बर तक लगने वाले प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक अन्तर्राज्यीय श्री कपाल मोचन-श्री आदि बद्री मेला 2023 के प्रबन्धों को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन तथा सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक लघुसचिवालय बिलासपुर के सभागार में हुई। जिसमें उपायुक्त एवं कपाल मोचन, बद्री नारायण, माता मंत्रा देवी, केदारनाथ मंदिर धार्मिक एवं पूजा स्थल बोर्ड यमुनानगर के मुख्य प्रशासक कैप्टन मनोज कुमार ने मेला प्रबंधों से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 23 नवम्बर 2023 को कपाल मोचन आदि बद्री मेला की प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन होगा।

बैठक में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि विश्व प्रसिद्ध कपाल मोचन-आदि बद्री मेला के संबंध में अधिकारी सभी अंतिम प्रबंध समय पर पूर्ण करें व पूरी श्रद्धा से अपनी डयूटी करें। उन्होंने बैठक में स्पष्ट किया कि मेला में डयूटी पर तैनात सभी अधिकारी व कर्मचारी 28 नवम्बर तक अपनी डयूटी पर तैनात रहेंगे व डयूटी में कोई कोताही सहन नहीं की जाएगी।

उपायुक्त एवं कपाल मोचन, बद्री नारायण, माता मंत्रा देवी, श्री केदारनाथ मंदिर धार्मिक एवं पूजा स्थल बोर्ड यमुनानगर के मुख्य प्रशासक ने कहा कि कपाल मोचन मेले में देश के विभिन्न राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां के तीनों पवित्र सरोवरों-कपाल मोचन सरोवर, ऋण मोचन सरोवर व सूरज कुण्ड सरोवर में क्रमवार स्नान करने के लिए आते हैं।

उन्होंने कहा कि कपाल मोचन मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाएं मिले ऐसे सभी अधिकारियों के प्रयास होने चाहिए। उन्होंने मेले में सफाई व्यवस्था, दवाईयों के प्रबन्ध, अस्थाई शौचालयों, पेयजल के प्रबन्ध, सडकों की मरम्मत, बिजली का प्रबन्ध, खाद्य सामग्री, दूध की आपूर्ति, बैरिकेटिंग, पुलिस प्रबन्ध व अन्य प्रबन्धों बारे विस्तार से समीक्षा की तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी व प्रदर्शनी स्थल के बीचो बीच सांस्कृतिक मंच बनाया जाएगा जहां से सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग तथा सांस्कृतिक कार्य विभाग के कलाकार गीतों, भजनों व लोक गीतों के माध्यम से विश्व प्रसिद्ध श्री कपाल मोचन-श्री आदि बद्री मेला में पधारे लाखों श्रद्धालुओं व यात्रियों का मनोरंजन धार्मिक गीतों व भजनों से करेंगे। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने लोक निर्माण विभाग नारायणगढ़ व हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कपाल मोचन व आदिबद्री की ओर जाने वाली सड़कों की मरम्मत का कार्य शीघ्र निपटाएं और सडकों पर कहीं भी निर्माण सामग्री न पड़ी हो।

# छात्रा नेनसी ने कराटे टूर्नामेंट में राज्य स्तर पर जीता कांस्य पदक

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर



**डीएवी** पुलिस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अनूप कुमार चोपड़ा ने बताया कि छात्र व छात्राएं न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी यह प्रमाणित कर रहे है कि विद्यालय द्वारा जहां उन्हें अच्छी शिक्षा दी जा रही है।

प्रधानाचार्य अनूप कुमार चोपड़ा ने बताया कि नेनसी ने 56वीं हरियाणा राज्य विद्यालय क्रीडा प्रतियोगिता 2023 के कराटे टूर्नामेंट में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि नेनसी को इस जीत पर कांस्य पदक के साथ-साथ नगद पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। अध्यापिका नेहा वर्मा के नेतृत्व में कक्षा आठवीं की मन्नत और कक्षा दसवीं की नेनसी ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। उन्होंने छात्रा नेनसी व अध्यापिका नेहा वर्मा को इस जीत के लिए बधाई देते हुए कहा कि उचित प्रशिक्षण कड़ी मेहनत एवं निरंतर अभ्यास ही सफलता के रूप में सामने आता है।

### रोहतक में ऑटो रिक्शा पर लगेगा यूनिक कोड

**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक में अब सभी ऑटो रिक्शा पर यूनिक कोड लगाया जाएगा। इसके तहत चार अंक का विशेष नंबर दिया जाएगा। जिसमें ऑटो, ड्राइवर व संचालक की पूर्ण जानकारी होगी।

यह डाटा डायल 112 के साथ भी सांझा किया जाएगा। ताकि ऑटो में कोई अपराध हो तो उसकी तुरंत पुलिस को शिकायत दी जा सके। पुलिस के पास पूरा रिकार्ड होगा, जिसके आधार पर तुरंत कार्रवाई होगी। इसको लेकर एसपी हिमांशु गर्ग ने ऑटो यूनियन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें एएसपी मेधा भूषण, डीएसपी डॉ. रविन्द्र सिंह, आरटीए आईएफएस अधिकारी डॉ. सुनील कुमार, ट्रैफिक थाना इंस्पेक्टर शमशेर, इंस्पेक्टर वीरेंद्र व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# हर पर्व में संस्कृति व प्रकृति का संरक्षण करना हमारा दायित्व : कविता जैन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना के बाद पूजा-अर्चना करतीं पूर्व मंत्री कविता जैन।

पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री कविता जैन ने कहा कि हमें अपने पर्व और त्योहार इस तरह से मनाने चाहिए। जिससे कि हमारी परंपरा, संस्कृति के साथ ही प्रकृति का भी संरक्षण हो सके। इसके लिए गाय के गोबर, मिट्टी और आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से बनी भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना होनी चाहिए।

बीती शाम गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्षा कविता जैन शहर में आयोजित एक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने पुराना गंज बाजार में भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति की स्थापना के बाद पूजा अर्चना की और आरती में भाग लिया।

उन्होंने कहा कि आज प्लास्टिक थर्माकोल तथा अन्य सिंथेटिक पदार्थ से बनी भगवान श्री गणेश की मूर्तियों का प्रचलन बाजार में बढ़ रहा है, इनका विसर्जन प्रकृति के संरक्षण के तो खिलाफ है ही साथ में जल में न घुलने के कारण भगवान की इन पर पूज्य मूर्तियों की बाद में अनदेखी भी देखने को मिलती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीटी वर्ल्ड स्कूल द्वारा ओपन माइक सीजन 4 का आयोजन

**जालंधर।** सीटी वर्ल्ड स्कूल द्वारा ओपन माइक सीजन 4 आयोजित किया गया। जिसमें विविध पृष्ठभूमि के 10 वक्ताओं ने अपनी प्रेरक कहानियाँ साझा कीं। इस आयोजन ने उन लोगों के लिए एक मंच प्रदान किया जिन्होंने समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, अपने जीवन संघर्षों, चुनौतियों पर काबू पाया और समाज में अपना नाम बनाया। प्रत्येक वक्ता ने अपनी अनूठी यात्रा साझा की। इस अवसर पर चावला नर्सिंग होम एंड मैटरनिटी हॉस्पिटल, जालंधर के संस्थापक डॉ. सुषमा चावला ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता जतिंदर सोनी, ग्रीन स्पैरो प्रोजेक्ट की संस्थापक रमनप्रीत कौर, एंडिको पावर टूल्स के प्रबंध निदेशक जतिंदर सिंह, उड़ान स्पेशल स्कूल की संस्थापक मीनू साही, डॉ. इशमान सैनी डेंटल एस्थेटिक एंड कॉस्मेटिक सेंटर से डॉ. इशमान सैनी, बी ट्रीट के संस्थापक जगतार सिंह, पीएमजी अस्पताल के समर्पित प्रमुख डॉ. सुरजीत कौर, एफ 9 मीडिया की मैनेजिंग डिरेक्टर नवजोत कौर, लास्ट होप एनजीओ से जतिंदर पाल सिंह, इनिशिएटर्स ऑफ चेंज के संस्थापक गौरवदीप सिंह ने भाग लिया और अपनी जीवन कहानी बताकर प्रेरित किया।इस मौके पर सीटी ग्रुप की कोचेयरपर्सन परमिंदर कौर, सीटी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मनबीर सिंह, सीटी ग्रुप की कोर टीम सदस्य तनिका चन्नी, सीटी यूनिवर्सिटी के छात्र कृयाण विभाग के डिप्टी डिरेक्टर दविंदर सिंह, सीटी ग्रुप के छात्र कृयाण के डीन डॉ. अर्जन सिंह, सीटी वर्ल्ड स्कूल की प्रिंसिपल अमिता शर्मा और फैकुटी मौजूद रहे। सीटी ग्रुप के मैनेजिंग डिरेक्टर डॉ. मनबीर सिंह ने जीवनप्रेरणादायक कहानियां साझा करने के लिए वक्ताओं की दिल से सराहना की और युवा पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

### बहादुरगढ़ में युवक की हत्या

**बहादुरगढ़।** हरियाणा में बहादुरढ़ के गांव रोहद में युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। वारदात के बाद तीन युवक गायब हैं। उन्हीं पर हत्या का आरोप लगा है। आसौदा थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला बहराइच के गांव बसोना निवासी भजन (23) अपने ही गांव के कुछ युवकों के साथ आसौदा स्थित एक कंपनी में काम करता था। साथ ही इसी कंपनी में बने क्वार्टरों में रहते हैं। भजन भी इन युवकों में शामिल था। मंगलवार की रात को खाना खाने के बाद वह टहलने के लिए कमरे से निकला था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा।

### रोहतक में नगर निगम कर्मचारियों का प्रदर्शन॰

**रोहतक।** बुधवार को नगर निगम के कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारी काले झंडे व झाडू लेकर सड़कों पर उतरे। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर में से गुजरे। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों की अनदेखी कर रही है। जिसके कारण उन्होंने यह कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा है। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा इकाई रोहतक के अध्यक्ष संजय बिड़लान ने कहा कि प्रदेश के सभी नगर निगम, पालिका तथा परिषद के कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया है। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार अगर समय रहते उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तो वे आंदोलन दोबारा शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि 19 अक्टूबर 2022 से काम छोड़ हड़ताल शुरू की, जो लगभग 10 दिन चली। सरकार ने संघ के प्रतिनिधियों को बातचीत के लिए बुलाया।

# एमडीडी बाल भवन संस्था का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं परखीं

### उपलब्ध करवाई जा रहे सुविधाओं के बारे में जानकारी ली

पायनियर समाचार सेवा। जायजा



**करनाल।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों अनिल लाठर तथा श्याम शुक्ला द्वारा बाल देखरेख संस्थान निरीक्षण गृह (कन्या) तथा एमडीडी बाल भवन संस्था का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण गृह में वर्तमान में दो ही किशोरियां रह रही है तथा एमडीडी बाल भवन में 84 बच्चे रह रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान बच्चों से उन्हें उपलब्ध करवाई जा रहे सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। सभी बच्चे संस्थाओं द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं से खुश पाए गए। बच्चों को सभी उत्तम सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान संस्था में बच्चों से संबंधित दस्तावेज, फाइल, रिकॉर्ड इत्यादि चेक किया गया जिसमें जो भी कमियां पाई गई उनमें सुधार करने के निर्देश दिए गए।

बच्चों को शारीरिक व मानसिक रूप से व्यस्त रखने हेतु बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने तथा वोकेशनल ट्रेनिंग भी करवाने हेतु निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी, बाल कृयाण समिति अध्यक्ष उमेश चांनना तथा सदस्य निरुपमा सदर, बलराज सांगवान, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, डॉ. मनोज, मेडिकल ऑफिसर, डॉक्टर हवा सिंह, साइकोलॉजिस्ट, सुमन प्रोग्राम ऑफिसर, प्रवेश साइकोलॉजिस्ट, सुमन संरक्षण अधिकारी तथा संस्थाओं के प्रबंधक मौजूद रहे।

# स्कूल में एक साथ मनाया 21 कन्याओं का जन्मदिन



बच्चियों का जन्म दिन मनाते हुए स्टाफ सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत विद्यालय की सितंबर माह में जन्मी 21 बेटियों का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य हरपाल सिंह ने समस्त स्टाफ सदस्यों के साथ सभी बेटियों के हाथ से केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे लिए बेटियों का जन्मदिन विद्यालय में मानना बड़े हर्ष और गौरव का पल है। बेटा भाग्य से पैदा होता है और बिटिया सौभाग्य से पैदा होती हैं। स्कूल की बेटियों का जन्म दिवस विद्यालय में मना कर एक नई मुहिम शुरू की है। हम इसे आगे भी जारी रखेंगे। बच्चियों के जन्मदिन को विशेष बनाने के लिए प्राचार्य ने सभी बच्चियों को नोटबुक और पेन दिए। कई बच्चियों ने कहा कि हमने ऐसा जन्म दिन पहली बार मनाया है। बच्चियों ने इस पल को यादगार बनाने के लिए गीत, कविता, चुटकुले सुना कर सभी को आनंद विभोर कर दिया। जन्मदिन में शामिल बच्चों में नूर, मनजीत, शशि, राधिका, प्रिया, किरण, राधिका, तमन्ना, सिमरन, जन्नत, नवनीत, पूनम, मन्नू, जसप्रीत, मन्नत, माफी आदि थे।

### व्यक्ति को छह माह का कठोर कारावास

**हिसार।** हरियाणा के हिसार की जिला अदालत ने हांसी के भाटला गांव में वर्ष 2017 में भैंस खरीदने पर रुपए न देने व महिला से मारपीट के मामले में भाटला के सुनील को दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोषी को छह माह की सख्त सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक सिंगल की अदालत ने दोषी पर 1 हजार का जुर्माना लगाया है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव भाटला की रहने वाली सरोज ने कहा कि आरोपी सुनील को उसके पति ने 18 अक्टूबर 2016 को अपनी भैंस 81 हजार रुपए में बेची थी। आरोपी सुनील ने भैंस की कीमत 81 हजार रुपए अदा करने के लिए कुछ दिनों की मोहलत मांगी थी। लेकिन निर्धारित समय भी गुजर गया और आरोपी ने 81 हजार रुपए नहीं दिए।

अप्रैल 2017 की सुबह 8 बजे वह अपनी बेटी मंजू के साथ आरोपी के घर भैंस के पैसे मांगने गई तो आरोपी गुस्से में आ गया। उससे डंडे से मारपीट की। इस दौरान जातिसूचक शब्द बोले।

# फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज के माध्यम से विकास की नई राह बनाने वाले उद्यमियों की सफलता की कहानी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कदम** बढ़ाते हैं बिग बिलियन एक्सप्लोरर्स की अनूठी दुनिया में, जहां हम सुनेंगे उन सेलर्स की कहानी, जिन्होंने फ्लिपकार्ट के वार्षिक फ्लैगशिप इवेंट द बिग बिलियन डेज के दम पर सफलता की नई कहानी लिखी है। हमें सभी कहानियों में एक समानता दिखती है, वह हैं द बिग बिलियन डेज। यह कारोबार की सफलता को नए स्तर पर ले जाने में एक कैटलिस्ट की भूमिका निभाता है।

मिलते हैं आगरा में स्थापित ऑनलाइन शू स्टोर हैस्टी टोज के मालिक आलोक वर्मा से। जूते के कारोबार की पारिवारिक विरासत और क्वालिटी को लेकर अपने पैशन के साथ आलोक ने तीन साल पहले डिजिटल कारोबार का सफर शुरू किया था। अपने ऑनलाइन वेंचर को गति देने के लिए उन्होंने 7-8 लोगों की छोटी और मजबूत टीम बनाई। काम के प्रति समर्पण और बिजनेस को लेकर गहरी समझ के दम पर आलोक की कंपनी आगे बढ़ने लगी। बिग बिलियन डेज आने वाले हैं और आलोक विगत वर्षों में इस इस इवेंट के दौरान सफलता के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए इस बार भी बहुत उत्साहित हैं।

पश्चिम बंगाल के श्याम एक डायनामिक और समर्पित उद्यमी हैं। एसेंशियल वाटर सॉल्यूशन प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ इलेक्ट्रो ने अपने आप को फ्लिपकार्ट पर प्रतिष्ठित ब्रांड के रूप में स्थापित किया है। बात जब ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को चुनने की आई, तो वह जानते थे कि फ्लिपकार्ट ही सही विकृप है। उद्यमी के रूप में श्याम का सफर इस भरोसे पर टिका है कि स्वच्छ पानी लोगों का मौलिक अधिकार है। इसी पैशन के साथ उन्होंने ऑनलाइन बिजनेस की दुनिया में कदम रखते हुए वाटर प्यूरीफायर एक्सेसरीज को अपने ब्रांड की यूएसपी बनाया। फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज का हिस्सा बनना इलेक्ट्रो के लिए टर्निंग प्वाइंट रहा है। इस इवेंट ने उन्हें ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच अपने प्रोडक्ट को शोकेश करने का प्लेटफॉर्म दिया है। आगामी फेस्टिव सीजन को देखते हुए श्याम सुनिश्चित करने में लगे हैं कि उनकी टीम बढ़ी हुई मांग के बीच अपने ग्राहकों को बेहतरीन शॉपिंग एक्सपीरियंस दे सके।

स्कूल की पढ़ाई पूरी करते ही परिवार का सहयोग करने के लिए कमाना शुरू कर देने वाले आशीष कुकरेजा ने 2014 में उन्होंने परिवार एवं दोस्तों के सहयोग से शू ब्रांड क्रासा की स्थापना की थी।

# अखिल भारतीय पेपर बेस्ड मॉक एसबीआई पीओ प्रारंभिक परीक्षा को नि:शुल्क आयोजित करेगा टीआईएमई

### पहला स्लॉट सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे और दूसरा स्लॉट शाम 4 बजे से पांच बजे तक रहेगा

पायनियर समाचार सेवा। गुड़गांव

**एसबीआई** पीओ 2023 के लिए अधिसूचना जारी हो चुकी है। परीक्षा में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को एसबीआई पीओ प्रारंभिक परीक्षा के पेपर पैटर्न से परिचित कराने के लिए टीआईएमई एक नि:शुल्क अखिल भारतीय पेपर बेस्ड मॉक टेस्ट आयोजित कर रहा है।

जिसमें कुल पदों की संख्या 2000 है। बैंकिंग सेक्टर में अपना भविष्य तलाशने वाले युवा उम्मीदवार इस महत्वपूर्ण घोषणा का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। परीक्षा में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को एसबीआई पीओ प्रारंभिक परीक्षा के पेपर पैटर्न से परिचित कराने के लिए टीआईएमई एक नि:शुल्क अखिल भारतीय पेपर बेस्ड मॉक टेस्ट आयोजित कर रहा है। यह परीक्षा 24 सितंबर 2023 को टीआईएमई के केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। सितंबर 24 को यह परीक्षा दो स्लॉट में आयोजित होगी। पहला स्लॉट सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे और दूसरा स्लॉट शाम 4 बजे से पांच बजे तक रहेगा।

छात्र परीक्षा में शामिल होने के लिए किसी भी एक स्लॉट को चुन सकते हैं। यह परीक्षा छात्रों को बैंक परीक्षा के पैटर्न को समझने, परीक्षा का अनुभव लेने और हजारों उन छात्रों के बीच अपनी रैंक का विश्लेषण करने में मदद करेगी।

# एससी/ एसटी अत्याचार निवारण एक्ट को जिले में और प्रभावी ढंग से लागू किया जाए : डिप्टी कमिश्नर

### एक्ट अधीन दर्ज मामलों में प्रभावित लोगों को मुआवजे की जल्द बांट सुनिश्चित करने के निर्देश

पायनियर समाचर सेवा। जालंधर



**डिप्टी** कमिश्नर विशेष सारंगल ने बुधवार को अधिकारियों को जिले में एससी/एसटी अत्याचार निवारण एक्ट को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया ताकि अनुसूचित जाति के खिलाफ अत्याचार के मामलों में तुरंत न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जा सके।

यहां जिला प्रशासकीय परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए, डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि इस अधिनियम अधीन दर्ज प्रत्येक मामले की जांच समयबद्ध तरीके से की जाए और ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए ताकि पीड़ितों को बिना किसी देरी के न्याय मिल सके।

उन्होंने कहा कि एससी/एसटी कोई भी व्यक्ति जो अत्याचार निवारण एक्ट अधीन शिकायत दर्ज करवाता है, वह एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज के बाद मुआवजे के लिए योग्य है। उन्होंने बैठक में मौजूद कमिश्नरेट पुलिस और ग्रामीण पुलिस के प्रतिनिधियों से कहा कि अत्याचार निवारण अधिनियम अधीन मामला दर्ज होते ही जिला सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक अधिकारी और जिला अटॉर्नी के इलावा डिप्टी कमिश्नर दफ्तर को सूचित किया जाए ताकि पीड़ित को जल्द से जल्द मुआवजा देने के लिए उचित कार्रवाई की जा सके।

इस दौरान पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मामलों और जिला अटॉर्नी द्वारा लड़े जा रहे मामलों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ज) मेजर अमित महाजन, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) वरिंदरपाल सिंह बाजवा, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (शहरी विकास) जसबीर सिंह, जिला सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक अधिकारी संजीव कुमार मन्नन आदि उपस्थित थे।

# हाईवे अथारिटी को निर्माणाधीन दकोहा अंडर पास में सर्विस लेनज बनाने के आदेश दिए

## प्रशासन और एनएचएआई द्वारा साइट का सांझा दौरा चार अक्तूबर को

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर



### एसडी ऐमज को हाईवे अथारटी के अन्य प्रोजेक्टों में जमीन एक्वायर करने और मुआवजा देने के काम में तेजी लाने के लिए कहा

**दकोहा** व्हीकल अंडर पास ( वीयूपी) के निर्माण की धीमी रफ्तार, जिस कारण जालंधर- पानीपत राष्ट्रीय राज मार्ग पर ट्रैफिक जाम लगा रहता है, का गंभीर नोटिस लेते डिप्टी कमिशनर विशेष सारंगल ने मंगलवार को राष्ट्रीय हाईवे अथारटी को अंडर पास में दोनों तरफ सर्विस लेनज बनाने के लिए 15 दिनों का समय दिया, ताकि ट्रैफिक के सुचारू परवाह को यकीनी बनाया जा सके। जिला प्रशासकीय कंपलैक्स में एनएचएआई के अधिकारियों के साथ मीटिंग की अध्यक्षता करते डिप्टी कमिशनर ने कहा कि काम कर रही एजेंसी की लापरवाही कारण इस विशेष जंक्शन पर यातायात में विघ्न पड़ता है।

उन्होंने कहा कि यह प्राजैकट पहले ही कम रफ्तार से चल रहा है और ख़राब सर्विस लेनज कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसा व्यवहार किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और एन.एच.ए. आई को अगले 15 में सर्विस लेनज़ बनाने के लिए सम्बन्धित एजेंसी को तुरंत हिदायतें जारी करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि समय सीमा के बाद यदि टूटीं सर्विस लेनज़ कारण सड़क पर कोई हादसा होता है तो प्रशासन की तरफ से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उपरांत एनएचएआई के अधिकारियों ने डिप्टी कमिश्नर को बताया कि सम्बन्धित एजेंसी को नोटिस जारी किया जा चुका है और काम को समय पर मुकम्मल करने को यकीनी बनाने के लिए निगरानी के लिए एक टीम को भी तैनात किया गया है। डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने बताया कि प्रशासन और एन एचएआई द्वारा 4 अक्तूबर को सांझे तौर पर दौरा करके साइट का निरीक्षण किया जायेगा। इस दौरान डिप्टी कमिशनर ने अधिकारियों को 6 मार्गीय जालंधर बाइपास, अमृतसर- बठिंडा प्राजैकट, दिल्ली- कटरा ऐक्सप्रैस सहित एनएचएआई के अलग- अलग प्रोजेक्टों के अंतर्गत एक्वायर की जमीन के मुआवज़े की जल्द से जल्द बांट करने के निर्देश दिए और इन प्रोजेक्टों में और देरी से बचने के लिए मुआवज़ के मामलों को जल्द निपटाने के लिए कहा।

उन्होंने अधिकारियों को काम में तेजी लाने के लिए एनएचएआई के साथ मिल कर काम करने के लिए कहा जिससे इन प्रमुख प्रोजेक्टों को पूरा करने के साथ आर्थिक गतिविधियों को उत्साह मिल सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महत्व के यह प्राजैकट ट्रैफिक जाम को दूर करन, सैर सपाटे और सड़क सुरक्षा को उत्साहित करने और रोजगार के मौके बढ़ाने में मददगार साबित होंगे। इस मौके अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर जनरल अमित महाजन, एसडी एमज और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।


## जल जीवन मिशन पानी के क्षेत्र में सरकार की अनूठी पहल: आरजू चौधरी

**चंडीगढ़।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग विभाग की तरफ से खंड रायपुर रानी की ग्राम पंचायत खेडी में जल जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की जिला सलाहकार मैडम आरजू चौधरी ने शिरकत की तथा खंड रायपुर रानी के बी आर सी पाल सिंह जी के साथ घर-घर जाकर लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया।

लोगों के पानी के कनेक्शन भी चेक किय । उन्होंने आंगनबड़ी केंद्र में एक ग्रुप मीटिंग भी बुलाई। जिसमें उन्होंने गांव की सरपंच को जल जीवन मिशन की निर्देश पुस्तक भेंट की तथा जल जीवन मिशन के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी और जल जीवन मिशन को पानी के क्षेत्र में सरकार की अनूठी पहल बताया। इस अवसर पर बी आर सी पाल सिंह जी ने पानी की गुणवत्ता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मौसम बदलने के साथ-साथ पानी की जांच करना बहुत जरूरी है जिसके लिए विभाग द्वारा फील्ड टेस्ट किट गांव में वितरित की जा रही है और लोगों को फील्ड टेस्ट किट से पानी की जांच करने की विधि भी बताई जा रही है । जिससे लोग अपने घर पर ही पानी की जांच कर सकते हैं। मैडम आरजू चौधरी ने लोगों की पानी की समस्याओं को सुना तथा समस्याओं का हल करवाने के लिए विभाग से बात की ।

# भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पकड़ी कैप्टन अमरिंदर सिंह की राह, पर कतर सकती है हाईकमान

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



**इनेलो** के साथ गठबंधन न हो इसको लेकर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने आक्रामक तेवर अपना लिये है। नाक का सवाल बना इनेलो के साथ गठबंधन नही पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा भड़के हुए।

इनेलो के गठबंधन का मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से नाराजगी जताई है। गठबंधन मामले को लेकर पूर्व सीएम अपने बेटे और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं।

आपको बता दें कि इनेलो ने हरियाणा में होने वाली 25 दिसंबर को सम्मान दिवस रैली का न्योता सोनिया गांधी को भेजा है जिसको लेकर हुड्डा ने पार्टी हाईकमान पर रैली में शामिल न होने का दबाव बनाया है कि वो न तो खुद रैली में शामिल हो रहे और वो चाह रहे है कि उनकी पार्टी का कोई भी नेता रैली में शामिल ना हो। हुड्डा को ड़र है कि यदि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से स्वयं सोनिया गांधी या उनका कोई प्रतिनिधी रैली में शामिल हो गया तो गठबंधन का मार्ग आसान हो जायेगा जो हुड्डा कदापि नही चाह रहे है। हुड्डा की यह हठधर्मिता पार्टी हाई कमान को उनके खिलाफ कुछ कड़ा फैसला लेने पर मजबूर कर सकता है। अपने आप को हाईकमान से बड़ा समझने की भूल हुड्डा को भारी पड़ सकती है। हुड्डा भी पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री की राह पर निकल पड़े है। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भी पंजाब में अपने हिसाब से काम किया था। संगठन में रहे तो हाईकमान के आदेश नहीं सुने। सीएम बने तो संगठन को दरकिनार कर अपनी मनमर्जी चला रहे थे। पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह कांग्रेस हाईकमान की चुनौती बन चुके थे। वो जब कांग्रेस के प्रधान बने तो हाईकमान की नहीं सुनी। लेकिन जब हाईकमान ने बाहर का रास्ता दिखाया तो कांग्रेस से अलग होकर कैप्टन अमरिंदर ने अपनी अलग राह पकड़ी और नई पार्टी बना ली। कांग्रेस से अलग होकर नई पार्टी बनाकर चुनाव लड़ने वाले पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह चुनाव हार गए हैं यानी कांग्रेस से निकलने के बाद कैप्टन के राजनीतिक करियर में फिलहाल एक ब्रेक लग गया है। इस चुनाव के जरिए वे यह साबित करना चाहते थे कि पंजाब की राजनीति में उनकी कितनी अहमियत है और कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निकाल कर क्या खोया है? लेकिन यह चुनाव अमरिंदर के लिए यह तो अच्छी खबर लेकर आई कि कांग्रेस सत्ता से बेदखल हो गई लेकिन वे खुद अपनी सीट भी नहीं बचा पाए।

कैप्टन अमरिंदर के नक्से कदम पर चलते हुए 2019 में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा भी हाई कमान को आर पार की धमकी दे चुके है यानि अपनी अलग पार्टी बनाने की बात कर चुके है। हुड्डा पिछले चुनाव में भी कांग्रेस पर दबाब हरियाणा में टिकटों के बटवारें को लेकर अपनी मनमर्जी चला चुके है। हाई कमान के पास हुड्डा के पार्टी के प्रति किये गये सभी कामों की रिपोर्ट है। उनके कार्यकाल में क्षेत्रवाद का मामला हो या संगठन के नेताओं को पार्टी से बाहर करवाने की बात हो, पार्टी हाईकमान को बिंदुवार समझाने के लिए सुरेजवाला अपनी पकड़ बना चुके है। पार्टी हाई कमान में अब फिलहाल कोई नेता ऐसा नही है जो हुड्डा के पक्ष में मुखर होकर उनका पक्ष रख सके। ऐसे में हुड्डा के लिए गठबंधन को लेकर अपने आप को पार्टी हाईकमान से ऊपर समझना अपने सितारे खुद गर्दिश में लाने वाली बात साबित हो सकती है। हुड्डा स्वयं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के धर्य की परीक्षा लेने पर तुले है।

# हरियाणा खेल के क्षेत्र में बना सिरमौर : दुष्यंत चौटाला

### राष्ट्रीय महिला हैंडबॉल टीम ने डिप्टी सीएम से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़




**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि राज्य सरकार ने खिलाड़ियों के हित में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिसकी बदौलत आज हरियाणा खेल के क्षेत्र में सिरमौर बना हुआ है। डिप्टी सीएम बुधवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीय महिला हैंडबॉल टीम के सदस्यों से बात कर रहे थे। इस अवसर पर हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने डिप्टी सीएम से सभी खिलाड़ियों का परिचय करवाया। यह राष्ट्रीय महिला हैंडबॉल टीम चीन में होने वाले एशियाई गेम्स में शिरकत करने जा रही है।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हैंडबॉल टीम के खिलाड़ियों को एशियाई गेम्स के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को कई सुविधाएं उपलब्ध करवा कर उनके खेलों को तराशने का काम कर रही है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज खेल जगत में हरियाणा का बड़ा नाम है। उन्होंने कहा कि हमारे युवा बड़ी उपलब्धियां प्राप्त कर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने के साथ-साथ सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अवार्ड पाने वाले खिलाड़ियों को मासिक मानदेय भी दिया जाता है।

## वैश्य महाविद्यालय एनसीसी नई भर्ती प्रक्रिया में 40 का चयन

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में एनसीसी यूनिट के प्रथम वर्ष के लिए नए छात्रों का चयन किया गया । इस प्रक्रिया में लगभग 150 विद्यार्थियों ने आवेदन किया । भर्ती के दौरान मेडिकल टेस्ट, 100,400 और 800 मीटर की रेस, शारीरिक वर्कआउट ,टीम वर्क, लिखित व मौखिक परीक्षा आदि राउंड किए गए। प्रतिभागियों को फिल्टर कर चयन प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस प्रक्रिया में 40 छात्रों का चयन किया गया और 10 छात्रों को रिजर्व में रखा गया है । इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए मुख्य रूप से प्रथम हरियाणा एनसीसी बटालियन की तरफ से सूबेदार नरेश और हवलदार उमेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने छात्रों की प्रशंसा की। समन्वयक लेफ्टिनेंट उन्मेष मिश्र को बधाई दी।

# दिव्यांगता को आगे बढ़ने की राह में नहीं बनने दिया बाधा

## दीपक सिंह, अयान व प्रियांक ने प्रदेश स्तर पर चित्रकला में हासिल किया द्वितीय स्थान

### उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने विजेताओं का अपने कार्यालय में किया अभिनंदन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत।


राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता-2021 के दिव्यांग विजेता।

**राज्य** स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में सोनीपत के तीन विद्यार्थियों ने विभिन्न समूहों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, जिनमें दो दिव्यांग छात्र शामिल हैं। साथ ही दो अन्य दिव्यांगों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये गये।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय बाल महोत्सव के तहत राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता-2021 का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में राजकीय वमा. विद्यालय माडल टाउन के छात्र दीपक सिंह ने व्हाईट समूह (10 से 16 वर्ष आयु वर्ग) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के दो अलग समूह (रैड व यैलो) बनाकर आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत यैलो समूह (05 से 10 वर्ष आयुवर्ग) में लिटल एंजल्स स्पेशल स्कूल के छात्र अयान तथा रैड समूह (11 से 18 वर्ष आयुवर्ग) में भी लिटल एंजल्स स्पेशल स्कूल के छात्र प्रियांक ने द्वितीय पुरस्कार जीते। साथ ही लिटल एंजल्स स्कूल के गर्वित और रूहचि स्कूल की छात्रा आरती ने यैलो समूह में सांत्वना पुरस्कार अपने नाम किये। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि आर्यन, प्रियांक, गर्वित और आरती ने दिव्यांगता को अपने आगे बढ़ने की राह में बाधा नहीं बनने दिया।

इन विद्यार्थियों ने प्रदेश स्तर पर नाम कमाकर अन्य छात्रों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। हर छात्र में प्रतिभा विद्यमान होती है, जिसे पहचानते हुए निखारने की जरूरत होती है। इसके लिए मंच मिलते हैं जिनका लाभ अवश्य उठाना चाहिए। दिव्यांगों में विशेष प्रतिभा होती है, जिसे हमें समझते हुए उन्हें उसी दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए।

# जिले में मिले डेंगू के सात नए पॉजिटिव केस

### स्वास्थ्य विभाग की ओर से आमजन को डेंगू से बचाव बारे किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**सिविल** सर्जन डॉ. विनोद कमल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से आमजन को डेंगू से बचाव बारे सचेत व जागरूक किया जा रहा है।

डेंगू की रोकथाम के लिए जन समुदाय की सहभागिता बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि मच्छर प्रजनन स्थलों को चिह्नित कर तथा मच्छर प्रजनन रोकने के उपायों के बारे में आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। सिविल सर्जन ने बताया कि बुधवार को जिला में डेंगू के 7 केस मिले हैं तथा जिला में अब तक 188 डेंगू के केस मिले हैं। जिला में अब तक 376441 घरों को वीबीडी टीम द्वारा कवर किया जा चुका है, इसके लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की कुल 160 टीमें कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सभी तरह का बुखार डेंगू नहीं होता है। बुखार होने पर बिना समय गंवाए डॉक्टर से संपर्क करें। डॉक्टर जांच के बाद जैसा परामर्श दें उसके अनुसार अपना इलाज करवाएं।

## स्वास्थ्य शिविर एवं विभिन्न गातिविधियों का किया गया आयोजन

**चंडीगढ़ ।** छठे राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के सयोजन से भैसा टीब्बा, स्लम एरिया, नजदीक मनसा देवी कॉम्प्लेक्स में स्वास्थ्य शिविर एवं विभिन्न गातिविधियों का आयोजन किया गया।

इस शिविर का का मुख्य उदेश्य एनीमिया को दूर करना व मिल्लेट्स को अपना कर स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना था। स्वास्थ्य विभाग से डॉ संगीता थैया व डॉ. नाजमा के सहयोग से कैंप में आये सभी बच्चों एवं महिलायों का भी टेस्ट करवाया गया साथ ही सभी बच्चों का हाइट व वेट भी चेक किया गया।

# फसल अवशेषों में आग लगाने से रोकने हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर



**सहायक** कृषि अभियन्ता डॉ. विनीत जैन ने बताया कि प्रदेश में धान की कटाई की शुरूआत हो चुकी है व कुछ जिलों में किसानों द्वारा फसल अवशेषों में आग लगाने की घटनाएं सामने आई हैं। इसी संदर्भ में किसानों को फसल अवशेषों में आग लगाने से रोकने हेतू किये जाने वाले उपायों की एक समीक्षा बैठक का आयोजन वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष श्री एमएम कुट्टी की अध्यक्षता में 15 सितंबर 2023 को किया गया था। जिसमें उन्होंने सभी जिला उपायुक्तों को इस विषय में आवश्यक कदम उठाने के आदेश दिये गये थे।

उन्होंने बताया कि उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के निर्देशानुसार उप-मण्डल अधिकारी नागरिक जगाधरी अमित गुलिया की अध्यक्षता में कृषि विभाग के अधिकारियों व विभिन्न किसान संगठनों के प्रधान के साथ-साथ फसल अवशेष प्रबंधनों बारे एक बैठक का आयोजन किया गया। उप-मण्डल अधिकारी नागरिक जगाधरी अमित गुलिया ने किसानों से फसल अवशेषों में आग न लगाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों में आग लगाने से वातावरण तो प्रदूषित होता ही है साथ ही भूमि की उपजाऊ शक्ति में भी कमी आती है।

बैठक में उपस्थित उप-मण्डल अधिकारी बिलासपुर व रादौर जसपाल सिंह गिल ने भी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पराली के धुएं से सांस व आंखों संबंधी अनेक बीमारियां भी पैदा होती है व साथ ही धुएं के कारण दुर्घटनाएं होने की सम्भावना भी रहती है।


प्रतियोगिता में उपस्थित महीलाएं।

# मोटे अनाज के बारे में दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**ब्लॉक** कैथल शहरी के अर्जुन नगर कॉलोनी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में उपस्थित महिलाओं को मोटे अनाज के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर उपस्थित माताओं की बैठक भी हुई। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कैथल शहरी कमलेश गर्ग ने बताया कि वे अपने खाने में मोटे अनाज का थोड़ी मात्रा में हर रोज प्रयोग करें। इस मौके पर सुपरवाइजर पूनम देवी, आंगनवाड़ी वर्कर मीना कुमारी, मीना रानी, अनीता, पूनम, राजबाला, पिंकी, संतोष और हरविंदर भी उपस्थित रहीं।

# अमेजन बिजनेस मना रहा है भारत में बिजनेस ग्राहकों को सशक्त बनाने की 6वीं वर्षगांठ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**अमेजन** बिजनेस को सितंबर 2017 में लॉन्च किया गया था। बिजनेस ग्राहकों को झंझट रहित तरीके से एवं अधिक कुशलता के साथ ई-खरीदारी करने में मदद करते हुए अमेजन बिजनेस ने इस साल अपनी स्थापना के छह साल पूरे कर लिए हैं।

अपनी शुरुआत के साथ ही अमेजन बिजनेस ने देश के व्यवसायों की ऑनलाइन खरीद और बिक्री के तरीके को बदलने का लक्ष्य रखा था। अपने इसी लक्ष्य को पूरा करते हुए आज अमेजन बिजनेस 10 लाख से अधिक विक्रेताओं की ओर से 19 करोड़ से अधिक जीएसटी सक्षम उत्पादों की पेशकश के साथ, देश भर के 99.5 प्रतिशत पिन कोड पर डिलीवरी की सुविधा प्रदान कर रहा है। इसके साथ ही अमेजन बिजनेस थोक ऑर्डर पर क्वोटेशन की सुविधा प्रदान करते हुए और विभिन्न लोकेशन पर शिपिंग की सुविधा उपलब्ध कराते हुए सभी प्रकार की व्यावसायिक खरीदारी से जुड़ी जरूरतों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बन गया है।

छह साल पूरे होने के उपलक्ष्य में, अमेजन बिजनेस ने पात्र व्यावसायिक ग्राहकों को वर्चुअल क्रेडिट प्रदान करने के लिए अमेजन पे लेटर के साथ अपने एकीकरण की भी घोषणा की है। बजट 2023-24 के दौरान भारत सरकार ने एमएसएमई क्षेत्र के लिए क्रेडिट गारंटी योजना को पुनर्जीवित करने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए एमएसएमई को अपने संचालन में विस्तार लाने के लिए ऋण उपलब्धता बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। पात्र ग्राहकों को वर्चुअल क्रेडिट की पेशकश करने के लिए अमेजन पे लेटर के साथ यह एकीकरण अमेजन बिजनेस के देश भर के बिजनेस ग्राहकों को डिजिटल बनाने के लक्ष्य को आगे बढ़ाएगा।

अमेजन बिजनेस के डायरेक्टर, सुचित सुभाष ने कहा, भारत में हमारे परिचालन के पिछले छह वर्षों में हमें अपने ग्राहकों और बिक्री भागीदारों से जो समर्थन मिला है, उसके लिए हम दिल से आभारी हैं। अपनी शुरुआत के बाद से, हमने हमेशा व्यवसायों के लिए खरीदारी को आसान और पहले से अधिक कुशल बनाने के लिए प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी प्राइसिंग, व्यापक डिलीवरी कवरेज और डिजिटल खरीद में इनोवेशन के साथ जीएसटी सक्षम उत्पादों के सबसे बड़े कलेक्शन को एक साथ लाने का लक्ष्य रखा है।

# संगठनों ने हरियाणा रोडवेज महाप्रबंधक को मांग पत्र सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**रोडवेज** महाप्रबंधक पंचकुला अशोक कौशिक से पंचकुला और कालका डिपो के सभी संगठनों के साथ-साथ काफी संख्या में पहुँचे चालक व परिचालकों के सहयोग से बहुत ही सौहार्दपूर्ण माहौल में सकारात्मक बातचीत हुई।

कालका सब-डिपो से बलवान प्रधान एंटक नवीन प्रधान महासंघ और पंचकुला से श्रवण जांगड़ा प्रधान सर्व कर्मचारी संघ, पवन कुमार प्रधान ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन सुंदर ढांढा प्रधान महासंघ जोगिंद्र सिंह प्रधान जननायक कर्मचारी मजदूर संघ सोमबीर डागर प्रधान चालक संघ नायब और निर्मल सिंह प्रधान एकता मंच, राजकुमार वर्मा प्रधान रोडवेज जागृति मंच ने अपनी एकता का परिचय देते हुए सभी चालक व परिचालक की समस्याओं को एक साथ पूरे तर्क के साथ महाप्रबंधक महोदय के सामने रखा।सर्वप्रथम सभी चालक व परिचालकों की जिन मांगो को अपने मांग पत्र में शामिल किया गया उन पर थोड़ा प्रकाश डालते हैं- चालक व परिचालकों को 8 घण्टे से ज्यादा ड्यूटी करने की एवज में मिलने वाला ओवरटाइम वित्तीय रूप में या फिर इस ओवरटाइम के बदले में दिया जाने वाला ड्यूटी रेस्ट 4 घंटे में दिया जाए।

चालक व परिचालकों और इंस्पेक्टर स्टाफ को 07 आकस्मिक अवकाश 14 सिक लीव, 8 हॉलीडे और 3 आर एच, मुख्यालय के 26 नवंबर 2018 के पत्र के तहत देने बारे कार्य शाखा को आदेश किए जाए।2016 के चालको की प्रत्येक माह सैलरी 10 तारीख तक उनके बैंक खाते में दी जाए।

# सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा कल करेगा पांच जिलों की जोनल कन्वेंशन: रामपाल

पायनियर समाचार सेवा। कैथल


बैठक में उपस्थित एसकेएस के प्रतिनिधि।

**सर्व** कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कोर कमेटी की मीटिंग जिला प्रधान शिवचरण की अध्यक्षता में जवाहर पार्क में हुई।

मीटिंग के बाद सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव रामपाल शर्मा, कैशियर रामकुमार, वरिष्ठ उपप्रधान ओमपाल भाल व ब्लॉक प्रधान शिवदत्त शर्मा ने बताया कि मौजूदा स्थिति में कर्मचारी संघर्ष का महत्व व सांगठनिक फैसलों को लागू करने की कार्ययोजना विषय पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के कैथल, कुरुक्षेत्र, अम्बाला, पंचकुला व यमुनानगर जिलों की जोनल कन्वेंशन सुबह 11 बजे कम्युनिटी हॉल सेक्टर 19 में की जायेगी। इसमें जिले में कार्यरत एसकेएस के समस्त राज्य व जिला स्तरीय पदाधिकारी, ब्लॉकों के प्रधान, सचिव व कैशियर और सभी विभागीय संगठनों व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला, सर्कल, यूनिट, डिपो प्रधान, सचिव व कैशियर समेत सक्रिय कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि मीटिंग में राज्य प्रधान धर्मवीर फौगाट व राज्य महासचिव नरेश कुमार मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत करेंगे और केंद्र व राज्य सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ निर्णायक आंदोलन का एलान किया जायेगा।

# भारत और नेपाल में बढ़ रही एक सींग वाले गैंडे की संख्या

### चार हजार से अधिक पहुंची आबादी

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** में एक सींग वाले गैंडे की आबादी बढ़ रही है, जिसे कमजोर प्रजातियों के संरक्षण प्रयासों में एक ऊंचा स्थान कहा जा सकता है। पड़ोसी देश नेपाल में भी इनकी आबादी बढ़ने की खबर है। भारत और नेपाल में, एक सींग वाले गैंडे की आबादी, जो 1900 के दशक की शुरुआत में 100 से भी कम थी, अब बढ़कर 4,014 से अधिक हो गई है।

इंटरनेशनल राइनो फाउंडेशन (आईआरएफ) ने विश्व राइनो दिवस से दो दिन पहले जारी 2023 की



अपनी वार्षिक स्टेट ऑफ द राइनो रिपोर्ट में बताया कि मजबूत सुरक्षा, वन्यजीव अपराध कानून प्रवर्तन और आवास विस्तार की वजह से इन गैंडों की आबादी में वृद्धि हो रही है।

गौरतलब है कि 2011 से, 22 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व गैंडा दिवस मनाया जाता है। एक सींग वाले गैंडा अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) की सूची में असुरक्षित श्रेणी में आता है। भारत में गैंडे असम, पश्चिम बंगाल और बिहार के कुछ हिस्सों में पाए जाते हैं। असम में गैंडों का अवैध शिकार, जो भारत में एक सींग वाले गैंडों की बहुसंख्यक आबादी का घर है, पुराने वक्त में बड़े पैमाने पर होता था, लेकिन अधिकारियों द्वारा की जा रही कड़ी निगरानी और अन्य उन्नत सुरक्षा व्यवस्था से इस मुद्दे का समाधान होता दिख रहा है। इस आवास विस्तार के साथ, ओरंग राष्ट्रीय उद्यान अब बुरहाचपोरी वन्यजीव अभयारण्य से जुड़ गया है, जिससे असम के सभी संरक्षित क्षेत्रों के बीच एक जुड़े गलियारे का निर्माण पूरा हो गया है, जहां गैंडे हैं (या रखने की योजना है) – मानस राष्ट्रीय उद्यान, पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य, ओरंग राष्ट्रीय उद्यान, लाओखोवा और बुरहाचपोरी वन्यजीव अभयारण्य और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान। आईआरएफ ने कहा कि 2022 में असम में गैंडे के अवैध शिकार की कोई घटना दर्ज नहीं की गई, जबकि 2013 और 2014 में 27-27 मामले सामने आए हैं।

### सींगों को जला रही असम सरकार

**शिकारियों** को यह स्पष्ट संदेश देने के लिए कि गैंडे के सींगों का कोई औषधीय या मौद्रिक मूल्य नहीं है, असम सरकार सितंबर 2022 से सार्वजनिक रूप से हजारों की संख्या में सींगों के भंडार को जला रही है। नेपाल ने भी 2022 में एक भी गैंडे के अवैध शिकार की सूचना नहीं दी। इंटरनेशनल राइनो फाउंडेशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्भाग्य से, जनवरी 2023 में चितवन क्षेत्र में दो गैंडे शिकारियों का शिकार बन गए। लगातार अवैध शिकार के दबाव के बावजूद एक सींग वाले गैंडे के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर काले गैंडों की आबादी बढ़ रही है।

### सफेद गैंडों की आबादी पर खतरा

**द.** अफ्रिका एक ऐसा देश है जहां अवैध शिकार ने उनकी सफ़ेद गैंडों की आबादी को तबाह करना जारी रखा है, शिकारियों ने क्वाजुलु-नटाल प्रांत के भीतर ह्लुहलुवे इम्फोलोजी गेम रिजर्व और अन्य रिजर्व को निशाना बनाया है। इंडोनेशिया के पर्यावरण और वानिकी मंत्रालय ने हाल ही में खोजी गई अप्राकृतिक जावन गैंडे की मौत की सूचना दी है जिसकी फिलहाल जांच चल रही है। रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने यह भी बताया कि जावन के 12 गैंडे लापता थे। नामीबिया, जो दुनिया में सबसे अधिक संख्या में काले गैंडों का घर है, में 2021-22 तक गैंडों के अवैध शिकार में 93 प्रतिशत की विनाशकारी वृद्धि देखी गई।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ ट्रूडो के आरोपों को चिंताजनक बताया

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

**ऑस्ट्रेलिया** ने एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या में भारत का हाथ होने के कनाडा के आरोपों को चिंताजनक बताया और कहा कि कैनबरा इससे जुड़े घटनाक्रम पर करीबी नजर बनाए हुए है तथा उसने भारतीय समकक्षों के सामने यह मुद्दा उठाया है।

ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय (यूएनजीए) में एक संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। यूएनजीए के उच्च स्तरीय 78वें सत्र में ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहीं वोंग कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इन आरोपों से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थीं कि प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर (45) की हत्या में भारत सरकार के एजेंट शामिल हैं। वोंग ने कहा, देखिए, ए खबरें चिंताजनक हैं और मैंने कहा है कि जांच जारी है, लेकिन निश्चित तौर पर हम अपने साझेदारों के साथ इन आरोपों के बाद के घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहे हैं और हम ऐसा करते रहेंगे। भारत के सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में शामिल निज्जर की पश्चिमी कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे में 18 जून को एक गुरुद्वारे के बाहर दो अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। निज्जर पर 10 लाख का इनाम था।

# हिंद प्रशांत क्षेत्र के सेना प्रमुखों के सम्मेलन की मेजबानी करेगा भारत

### वैश्विक परिदृश्य में शांति, समृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक आम रणनीति बनाने पर भी मंथन होगा

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** सेना अगले सप्ताह राजधानी दिल्ली में हिंद-प्रशांत देशों के सेना प्रमुखों के दो दिवसीय सम्मेलन इंडो-पैसिफिक आर्मीज चीफ्स कॉन्क्लेव (आईपीएसीसी) की मेजबानी करेगी। इस सम्मेलन में हिंद-प्रशांत में चीन के बढ़ते सैन्य दखल पर चिंता जाहिर की जाएगी। साथ ही बढ़ते वैश्विक परिदृश्य में शांति, समृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक आम रणनीति बनाने पर भी मंथन होगा।

अधिकारियों ने बताया कि 26 और 27 सितंबर को दिल्ली में होने वाले इस सम्मेलन में 22 देशों के पंद्रह सेना प्रमुख और प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिकी सेना इसकी सह-मेजबान है। इंडो-पैसिफिक आर्मीज चीफ्स कॉन्क्लेव (आईपीएसीसी) में विभिन्न संकटों को कम करने के लिए सैन्य कूटनीति की भूमिका, क्षेत्र के सशस्त्र बलों के बीच सहयोग बढ़ाने के तरीकों और अंतरसंचालनीयता को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा, इसमें भारत के स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों, सैन्य प्रणालियों की एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि इंडो-पैसिफिक आर्मीज चीफ्स कॉन्क्लेव के 13वें संस्करण के साथ-साथ भारतीय सेना 47वें इंडो पैसिफिक



आर्मीज मैनेजमेंट सेमिनार (आईपीएएमएस) और सीनियर एनलिस्टेड लीडर्स फोरम (एसईएलएफ) की भी मेजबानी कर रही है। थल सेना के उपप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने इस कार्यक्रम के बारे में कहा कि यह कार्यक्रम साझा दृष्टिकोण बनाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्रों के देशों के बीच दुर्जेय और अमिट सैनिक बंधन के माध्यम से दोस्ती को मजबूत करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से, भारतीय सशस्त्र बलों, विशेषकर भारतीय सेना ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लेफ्टिनेंट जनरल कुमार ने कहा कि भारतीय सेना की प्रतिबद्धता केवल सुरक्षा प्रयासों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मानवीय प्रयासों और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत प्रयासों तक भी फैली हुई है।

बता दें कि 1999 में द्विवार्षिक सम्मेलन आईपीएसीसी की शुरुआत की गई थी। इसमें आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों के सेना प्रमुख भाग लेते हैं। वही, हर साल आयोजित होने वाला इंडो-पैसिफिक आर्मीज मैनेजमेंट सेमिनार (आईपीएएमएस) जमीनी बलों के लिए सबसे बड़े सम्मेलनों में से एक है। इसका भी सह-मेजबान अमेरिका है।

### गणपति पंडाल में 36000 महिलाओं ने अथर्वशीर्ष का पाठ किया

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में प्रसिद्ध दगडूशेठ गणपति पंडाल में बुधवार को 36,000 से अधिक महिलाओं ने अथर्वशीर्ष का पाठ किया। अथर्वशीर्ष, संस्कृत में रचित एक लघु उपनिषद है, जो ज्ञान और बुद्धि के देवता भगवान श्री गणेश को समर्पित है। श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई सार्वजनिक गणपति ट्रस्ट के अनुसार, यह उनके गणेश उत्सव समारोह में अथर्वशीर्ष के वार्षिक पाठ का 36वां वर्ष है। उन्होंने बताया कि पारंपरिक कपड़े पहने 36,000 महिलाएं दगडूशेठ गणपति पंडाल के सामने एकत्र हुईं और अथर्वशीर्ष का जाप किया। ट्रस्ट ने कहा कि यह उनके पंडाल में भजन गायन कार्यक्रम में महिलाओं की सबसे अधिक भागीदारी थी। ट्रस्ट की एक विज्ञप्ति के अनुसार, बुधवार को सामूहिक संस्कृत पाठ में रूस और थाईलैंड के भक्तों ने भी हिस्सा लिया। इस साल पंडाल की थीम अयोध्या के निर्माणाधीन राम मंदिर की प्रतिकृति है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को दस दिवसीय उत्सव के पहले दिन प्रसिद्ध पंडाल में विशेष पूजा की।

### विधायक के दुर्व्यवहार पर कांग्रेस की चुप्पी समर्थन के समान : भाजपा

**देहरादून।** उत्तराखंड भाजपा ने बुधवार को अल्मोड़ा में एक सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक के साथ कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट द्वारा कथित तौर पर दुर्व्यवहार किए जाने की घटना पर चुप्पी साधने के लिए विपक्षी पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि यह एक तरह से उनके बुरे आचरण का मौन समर्थन ही है।

बिष्ट के खिलाफ रविवार को द्वाराहाट स्थित बिपिन त्रिपाठी कुमांउ इंस्टीटयूट आफ टेक्नोलॉजी के निदेशक के के एस मेर के आवास पर कथित रूप से हंगामा करने तथा उन्हें अपशब्द कहने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था।

उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवा निवृत्त) गुरमीत सिंह से विधायक के विरूद्ध कार्वाई शुरू करने की अपील करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा, विधायक द्वारा संस्थान के निदेशक के आवास पर हंगामा करने तथा उनके लिए अपशब्द का इस्तेमाल करने पर कांग्रेस की चुप्पी उनके द्वारा किए गए दुर्व्यवहार का मौन समर्थन ही है।

बिष्ट द्वाराहाट से विधायक हैं जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ कार्वाई की मांग करते हुए उनका पुतला भी फूंका।

# कुर्मियों ने प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन वापस लिया, तीन राज्यों में सामान्य रहेंगी ट्रेन सेवाएं

### ट्रेन पं. बंगाल, झारखंड और ओडिशा के लोगों को मिलेगी राहत

एजेंसी। भुवनेश्वर



**कुर्मी** संगठनों ने अनुसूचित जाति के दर्जे की मांग को लेकर बुधवार से प्रस्तावित अपना अनिश्चितकालीन रेल रोको आंदोलन वापस ले लिया है। ऐसे में दक्षिण-पूर्व रेलवे (एसईआर) और पूर्व तटीय रेलवे (ईसीओआर) के परिचालन क्षेत्र में संचालित ट्रेन पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा में अपने सामान्य समय एवं मार्ग पर चलेंगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

रेल पटरियों को अवरुद्ध करने के कुर्मी संगठनों के आह्वान के मद्देनजर झारखंड और ओडिशा में क्रमशः एसईआर और ईसीओआर के अंतर्गत परिचालित होने वाली कम से कम 11 ट्रेन को एहतियाती तौर पर रद्द कर दिया गया था और 12 अन्य का मार्ग बदल दिया गया था। एसईआर ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कुर्मी समुदाय के आंदोलन वापस लेने के मद्देनजर तत्काल प्रभाव से सामान्य ट्रेन सेवा बहाल की जाएगी। ईसीओआर ने भी कहा कि उसने तत्काल प्रभाव से सामान्य मार्गों पर ट्रेन चलाने का फैसला किया है, क्योंकि कुर्मी समाज ने आंदोलन वापस ले लिया है। अधिकारियों ने कहा कि टोटेमिक कुर्मी विकास मोर्चा (टीकेवीएम) के सदस्य समुदाय के लिए अनुसूचित जाति का दर्जा देने और कुरमाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर बुधवार सुबह झारखंड के सिंहभूम जिले में घाघरा स्टेशन पर रेल पटरियों पर बैठे। अधिकारियों ने कहा कि रांची के मुरी में सुरक्षाकर्मियों ने करीब 500 प्रदर्शनकारियों को स्टेशन से एक निश्चित दूरी पर रोका। रांची रेल मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) निशांत कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा, प्रदर्शनकारियों को ट्रेनों की आवाजाही में बाधा पहुंचाने से रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन ने भी एहतियात के तौर पर मुरी रेलवे स्टेशन के निकट सिली परिक्षेत्र में मंगलवार शाम छह बजे से अगले आदेश तक दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लगा दी है।

धारा 144 लोगों के चार या उससे अधिक संख्या में एकत्रित होने और समूह में सार्वजनिक गतिविधि करने पर प्रतिबंध लगाती है। ओडिशा से एक रिपोर्ट में कहा गया कि कुर्मी समाज के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मयूरभंज जिले के बारीपदा शहर में भंजनपुर रेलवे स्टेशन पर रेल पटरियों को अवरुद्ध किया लेकिन रेलवे लाइन को खाली करा लिया गया और ट्रेन सेवाएं जल्द बहाल हो गईं।

# भाजपा की राजस्थान इकाई में कोई गुटबाजी नहीं है : धामी

एजेंसी। कोटा (राजस्थान)

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने झालावाड़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संकल्प यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की अनुपस्थिति को लेकर पार्टी की राजस्थान इकाई में गुटबाजी की अटकलों को बुधवार को खारिज किया और कहा कि यहां हर कोई एकजुट होकर काम कर रहा है।

राजस्थान की मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रह चुकीं राजे ने विभिन्न पदों पर कार्य के दौरान 33 वर्षों तक झालावाड़ का प्रतिनिधित्व किया और यहां आयोजित एक कार्यक्रम में उनके शामिल नहीं होने से पार्टी के भीतर कलह की अटकलों को बल मिला। झालावाड़ में कार्यक्रम के लिए कोटा पहुंचे धामी ने इन अफवाहों को खारिज करते हुए विश्वास जताया कि भाजपा इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों में राजस्थान में सत्ता में वापसी करेगी। परिवर्तन संकल्प यात्रा से राजे की अनुपस्थिति के कारण पार्टी में गुटबाजी के कांग्रेस के दावों के बारे में पूछे जाने पर धामी ने पत्रकारों से कहा, भाजपा न केवल देश में बल्कि



पूरी दुनिया में सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी में हर कोई एकजुट होकर काम कर रहा है और भाजपा यहां (राजस्थान में) सत्ता में लौटेगी। भाजपा के पूर्व विधायक हीरालाल नागर ने पुष्टि की है कि राजे का झालावाड़ में यात्रा में भाग लेने का कार्यक्रम नहीं है।

उन्होंने कहा कि राजे को कुछ अन्य जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना है। भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा ने मंगलवार को झालावाड़ में प्रवेश किया था जिसका राजे ने पांच बार लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया है। वह झालरापाटन से चार बार विधायक भी रही हैं। राजे के बेटे एवं झालावाड़-बारां से सांसद दुष्यंत सिंह का भी यात्रा में भाग लेने का कार्यक्रम नहीं है।

### पूर्वी चीन में बवंडर की चपेट में आने से 10 लोगों की मौत

**बीजिंग।** पूर्वी चीन में दो घंटे के अंदर उठे दो बवंडर की चपेट में आने से 10 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने बताया कि पहला बवंडर मंगलवार दोपहर जियांगसू प्रांत में सुकियान शहर के कुछ हिस्सों में उठा, जिसकी चपेट में आने से पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। इस बवंडर के प्रभाव से 137 मकानों के क्षतिग्रस्त होने और फसलों एवं सुअर फार्म को भारी नुकसान पहुंचने की भी खबर है।

दूसरा बवंडर जियांगसू प्रांत में सुकियान से करीब 190 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित यानचेंग शहर में मंगलवार शाम को उठा, जिसकी चपेट में आने से पांच लोगों की मौत हो गई। ऑनलाइन साझा किए गए वीडियो में बवंडर की चपेट में आई कारें हवा में उड़ती दिख रही हैं, जबकि एक कार हवा के तेज वेग के कारण पलटती हुई नजर आ रही है। वीडियो में एक बहुमंजिला इमारत के ऊपर हवा में मलबा उड़ता भी दिखाई दे रहा है। सुकियान क्षेत्र में बिजली एवं यातायात सेवाएं बहाल कर दी।

# मप्र विधानसभा चुनावों की दौड़ से कांग्रेस बाहर, जन आक्रोश झेल रही है पार्टी: चौहान

एजेंसी। इंदौर

**मध्यप्रदेश** के प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस को राज्य में नवंबर में होने वाले संभावित विधानसभा चुनावों की दौड़ से बाहर बताते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस केवल जनता का आक्रोश झेल रही है।

चौहान ने इंदौर में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा के प्रवेश के बाद कहा, (आगामी विधानसभा चुनावों की) दौड़ में कांग्रेस कहीं नहीं है। वह केवल जनता का आक्रोश झेल रही है। कांग्रेस ने प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर मतदाताओं तक पहुंचने के लिए



मंगलवार (19 सितंबर) से जन आक्रोश यात्रा की शुरुआत की, जबकि भाजपा ने तीन सितंबर से जन आशीर्वाद यात्रा का आगाज किया था। भाजपा के बाद कांग्रेस की चुनावी यात्रा के शंखनाद पर मुख्यमंत्री ने कहा,वे (कांग्रेस) कई ऐसी चीजें करते हैं जो हम पहले ही कर चुके होते हैं, लेकिन उनका इरादा महज वोट हासिल करना होता है, जबकि हम जनता की सेवा का काम करते हैं। चौहान ने कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता कांग्रेस का असली चेहरा जानती है।

जन आशीर्वाद यात्रौ के रथ पर सवार मुख्यमंत्री ने दावा किया कि सूबे में सत्तारूढ़ भाजपा 230 सीटों पर होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड सीटें जीतेगी। इससे पहले, इंदौर के हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान चौहान ने आरोप लगाया कि कमलनाथ की अगुवाई वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने भाजपा के राज में शुरू की गईं अलग-अलग जनहितैषी योजनाएं बंद कर दी थीं।

### एनजीटी के अधिकारी गंगा में प्रदूषण को लेकर अलर्ट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने बिहार के 38 और झारखंड के चार जिलाधिकारियों को गंगा में प्रदूषण के मुद्दे पर आठ सप्ताह में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। इन जिलों से गंगा और उसकी सहायक नदियां गुजरती हैं। अधिकरण नदी में प्रदूषण की रोकथाम से संबंधित मामले पर सुनवाई कर रहा था। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि अधिकरण के 28 अगस्त के आदेश में रेखांकित किया गया था कि गंगा में प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण से संबंधित मुद्दा प्रत्एक राज्य, शहर और जिले में उठाया जाए। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ये सेंथिल वेल भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि पांच सितंबर को पारित एक आदेश में अधिकरण ने गंगा नदी (पुनरुद्धार, संरक्षण एवं प्रबंधन) प्राधिकरण आदेश 2016 और विशेष रूप से जिला गंगा संरक्षण समितियों की भूमिका का विवरण रेखांकित किया है।

# दुनिया को परमाणु हथियार मुक्त बनाने के प्रयासों पर काम किया जाना चाहिए : किशिदा

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

**जापान** के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने मंगलवार रात कहा कि वह दुनियाभर में परमाणु हथियारों को खत्म करने के प्रयासों का नेतृत्व करना चाहते हैं और परमाणु हथियार संपन्न देशों को उन देशों के साथ चर्चा में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिनके पास परमाणु हथियार नहीं हैं। किशिदा ने परमाणु हथियारों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री पर रोक लगाने को लेकर 1993 में हुई संधि फिसाइल मैटीरियल कटऑफ ट्रीटी (एफएमसीटी) पर फिर से चर्चा करने



का प्रस्ताव रखा, जिस पर संयुक्त राष्ट्र में कभी बात नहीं हुई। इससे पहले, किशिदा ने मंगलवार को तथाकथित ग्लोबल साउथ के देशों से व्यापक समर्थन प्राप्त करने की उम्मीद में गैर-परमाणु हथियार रक्षा भागीदारों ऑस्ट्रेलिया और फिलीपीन के साथ एफएमसीटी उच्च स्तरीय वार्ता की सह-मेजबानी की।

### कांग्रेस ने वैज्ञानिक समुदाय के साथ अन्याय किया: रेड्डी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सदस्य वी विजय साई रेड्डी ने कांग्रेस पर तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि उसने अपने शासनकाल में वैज्ञानिक समुदाय के साथ अन्याय किया। भारत की गौरवशाली अंतरिक्ष यात्रा और चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग विषय पर राज्यसभा में चर्चा में भाग लेते हुए रेड्डी ने कहा कि देश में 1960 के दशक में अंतरिक्ष अनुसंधान भले ही शुरू हो गया था लेकिन उसे पर्याप्त संसाधन नहीं दिए गए। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को पर्याप्त संसाधन मुहैया कराए गए होते तो वह कई और उपलब्धियां हासिल करता।

# मायावती ने महिला आरक्षण विधेय के कुछ प्रावधानों को लेकर आशंका जताई

### कहा, इस महिला आरक्षण विधेयक पास होने के बाद पहले पूरे देश में जनगणना कराई जाएगी

एजेंसी। लखनऊ

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बुधवार को सरकार से महिला आरक्षण विधेयक को जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया से अलग करने का आग्रह किया, क्योंकि ऐसा नहीं होने पर इसके क्रियान्वयन में कई वर्षों तक देरी होगी।

मायावती ने सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा कि महिला आरक्षण तत्काल लागू हो जाए। उन्होंने कहा कि विधेयक के कुछ प्रावधानों को इस तरह से तैयार किया गया है कि आरक्षण का लाभ अगले 15 या 16 वर्षों तक या बाद के कई चुनावों तक महिलाओं तक नहीं पहुंच पाएगा। सरकार ने संसद के निचले सदन, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण प्रदान करने से संबंधित ऐतिहासिक नारीशक्ति वंदन विधेयक को मंगलवार को लोकसभा में पेश कर दिया। विधेयक को पहले ही समर्थन दे चुकीं बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने कहा, इस संशोधन विधेयक के तहत इस महिला आरक्षण विधेयक पास होने के बाद पहले पूरे देश में जनगणना कराई जाएगी। यह विधेयक पारित तो हो जाएगा लेकिन तुरंत लागू नहीं होगा। जब यह जनगणना पूरी हो जाएगी तो उसके पश्चात ही पूरे



देश में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का परिसीमन पूरा कराया जाएगा। उसके बाद ही महिला आरक्षण संबंधी संशोधन विधेयक लागू होगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, इसका मतलब है कि इसे तुरंत लागू नहीं किया जाएगा। बसपा नेता ने कहा, यह बात किसी से छिपी नहीं हैं कि देश भर में नए सिरे से जनगणना कराने में अनेकों वर्ष लग जाते हैं। पिछली जनगणना वर्ष 2011 में प्रकाशित हुई थी। जिसके पश्चात आज तक पुन: जनगणना नहीं हो सकी। ऐसी स्थिति में संविधान संशोधन के तहत इस नई जनगणना में अनेकों वर्ष लग जाएंगे। तब फिर उसके बाद ही पूरे देश में परिसीमन का कार्य शुरू किया जाएगा, जिसमें भी अनेकों वर्ष लग जाएंगे।

इस परिसीमन के पश्चात ही यह महिला आरक्षण विधेयक लागू होगा। उन्होंने कहा, जबकि 128 वें संशोधन विधेयक की सीमा ही पन्द्रह वर्ष रखी गई है। इस प्रकार से यह स्पष्ट है कि यह संशोधन विधेयक वास्तव में महिलाओं को आरक्षण देने की साफ नियत से नहीं लाया गया हैं।

उन्होंने कहा कि यह विधेयक आने वाली विधानसभा और लोकसभा के चुनावों में देश की भोली भाली महिलाओं को यह प्रलोभन देकर और उनकी आंखों में धूल झोंक कर उनका वोट हासिल करने की नियत से ही लाया गया है। इसके सिवा कुछ भी नहीं है। जैसा कि इसे लागू करने की शर्ते रखी गई है।

### अनुसूचित जनजाति/ अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए अलग कोटा की अपील

**मायावती** ने कहा, यदि ऐसा नहीं है तो फिर हमारी पार्टी सरकार से यह भी अनुरोध करती है कि सरकार इस विधेयक में से या तो इन दोनों प्रावधानों को निकाले या फिर कुछ ऐसे उपाय तलाशे कि इस विधेयक के जरिए महिलाओं को आरक्षण का लाभ जल्दी मिले। कोटा के भीतर कोटा की अपनी मांग पर जोर देते हुए, मायावती ने कहा, मैं 33 प्रतिशत आरक्षण में अनुसूचित जनजाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के लिए एक अलग कोटा की फिर से अपील करती हूं। इसी तरह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) महिलाओं का कोटा भी तय किया जाना चाहिए क्योंकि वे सामान्य वर्ग की महिलाओं की तुलना में अभी भी पिछड़ी हुई हैं।

# तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दोआन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में उठाया कश्मीर मुद्दा

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

**तुर्किए** के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उच्च स्तरीय 78वें सत्र में कश्मीर का मुद्दा उठाया। एर्दोआन ने मंगलवार को महासभा की आम बहस में विश्व नेताओं को दिए संबोधन में कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच संवाद तथा सहयोग के जरिए कश्मीर में न्यायपूर्ण एवं स्थाई शांति की स्थापना कर दक्षिण एशिया में शांति, स्थिरता तथा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, तुर्किए इस दिशा में उठाए गए कदमों का समर्थन करना जारी रखेगा। एर्दोआन की यह टिप्पणी तब आई है, जब कुछ सप्ताह पहले उन्होंने नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार और बुनियादी ढांचा के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की थी। एर्दोआन ने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थाई और 15 अस्थाई सदस्यों को स्थाई सदस्य बनाने के पक्षधर हैं। तुर्किए के नेता ने हाल के वर्षों में संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सत्र में विश्व नेताओं को दिए अपने संबोधन में कई बार कश्मीर का मुद्दा उठाया है।

# रोमांच भरने के लिए बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट तैयार

## मोटो जीपी रेस कल से होगी शुरू, दुल्हन की तरह सजाया गया यमुना प्राधिकरण का इलाका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**उत्तर** प्रदेश की मेजबानी में पहली बार बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट ग्रेटर नोएडा में 22 सितंबर से 24 सितंबर तक 'मोटो जीपी भारत-2023' का आयोजन किया जा रहा है।

इस रेस को देखने के लिए लाखों की संख्या में दर्शक पहुंचेंगे। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित बीआईसी बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होने वाले मोटो जीपी इंटरनेशनल बाइक रेस इवेंट की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। ट्रैक पर पेंट, रंगाई पुताई का काम चल रहा है।

वहीं यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा पूरे क्षेत्र को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। जिसको लेकर रात में भी प्राधिकरण के अधिकारी तैयारी का जायजा ले रहे हैं और निरीक्षण कर रहे हैं। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह के निर्देशन में यमुना प्राधिकरण के जीएम एके सिंह रात्रि में खुद कार्य तेजी से करवा रहे हैं। किसी प्रकार की कोई कमी ना रह जाए, इसी को लेकर रात्रि में खुद सड़कों पर निकले। यमुना एक्सप्रेसवे के आसपास के क्षेत्र को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। प्राधिकरण की तरफ से यहां पर पिलरों पर पेंटिंग कराई गई है।

इसके अलावा बिजली के खम्बो पर तिरंगा लाइट लगाई गई है। सड़कों का कार्य बहुत ही तेजी से चल रहा है। फेंसिंग सहित अन्य कार्यों को भी बहुत ही तेजी से निपटाया जा रहा है।

चारों तरफ लाइटिंग सुंदर-सुंदर चल रही है जैसे कोई तिरंगा लहरा रहा हो। यमुना प्राधिकरण के जीएम एके सिंह ने कहा कि यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर अरुणवीर सिंह की मंशा अनुसार कार्य करवाया जा रहा है। सारा कार्य खत्म करवा दिया जाएगा। सड़कों पर कहीं भी धूल मिट्टी आपको नजर नहीं आएगी।

चारों तरफ हरियाली ही हरियाली, दीवारों पर पेंटिंग व चित्रकारी आपको दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि जब आप यहां पर आओगे तो यहां का नजारा देखकर आपको ऐसा लगेगा कि हम विदेश में घूम रहे हैं। गौरतलब है कि बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में 22 से 24 सितंबर तक मोटोजीपी का आयोजन होने जा रहा है। यह एक इंटरनेशनल इवेंट है। इस इवेंट में रफ्तार का रोमांच देखने को मिलेगा। जहां पर 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से मोटरसाइकिल दौड़ेंगी। इसमें 41 टीम है और 82 राइडर्स मोटोजीपी, मोटो 2 और मोटो 3 श्रेणियों में भाग लेंगे।

### सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

*रेस में तेज रफ्तार से बाइक दौड़ने वाली हैं। इनके लिए ट्रैक तैयार किया जा रहा है। साथ ही सड़कों पर लाइटिंग और पेंटिंग की जा रही हैं। इस दौरान ट्रैफिक को सुचार रुप से चलाने के लिए रूट डायवर्ट किए जाएंगे। साथ ही आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। बाइक रेस के आयोजन के दैरान रेस परिसर और उसके आस-पास के हिस्से में सीसीटीवी कैमरा लगाए जा रहे हैं।*

## ऐप के जरिए नोएडा के लोग कर सकेंगे प्राधिकरण में शिकायत

**नोएडा।** नोएडा वासियों को प्राधिकरण से संबंधित कोई भी शिकायत करने के लिए अब इधर उधर चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। प्राधिकरण उनके लिए ग्रीवांस रिड्रेसल लागू करने जा रहा है। जिसमें वेब पोर्टल के साथ एंड्रॉयड और आईओएस ऐप के जरिए वे अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

साथ ही शिकायत को ऑनलाइन ट्रैक कर सकेंगे। इसके अलावा एक क्लिक पर वो शिकायत निपटारा की जानकारी भी ले सकेंगे। इसके लिए एक कंपनी का चयन किया जा रहा है। इस प्रणाली में विभा गवार शिकायतों के वर्गीकरण के साथ अधिकारियों का पदक्रम भी मेंशन किया जाएगा। इस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निपटारा को समय सीमा सिटिजन चार्टर के अनुरूप होगी। निपटारा नहीं होने पर अधिकारी की जवाबदेही भी तय होगी। ये पोर्टल और एप बनाएगी उसे ही इसको रन भी करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस से अभद्रता करने के आरोप में गिरफ्तार तीन लोग।

### ट्रैफिक पुलिस से ऑटो ड्राइवर ने की अभद्रता

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में ट्रैफिक पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। चालान काटने को लेकर यह विवाद हुआ था। जिसके बाद ऑटो चालक और उसके आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और उन लोगों ने पुलिसकर्मी के साथ बदतमीजी करनी शुरू कर दी। इस दौरान किसी व्यक्ति के द्वारा इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया गया और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा बताया गया कि इसी दौरान एक ऑटो चालक को चेकिंग के लिए रोका जा रहा था लेकिन उसने अपने ऑटो को तेजी से दौड़ा दिया और दौड़कर बराबर वाले गांव की तरफ ले गया लेकिन ट्रैफिक पुलिसकर्मी लगातार उसका पीछा करता रहा।

### ग्रेटर नोएडा में पेंचकस गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 पुलिस ने पेंचकस गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और इस पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। साथ ही पुलिस ने इसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद किया है। दरअसल थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से पेंचकस गैंग के सदस्य हेमंत को गिरफ्तार किया गया है।

### लूट के आरोपी को पांच वर्ष का कारावास

**नोएडा।** थाना सेक्टर.39 पुलिस द्वारा लूट के मामले में गिरफ्तार किए गए एक व्यक्ति को जनपद न्यायालय ने 5 वर्ष की कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि जनपद पुलिस लूटपाट, बलात्कार सहित विभिन्न मामलों में जेल में निरुद्ध अपराधियों खिलाफ भरपूर पैरवी कर रही है। इसके परिणाम स्वरूप थाना सेक्टर.39 पुलिस द्वारा लूट के मामले में गिरफ्तार किए गए अभियुक्त कमल उर्फ गौरव पुत्र अनिल निवासी मामूरा थाना फेस. 3 को 5 वर्ष की सजा हुई है। उन्होंने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय की न्यायालय में आरोपी के खिलाफ मुकदमा चल रहा था।

### मृणाल ठाकुर को आइऑन बनाया

**नई दिल्ली।** नई पेशकश के साथ ओराइमो, ने बॉलीवुड अवतार मृणाल ठाकुर को अपना आइऑन बनाया। इसी के साथ ऑडियो नवाचार में मास्टरपीस-फ्रीपॉड लाइट की पेशकश की घोषणा की है इस बारे में ओराइमो के सीईओ ने कहा कि हम समझते हैं कि अद्भुत साउंड क्वालिटी और सहूलियत एक प्रीमियम कीमत के साथ नहीं मिलनी चाहिये और फ्रीपॉड्स लाइट, गुणवत्ता के साथ बिना कोई समझौता किये हर किसी के लिये सुलभ बनने की दिशा में काम कर रहा है।

## फल मंडी में व्यापारी को नंगा घुमाने के मामले में 2 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा** के फल मंडी में 3000 रुपए की उधारी पर व्यापारी को नंगा करके घुमाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान सुंदर सिंह पुत्र धनी सिंह और भगवान दास पुत्र रणवीर सिंह हुई है।

पुलिस ने बताया कि 18 सितंबर को पीड़ित अमित ने थाना फेस.2 पर सूचना दी थी कि वह सब्जी मंडी, सेक्टर-88 नोएडा में ठेली लगाकर लहसुन बेचने का काम करता है। उसने एक महीने पहले सुन्दर आढ़ती से 5600 रुपए काम के लिए उधार लिए थे। 18 सितंबर को सुन्दर आढ़ती जब मिला तो पीड़ित ने उसे 2500 रुपए दे दिए। बकाया रुपए धीरे.2 करके देने को कहा। जिस पर सुन्दर ने अपने मुनीम और दो लेबर को बुला लिया। पीड़ित को दुकान में बन्द कर लिया और नंगा करके डंडों से मारा पीटा व गाली.गलौच कर जान से मारने की धमकी दी गयी। यहीं नहीं उसको नंगा करके मंडी में घुमाया। इसका एक वीडियो बनाया गया। जिसे वायरल किया गया।

थाना फेस-2 पुलिस ने एफ आईआर दर्ज करते आरोपियों को पकड़ने के लिए तीन टीम बनाई। सीसीटीवी फु टेज व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस पूरे मामले की जांच पुलिस के अलावा प्रशासनिक स्तर पर भी की जा रही है।

## मिड-डे मील में दूध पीने से 25 बच्चों की हालत बिगड़ी

- छात्रों के पेट में दर्द और हुई उल्टियां, अस्पताल में भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




**गाजियाबाद** के सरकारी विद्यालय में मिड-डे मील में आए दूध को पीने के बाद करीब 25 बच्चों की तबियत बिगड़ गई। इन्हें पेट में दर्द, चक्कर और उल्टियां आने की शिकायत हुई तो तुरंत लोनी भर्ती कराया गया है।

ये पूरा मामला कस्बा लोनी के प्रेमनगर कॉलोनी स्थित प्राथमिक विद्यालय का है। 9 बच्चों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया है। बाकी बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं। फिलहाल, स्कूल के बाहर पेरेंट्स हंगामा कर रहे हैं। वे घटिया क्वालिटी का दूध बच्चों को देने का आरोप टीचर्स पर लगा रहे हैं। पुलिस मौके पर है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी भवतोष शंखधर भी मौके पर पहुंच गए हैं। वे अस्पताल में बच्चों का हाल ले रहे हैं। सीएमओ ने दूध का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजने की बात कही है।

17 जुलाई को ही वार्ड पार्षद नगमा और इसी प्राथमिक विद्यालय की रसोइया सन्तो ने खराब मिड.डे मील को लेकर गाजियाबाद डीएम को एक लेटर भेजा था। इसमें सन्तो ने बताया था कि वो इस स्कूल में रसोइया के तौर पर पांच साल तक मिड.डे मील का खाना बनाती रही है। बच्चों के लिए 6 किलो दूध आता था और उसमें 10 से 15 लीटर पानी मिलवाया जाता था।

स्कूल का स्टाफ उनसे रोटी कम, चावल ज्यादातर बनवाता था। इसमें भी सूड़ी और कीड़े होते थे। एक बार पहले भी चावल.आलू में कीड़े निकले तो कुछ बच्चों की तबियत खराब हो गई थी। शिकायत करने पर प्रधानाचार्य ने उल्टा बच्चों को ही धमकाया था। रसोइया सन्तो के मुताबिक, मेरे पांच साल के कार्यकाल में बच्चों को कभी भी फल नहीं बांटे गए। कुछ पैरेंट्स ने मुझसे शिकायत की थी तो मैंने उन्हें बता दिया कि प्रधानाचार्य द्वारा जितना सामान मुझे दिया जाता है, उसी हिसाब से भोजन बनाया जाता है। मेरे द्वारा इतना कहने पर प्रधानाचार्य ने मुझे काम से हटा दिया।

डीएम ने इस संबंध में एबीएसए को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया था। प्रधानाचार्य ऊषा रानी ने बताया, मैं 13 साल से जॉब कर रही हूं। पहली बार ऐसी शिकायत सामने आई है।

ये खाने का झंझट काफी बुरा है। मैं कितना भी खाना अच्छा बनवा लूं, फिर भी कुछ लोग मेरे पीछे पड़े रहते हैं। एसडीएम अरुण दीक्षित ने बताया, सभी बच्चों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहां पर बच्चों की हालत में सुधार है। खाद्य पदार्थ और दूध का सैंपल जांच के लिए लिया जा रहा है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। करीब 13 बच्चों को सीएचसी भेजा गया है।

## योद्धा लाचित बरफूकन की प्रतिमा का पहला डिस्पैच रवाना

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**पूर्वोत्तर** में मुगलों को धूल चटाने वाले वीर योद्धा लाचित बरफूकन की 84 फुट ऊंची प्रतिमा का पहला डिस्पैच शुरू हो गया है। गाजियाबाद में तैयार हुई प्रतिमा के कुछ बड़े.बड़े हिस्से एक बड़े ट्रक में लादकर असम के जोरहाट में भेजे गए हैं, जहां इस प्रतिमा को असेंबल करके स्थापित किया जाएगा। 84 फुट की ये प्रतिमा है और करीब 40 फुट का इसका बेस होगा। इस प्रकार इसकी कुल ऊंचाई 124 फुट होगी। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार सुबह ट्वीट करके इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा वीर लाचित बरफू कन की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा का निर्माण गति पकड़ रहा है। गाजियाबाद में रामसुतार के स्टूडियो से जोरहाट तक पहला डिस्पैच शुरू हो गया है। इससे पहले असम के मुख्यमंत्री 15 जुलाई को गाजियाबाद के साहिबाबाद में रामसुतार फाइन आर्ट प्राइवेट लिमिटेड में भी आए थे, जहां पर इस प्रतिमा का निर्माण हो रहा है। असम सरकार ने यह प्रतिष्ठित परियोजना पद्मभूषण पुरस्कार विजेता रामवनजी सुतार को सौंपी है। माना जा रहा है कि साल के आखिर तक इस प्रतिमा का निर्माण कार्य पूरा हो सकता है। पिछले साल नवंबर में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में महान योद्धा की 400वीं जयंती के समापन समारोह पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश के बाद असम सरकार ने लाचित बरफू कन की एक विशाल प्रतिमा स्थापित करने का मिशन शुरू किया था। प्रतिमा और संग्रहालय के लिए असम के हॉलोंगापार में 50 बीघा जमीन ली गई है। इस प्रतिमा को लाचित बरफू कन के लिए एक श्रद्धांजलि भी कहा जा सकता है, जिनकी वीरता ने राज्य को मुगल हाथों में जाने से बचाया था। असम सरकार ने लाचित बरफू कन पर एक डॉक्यूमेंट्री भी जारी की है। लाचित बरफू.कन आहोम साम्राज्य के एक सेनापति और बरफू कन थे। जो सन 1671 में हुई सराईघाट की लड़ाई में अपनी नेतृत्व क्षमता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने असम पर कब्जे का प्रयास कर रही मुगल सेनाओं को धूल चटा दी थी। लाचित बरफू.कन के पराक्रम और सराईघाट की लड़ाई में असमिया सेना की विजय का स्मरण करने के लिए संपूर्ण असम राज्य में हर साल 24 नवंबर को लाचित दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के सर्वश्रेष्ठ कैडेट को लाचित मेडल से सम्मानित किया जाता है, जिसका नाम लाचित बरफू कन के नाम पर रखा गया है।

## एशियन गेम्स में वालीबॉल टीम का नेतृत्व करेंगी नोएडा की निर्मल तंवर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**चाइना** में आयोजित होने जा रहे एशियन गेम्स में भारतीय वालीबॉल टीम का ग्रेटर नोएडा की निर्मल तंवर नेतृत्व करेंगी निर्मल तंवर पिछले 11 साल से भारतीय टीम में खेल रही है। और ये अभी तक का उनका तीसरा एशियन गेम है।

निर्मल तंवर अपनी कप्तानी में बेहतरीन खेल की बदौलत साउथ एशियन गेम्स 2018 में भारतीय टीम को गोल्ड मेडल दिला चुकी है। एशियन गेम्स के लिये जाने वाली महिला वालीबॉल टीम की घोषणा हो चुकी है। जिसमें उत्तर प्रदेश से एक मात्र खिलाड़ी निर्मल तंवर है। बाकी केरल से 9 खिलाड़ी है और तमिलनाडु से 2 खिलाड़ी है।

एशियन गेम्स में कप्तानी मिलने से निर्मल की अर्जुन अवार्ड के लिये दावेदारी मजबूत होगी। क्योंकि लास्ट महिला वालीबॉल खिलाड़ी शैली जोसफ को 1984 में अर्जुन अवार्ड मिला था। एशियन गेम्स में कप्तानी मिलने से निर्मल पर अपनी टीम की रैंकिंग को बेहतर करने की जिम्मेदारी भी है। एशियन गेम्स में निर्मल तंवर कप्तानी मिलने से क्षेत्र और परिवार में खुशी का माहौल है।



आईपीएस के पद पर प्रोन्नत हुए राजीव दीक्षित को स्टार और बैज लगातीं नोएडा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

## गाजियाबाद में बनेगी आईकॉनिक टाउनशिप

- एक ही जगह पर व्यापारिक, मनोरंजन और पब्लिक ट्रांसपोर्ट से होगा कनेक्टेड

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** के वसुंधरा इलाके में आवास-विकास परिषद नई टाउनशिप बसाएगा। इस टाउनशिप को बसाने में सबसे खास बात जो ध्यान में रखी जा रही है, वो ये कि यहां बसने वाले लोग अपने व्हीकल का प्रयोग कम से कम करें। लोग ज्यादा से ज्यादा पब्लिक ट्रांसपोर्ट अपनाएं। इसलिए लोकेशन ऐसी चुनी जा रही है, जहां पर बस, मेट्रो और रैपिड रेल रैपिडएक्स की सुविधा होगी।

आवास-विकास आयुक्त रणवीर प्रसाद ने बताया, गाजियाबाद में वसुंधरा बहुत ही पुरानी टाउनशिप है, जो दिल्ली के बिल्कुल सीमा पर है। हमारा उद्देश्य ऐसी टाउनशिप विकसित करना है, जिसमें रहने वाले लोगों को सारी सुविधाएं एक साथ मिलें। चाहें वो कॉमर्शियल, इंटरटेनमेंट या फिर काम करने की सुविधा हो। इस क्रम में हमारी टीओडी की एक नीति है। जिस प्रकार रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम की तर्ज पर ही हमें ये स्कीम डेवलप करनी है। उदाहरण के तौर पर रैपिड रेल के प्रमुख स्टेशनों को दिल्ली मेट्रो, सामान्य ट्रेनों के स्टेशनों और प्रमुख बस अड्डों से जोड़ा गया है। ताकि एक से दूसरे पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बदलने में आसानी रहे। इस टाउनशिप के लिए वसुंधरा सेक्टर.8 का चयन किया गया है।

यहां पर आवास-विकास की कई एकड़ जमीन खाली है। यहां पर हाईराइज टाउनशिप बसाई जाएगी। प्रदेशभर के बिल्डर्स ने इस टाउनशिप को लेकर अच्छे सुझाव दिए हैं। जल्द ही ये योजना लॉन्च होगी।

## नगर निगम कर्मी का आरोप अफसर ने मांगे दस हजार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**सफाई** कर्मचारी नेता एवं विजयनगर जोन में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र विभाग में तैनात कर्मचारी बिजेन्द्र धीगान ने अपने ही विभागीय अधिकारी पर गंभीर लगाए। उनका कहना है कि अधिकारी ने उनसे दस हजार रुपये की मांग की है।

उनका दावा है कि इस मामले में उन्होंने अपर नगर आयुक्त को संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए शिकायती पत्र दिया है। उनका दावा है कि जल्दी ही वह इस मामले में मेयर सुनीता दयाल को भी इस संबंध में शिकायत देंगे। उनका कहना है कि वह विजयनगर जोन स्थित जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले विभाग में कार्य करते है। वह अपने कार्यालय में बैठे थे।

आरोप है कि अधिकारी ने उन्हें अपने पास बुलाया और पैसे की मांग की। इस मामले में बाद में धींगान की ओर से एक लिखित में शिकायत अपर नगर आयुक्त से की गई है। उनका कहना है कि वह इस मामले में मेयर सुनीता दयाल और को भी शिकायत देंगे।

## गाजियाबाद में पत्रकार को धमकी भरा ईमेल भेजा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।

**गाजियाबाद** में एक चैनल के पत्रकार को ईमेल भेजकर जान से मारने की धमकी दी गई है। ये धमकी गाजियाबाद में दो दिन पहले धर्मांतरण के आरोप में ईसाई कम्युनिटी से जुड़े 18 लोगों की गिरफ्तारी मामले की खबर रिपोर्ट करने पर दी गई है।

पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। विजयनगर सेक्टर.9 निवासी मयंक गौड़ पत्रकार हैं। मयंक ने बताया, 19 सितंबर को मेरे पास प्रियंका मसीह नाम से एक ईमेल प्राप्त हुआ। इसमें गाली.गलौज करते हुए धमकियां दी गई हैं। मयंक गौड़ के मुताबिक, 18 सितंबर को गाजियाबाद पुलिस ने रुपए का प्रलोभन देकर ईसाई धर्म में लोगों को जोड़ने की कोशिश करने वाले 18 महिला.पुरुष गिरफ्तार किए थे। उन्होंने अपने चैनल पर ये खबर चलाई थी। मयंक को आशंका है कि धर्मांतरण गैंग से जुड़े लोग उन्हें डराने और मूल कार्यों से रोकने के लिए इस तरह की धमकियां दे रहे हैं। इससे उन्हें और पूरे परिवार को जान का खतरा है।

विजयनगर थाना पुलिस ने मयंक गौड़ की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति पर आईपीसी सेक्शन. 500, 504, 507 और 66 आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया, पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर इस केस में एफ आईआर कर ली गई है। अज्ञात व्यक्ति की तलाश की जा रही है। जल्द ही अभियुक्त को गिरफ्तार किया जाएगा।

### बकाए के नोटिस को लेकर कई मूल आवंटी दे रहे टेंशन

**गाजियाबाद।** जीडीए द्वारा बकाए की वसूली को लेकर की जा रही कार्रवाई में कई जगह नई समस्या पैदा हो गई है। कई जगह जीडीए को मूल आवंटी नहीं मिल रहे हैं जिन्हें प्रॉपर्टी का आवंटन किया गया था। हालांकि जीडीए, मकान कुछ जगह प्रॉपर्टी पर काबिज लोगों को ही बकाए का नोटिस थमा रहा है। मगर समस्या पैदा यह हो गई कि जीडीए अपना नोटिस मूल आवंटियों तक कैसे पहुंचाए। जीडीए के प्रॉपर्टी विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार छोटी प्रॉपर्टी के ऐसे आवंटी है जिन पर करीब 255 करोड़ रुपया बकाया है। इस पैसे की रिकवरी करने के लिए जीडीए वीसी आरके सिंह की ओर से निर्देश दिए गए थे। इसी के आधार पर जीडीए अब कार्रवाई कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि ऐसे कई मूल आवंटी है जो अब संबंधित प्रॉपर्टी में नहीं रह रहे है।

### गोवंश पर कार चढ़ाने वाले को पुलिस ने छोड़ा

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में देवेंद्रपुरी कालोनी में गोवंश पर कार चढ़ाकर घसीटने वाले आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया और कुछ समय बाद थाने से ही छोड़ दिया। आरोपी की कार को पुलिस ने सीज किया है। जिसका टेक्निकल मुआयना होगा।

आरोपित का वीडियो तीन दिन पहले सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था। जिसमें उसने सड़क पर बैठे गोवंश पर कार चढ़ा दी थी। गोवंश कार के नीचे फंस गया, जिसके बाद चालक काफी दूरी तक उसे घसीटता हुआ ले गया। मामले में हिंदू युवा वाहिनी के जिला महामंत्री नीरज शर्मा की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। पुलिस छानबीन में सामने आया कि आरोपी दिल्ली के सीमापुरी का था।

## अयोध्या की रामलीला में दिखेंगे बॉलीवुड कलाकार

- पूनम ढिल्लो मां शबरी, रवि किशन केवट व गिरिजा शंकर रावण का निभाएंगे किरदार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




**इस** साल अयोध्या में आयोजित होने वाली रामलीला में बालि वुड टीवी के कलाकार अलग-अलग किरदार में नजर आएंगे। रामलीला का प्रसारण यूट्यूब और सैटेलाइट दोनों पर लाइव किया जाएगा। आयोजन 14 से 24 अक्टूबर तक शाम 7 से रात 10 बजे तक किया जाएगा। ये जानकारी अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक और महासचिव शुभम मलिक ने दी।

इसमें पूनम ढिल्लो मां शबरी, रजा मुराद अहिरावण, रवि किशन केवट, लीली सिंह सीता, गिरिजा शंकर रावण की भूमिका में नजर आएंगे। सुभाष मलिक ने बताया कि इस साल अयोध्या की रामलीला में बॉलीवुड के बड़े कलाकार काम कर रहे हैं। हमें बहुत खुशी हो रही है कि पिछले साल 25 करोड़ से ज्यादा राम भक्तों ने अयोध्या की रामलीला को देखा था। इस साल भी हमारी कोशिश है कि राम भक्त अयोध्या की रामलीला को ज्यादा से ज्यादा देख पाए। इस लिए मंचन यूट्यूब चैनल पर लाइव दिखाया जाएगा। इस मौके पर बॉलीवुड कलाकार बनवारी लाल झोल भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मैं इस साल अयोध्या की रामलीला में काम करने का मौका मिल रहा है। बॉलीवुड एक्टर राहुल भूचर ने कहा कि अयोध्या की रामलीला में भगवान श्री राम की भूमिका कर रहा हूं। मैंने पिछले साल भी अयोध्या की रामलीला में काम किया था। मलिक ने बताया कि इस साल 14 से 24 अक्टूबर तक शाम 7: 00 से रात 10:00 बजे तक राम कथा पार्क, नया घाट अयोध्या से इस लाइव मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या के रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। इस साल अयोध्या के रामलीला चौथा संस्करण है।

# दरकते पहाड़ों से मध्य हिमालय को सबसे ज्यादा खतरा उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल भी जद में

## हिमालय में लाखों लोग ऐसे क्षेत्रों में रह रहे हैं जो भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी आपदाओं के प्रति बेहद संवेदनशील हैं



**वैज्ञानिकों** की मानें तो मध्य हिमालय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को दरकते पहाड़ों और हिमस्खलन से सबसे ज्यादा खतरा है। रिसर्च के मुताबिक यह क्षेत्र न केवल वर्तमान में बल्कि भविष्य में भी इसके प्रति बेहद संवेदनशील है।

इतना ही नहीं जर्नल अर्थ्स फ्यूचर में प्रकाशित इस अध्ययन में यह भी सामने आया है कि देश में उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश भी इस खतरे की जद से बाहर नहीं हैं। अध्ययन के नतीजे दर्शाते हैं कि भारत में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख के साथ-साथ नेपाल और चीन के सिचुआन प्रांत में बिछा सड़कों और रास्तों का जाल भूस्खलन और हिमस्खलन के प्रति सबसे ज्यादा संवेदनशील है।

हिमालय में हिमस्खलन और भूस्खलन जैसी घटनाओं का आना कोई नया नहीं है लेकिन जिस तरह से इस तरह की विनाशकारी आपदाओं में वृद्धि हो रही है वो मानव जीवन और बुनियादी ढांचे के लिए खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इस क्षेत्र में लाखों लोग ऐसे क्षेत्रों में रह रहे हैं जो भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी आपदाओं के प्रति बेहद संवेदनशील हैं।

वैज्ञानिकों ने इसी को समझने के लिए हिंदू कुश, काराकोरम, पश्चिमी हिमालय, पूर्वी हिमालय, मध्य हिमालय और हेंगडुआन शान क्षेत्र में इन खतरों का विश्लेषण किया है। इसमें उन्होंने हिमालय की इन छह प्रमुख पर्वत श्रृंखलाओं में रहने वाले लोगों, बुनियादी ढांचे, जलमार्ग और सड़कों पर मंडराते खतरे को मापने का प्रयास किया है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि हमने भूस्खलन जैसी घटनाओं पर नजर रखने का एक नया तरीका बनाया और पहली बार हिमालय पर्वत में इसका इस्तेमाल किया है। हमने इस पद्धति का उपयोग यह मापने के लिए किया है इन घटनाओं से छह पर्वत श्रृंखलाओं में बुनियादी ढांचा, जलमार्ग, सड़कें और लोग कैसे प्रभावित हो रहे हैं। अध्ययन में यह भी सामने आया है कि मध्य हिमालय क्षेत्र में जलमार्गों को हिमस्खलन और दरकते पहाड़ों से सबसे ज्यादा खतरा है। वहीं काराकोरम क्षेत्र में इमारतों और सड़कों के इन आपदाओं के संपर्क में आने का जोखिम सबसे ज्यादा है।

### आने वाले समय में बढ़ जाएंगी मुश्किलें

रिसर्च में लोगों की बसावट और बढ़ते उत्सर्जन जैसे विभिन्न कारकों के साथ भविष्य में अनुमानित आबादी के विश्लेषण से यह भी पता चला है कि आने वाले समय में इस तरह की घटनाओं का इंसानी आबादी पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। अपने इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने हिमनद झीलों और उनपर एकाएक पड़ने वाले दबाव के चलते आने वाली विनाशकारी बाढ़ों का भी अध्ययन किया है। उनके विश्लेषण से पता चला है कि बड़े पैमाने पर होने वाली इस तरह की हलचलें भविष्य में इन हिमनद झीलों को तेजी से प्रभावित कर सकती हैं। रिसर्च के अनुसार हिमनद झीलों का सबसे ज्यादा प्रभाव वर्तमान में पूर्वी हिमालय क्षेत्र में देखा गया है, लेकिन शोधकर्ताओं का मानना है कि यह भविष्य में काराकोरम और पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में स्थानांतरित हो जाएगा।

ऐसे में शोधकर्ताओं को भरोसा है कि इस अध्ययन के परिणाम शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं, हितधारकों और स्थानीय सरकारों को जोखिम कम करने के साथ-साथ इससे बचाव के उपायों के लिए उन क्षेत्रों का पता लगाने में मदद करेंगें जहां गहता से जांच की आवश्यकता है। हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर ने देश में भूस्खलन के खतरे को लेकर एक नई रिपोर्ट लैंडस्लाइड एटलस ऑफ इंडिया 2023 जारी की थी। इस रिपोर्ट ने भी माना था कि देश के 147 भूस्खलन प्रभावित जिलों में से 64 पूर्वोत्तर के हैं।

इस रिपोर्ट से पता चला है कि देश में रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, राजौरी, त्रिशूर, पुलवामा, पलक्कड़, मालाप्पुरम, दक्षिण सिक्किम, पूर्वी सिक्किम और कोझिकोड में भूस्खलन का खतरा सबसे ज्यादा है। ये जिले उत्तराखंड, केरल, जम्मू कश्मीर और सिक्किम में हैं। विश्लेषण से पता चला है कि उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में भूस्खलन का जोखिम सबसे ज्यादा है। बता दें कि जोशीमठ सहित उत्तराखंड के अलग-अलग इलाकों में जमीन दरकने के कई मामले सामने आ चुके हैं। 29 जून, 2022 को मणिपुर के नोनी जिले में भूस्खलन की ऐसी ही एक घटना में कम से कम 79 लोगों की मौत हो गई थी।

गौरतलब है कि डाउन टू अर्थ ने हाल ही में हिमालयी राज्य उत्तराखंड में इस तरह की प्राकृतिक घटनाओं का विस्तार से जायजा लिया था। हाल ही में जोशीमठ में घरों में आई दरारों के बाद वहां और आसपास के 500 गांवों को असुरक्षित मान लिया गया है। बता दें कि जोशीमठ नगर में धंसाव 1970 के दशक में भी महसूस किया गया था। तब से लेकर इसकी जांच के बाद कई रिपोर्ट प्रकाशित हो चुकी हैं। सितंबर 2022 में प्रकाशित ऐसी ही एक रिपोर्ट में क्षेत्र की हालत को देखते हुए कहा था कि वहां विकास के लिए की जा रही गतिविधियां तुरंत रोक देनी चाहिए।

-साभार-डीटीई



# सीधी बिजाई वाली धान की कटाई शुरू, मंडी में सरकारी खरीद करे सरकार

**हरियाणा** में सीधी बिजाई वाली धान की कटाई शुरू हो चुकी है, लेकिन सरकारी खरीद न होने के कारण किसानों को सस्ते में फसल बेचनी पड़ रही है पंजाब और हरियाणा में धान की सीधी बिजाई को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी खरीद 15 सितम्बर से शुरू की जानी चाहिए। केन्द्र सरकार द्वारा इन राज्यों में पहली अक्टूबर से धान की सरकारी खरीद शुरू की जाती है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में यह फैसला अव्यवहारिक हो गया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों से भूजल संरक्षण के लिए हरियाणा और पंजाब सरकार कम अवधि वाली धान की किस्मों (पीआर -126 आदि) के साथ धान की सीधी बिजाई तकनीक को प्रोत्साहन दे रही है। चालू खरीफ सीजन में हरियाणा के किसानों ने तीन लाख एकड़ से ज्यादा यानि लगभग आठ प्रतिशत क्षेत्र में सीधी बिजाई तकनीक को अपनाया है।

सीधी बिजाई में धान की बुआई 20 मई से 15 जून तक अनुशंसित की जाती है और जल्दी पकने वाली पी.आर -126 आदि किस्मे लगभग 115 दिन में पककर 20 सितंबर तक मंडियों मे बिकने के लिए आ जाती हैं। लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा एक अक्टूबर से धान की सरकारी खरीद शुरू करने के अव्यवहारिक फैसले के कारण, किसानों को मजबूरन समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम कीमत पर अपनी फसल बिचौलियों को बेचनी पड़ती है, जिससे किसानों को भारी अर्थिक नुकसान होता है। धान के कटोरे के रुप मे प्रसिद्ध हरियाणा के करनाल जिले की अनाज मंडियों मे पिछले वर्षों की भाति, इस वर्ष भी 17 सितम्बर 2023 तक 32,000 क्विंटल से ज्यादा धान की उपज पहुंच चुकी है और पंजाब - हरियाणा राज्यों मे 30 सितम्बर तक सीधी बिजाई विधि से बोयी गई जल्दी पकने वाली सभी धान किस्मो की कटाई हो जाने की संभावना है। इस वजह से किसानों को घोषित समर्थन मूल्य 2203 रुपए प्रति किवंटल की बजाय अपनी धान की उपज लगभग 1800 रुपए प्रति क्विंटल पर मजबूरन बेचनी पड़ रही है, जिससे किसानो को दस-बारह हजार रुपए प्रति एकड़ का भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। वही, दूसरी और बिचौलिये व आढ़ती इस धान उपज को कुछ दिन बाद शुरू होनी वाली सरकारी खरीद में दिखाकर, करोड़ों रुपये का चूना सरकार को लगाएंगे। यही वजह है कि इन प्रदेशों के ग्रामीण क्षेत्र में बिचौलियों और आढ़तियों पर आधारित समानांतर अर्थव्यवस्था खड़ी हो गई है।

रोपाई धान भूजल बर्बादी के लिए बदनाम रही है, इसीलिये सरकार, एक तिहाई लागत, भूजल, ऊर्जा, लेबर, ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जन की बचत वाली सीधी बिजाई धान तकनीक को प्रोत्साहन दे रही है।

हरियाणा सरकार की वेबसाइट के अनुसार, वर्ष -2022 में किसानों ने 72 हजार एकड़ कृषि भूमि पर सीधी बिजाई धान उगाकर 31,500 करोड़ लीटर भूजल की बचत की है। यानि प्रदेश के कुल धान क्षेत्र 36-38 लाख एकड़ पर रोपाई धान की बजाय सीधी बिजाई धान उगाकर सालाना 14-16 बीसीएम भूजल की बचत हो सकती है।

इससे बिजली पर दी जाने वाली सालाना लगभग एक हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी की भी बचत होगी। सीधी बिजाई धान की फसल मध्य सितम्बर मे पकने से पराली जलाने की घटनायें और गंभीर वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी, क्योंकि फसल जल्दी पकने से किसानों को पराली संभालने के लिए ज्यादा समय मिलेगा और किसान धान की कटाई और गेहूं की बुआई के बीच 40 दिन अंतराल के समय मे हरी खाद के लिए ढेंचा आदि फसल भी ले सकते हैं, जिससे भूमि की ऊर्वरा शक्ती बनाए रखने मे मदद मिलेंगी और रसायनिक ऊर्वरको पर निर्भरता कम होगी। इसलिए केन्द्र सरकार व देश के नीतिकारों को भूजल-पर्यावरण संरक्षण और किसानो के हित मे धान की सरकारी खरीद को पहली अक्टूबर की बजाय 15 सितम्बर से शुरू करना चाहिए, जिससे भूजल बचत वाली सीधी बिजाई धान को प्रोत्साहन मिलेंगा और भविष्य की पीढ़ियो के लिए भूजल संरक्षित हो सकेगा।

- साभार-डीटीई

# छठी सामूहिक विलुप्ति अधिक भयावह, 1500 के बाद से 73 पीढ़ियां लुप्त हो गई : अध्ययन

**एक** नए अध्ययन के अनुसार, मानवजनित गतिविधियां छठे सामूहिक विलुप्ति के खतरे को बढ़ा रही हैं। यात्री कबूतर, तस्मानियाई बाघ, बाईजी, या यांग्त्ज़ी नदी के डॉल्फ़िन ये हाल के सबसे ज्यादा पीड़ितों में से एक हैं। जिसको लेकर कई वैज्ञानिकों ने छठे सामूहिक विलुप्ति होने की घोषणा की है, क्योंकि मानवजनित गतिविधियां कशेरुक जानवरों की प्रजातियों के गायब होने की तुलना में सैकड़ों गुना तेजी से उन्हें मिटा रही हैं।

प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है कि संकट और भी गहरा हो सकता है। उपरोक्त तीन प्रजातियों में से प्रत्येक अपने वंश का अंतिम जीव भी था, उच्च श्रेणी जिसमें वर्गीकरण करने वाले वैज्ञानिक प्रजातियों को क्रमबद्ध करते हैं, केवल वे अकेले नहीं हैं।

अब तक, सार्वजनिक और वैज्ञानिक रुचि प्रजातियों के विलुप्त होने पर आधारित रही है। लेकिन अपने नए अध्ययन में, मेक्सिको के राष्ट्रीय स्वायत्त विश्वविद्यालय में पारिस्थितिकी संस्थान के शोधकर्ता गेरार्डो सेबलोस और स्टैनफोर्ड स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड साइंसेज में एमेरिटस, आबादी अध्ययन के प्रोफेसर पॉल एर्लिच ने पाया है कि पूरी पीढ़ी भी लुप्त हो रहीं है, जिसे वे लाइफ ऑफ ट्री या जीवन के वृक्ष का विनाश कहते हैं।

अध्ययन के हवाले से, सेबलोस ने कहा, लंबे समय से, हम ग्रह पर जीवन के विकास में बड़ी बाधा डाल रहे हैं। लेकिन साथ ही इस सदी में हम जीवन के वृक्ष के साथ जो कर रहे हैं वह मानवता के लिए बहुत कष्ट का कारण बनेगा।

### जैविक विनाश

हाल के वर्षों में इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन), बर्डलाइफ इंटरनेशनल और अन्य डेटाबेस से प्रजातियों के संरक्षण की स्थिति की जानकारी में सुधार हुआ है, जिससे सेबलोस और एर्लिच को जीवों के वंश के स्तर पर विलुप्त होने का आकलन करने में मदद मिली। अध्ययनकर्ता ने बताया कि, उन स्त्रोतों से आकर्षित होकर, हम दोनों ने भूमि पर रहने वाले कशेरुक जानवरों की 5,400 पीढ़ियों की जांच पड़ताल की, जिसमें 34,600 प्रजातियां शामिल थीं।

सेबलोस और एर्लिच ने बताया कि उन्होंने भूमि पर रहने वाले कशेरुकी जंतुओं की कुल 73 प्रजातियां पाई, जो 1500 ईस्वी के बाद से विलुप्त हो गई हैं। 44 प्रजातियों के विलुप्त होने से पक्षियों को सबसे अधिक नुकसान हुआ, उसके बाद स्तनधारी, उभयचर और सरीसृपों का नंबर आया। स्तनधारियों के बीच ऐतिहासिक वंश विलुप्त होने की दर के आधार पर, अनुमानित, कशेरुक वंश के विलुप्त होने की वर्तमान दर पिछले लाखों वर्षों से 35 गुना अधिक है।

इसका मतलब यह है कि मानवजनित प्रभाव के बिना, पृथ्वी ने संभवत: उस दौरान केवल दो प्रजातियां गायब हो गई होंगी। पांच शताब्दियों में, मानवजनित गतिविधियों ने वंश के विलुप्त होने की घटनाओं में वृद्धि की है, अन्यथा इसे जमा होने में 18,000 वर्ष लग जाते, जिसे जैविक विनाश कहा जाता है। अध्ययनकर्ताओं ने कहा कि, समस्या की भयावहता को न समझना सही नहीं होगा, क्योंकि हम और अन्य वैज्ञानिक चिंतित हैं।

### अगले स्तर के नुकसान के क्या होंगे उसके परिणाम ?

कई स्तरों पर, प्रजातियों के विलुप्त होने की तुलना में वंश विलुप्त होने का प्रभाव अधिक होता है। अध्ययनकर्ता सेबलोस ने बताया कि, जब एक प्रजाति नष्ट हो जाती है, तो उसके वंश की अन्य प्रजातियां अक्सर पारिस्थितिकी तंत्र में उसकी भूमिका का कम से कम हिस्सा पूरा कर सकती हैं। क्योंकि वे प्रजातियां अपने विलुप्त चचेरे भाई की अधिकांश आनुवंशिक सामग्री को ले जाती हैं, वे इसकी विकासवादी क्षमता को भी बरकरार रखती हैं।

ट्री ऑफ लाइफ या जीवन वृक्ष के संदर्भ में चित्रित, यदि एक भी टहनी यानी एक प्रजाति नष्ट होती है, तो आस-पास की टहनियां अपेक्षाकृत तेज़ी से शाखाएं निकाल सकती हैं, जिससे मूल टहनी जितनी कमी को पूरा किया जाता है। इस मामले में, ग्रह पर प्रजातियों की विविधता कमोबेश स्थिर रहती है।

लेकिन जब पूरी शाखाएं (पीढ़ी) गिर जाती हैं, तो यह छतरी में एक बड़ा छेद छोड़ देता है, जैव विविधता का नुकसान जिसे प्रजाति की विकासवादी प्रक्रिया के माध्यम से पुन: विकसित होने में लाखों साल लग सकते हैं।

सेबलोस ने कहा, मानवता अपनी जीवन-समर्थन प्रणालियों के ठीक होने के लिए इतने लंबे समय तक इंतजार नहीं कर सकती, यह देखते हुए कि हमारी सभ्यता की स्थिरता पृथ्वी की जैव विविधता द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर कितनी निर्भर करती है।

लाइम रोग के बढ़ते प्रभाव को लें तो सफेद पैरों वाले चूहे, इस बीमारी के शुरुआती वाहक, बलूत का फल जैसे खाद्य पदार्थों के लिए यात्री कबूतरों के साथ प्रतिस्पर्धा करते थे। कबूतरों के खत्म होने और भेड़ियों और कौगर जैसे शिकारियों के कम होने के साथ, चूहों की आबादी में उछाल आया है और उनके साथ, लोगों में लाइम रोग के मामले भी बढ़ गए हैं।

सेबलोस और एर्लिच ने गैस्ट्रिक ब्रूडिंग मेंढक की ओर इशारा करते हुए कहा कि जो विलुप्त प्रजाति का अंतिम जीव भी है। मादाएं अपने स्वयं के निषेचित अंडे निगल लेती हैं और अपने पेट में टैडपोल पालती हैं, साथ ही अपने पेट के एसिड को बंद करती हैं। इन मेंढकों ने एसिड रिफ्लक्स जैसी मानव बीमारियों का अध्ययन करने के लिए एक मॉडल प्रदान किया होगा, जो एसोफैगल कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है, लेकिन अब वे नष्ट हो गए हैं।

पीढ़ी का नुकसान भी बिगड़ते जलवायु संकट को बढ़ा सकता है। अध्ययनकर्ता एर्लिच ने बताया, जलवायु संबंधी गड़बड़ी विलुप्त होने की गति बढ़ा रहा है, और विलुप्त होने का जलवायु के साथ संपर्क है, क्योंकि ग्रह पर पौधों, जानवरों और सूक्ष्म जीवों की प्रकृति हमारे पास किस प्रकार की जलवायु है, इसके बड़े निर्धारकों में से एक है।

आगे विलुप्त होने और इसके कारण होने वाले सामाजिक संकटों को रोकने के लिए, सेबलोस और एर्लिच भारी पैमाने पर तत्काल राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक कार्रवाई करने का सुझाव देते हैं।

उन्होंने कहा कि बढ़ते संरक्षण प्रयासों में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में वंश विलुप्त होने और पीढ़ी दोनों की संख्या सबसे अधिक है और केवल एक प्रजाति शेष है। इस जोड़ी ने विलुप्त होने के संकट के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने का भी आह्वान किया, विशेष रूप से यह देखते हुए कि यह अधिक बदलती जलवायु के साथ यह कितनी गहराई से जुड़ा हुआ है। अध्ययनकर्ताओं ने कहा, लोगों की आबादी का आकार और वृद्धि, इनकी खपत का बढ़ता पैमाना और खपत बहुत असमान है, ये सभी समस्या के प्रमुख हिस्से हैं।

अध्ययनकर्ता एर्लिच ने कहा, यह विचार कि आप उन चीजों को जारी रख सकते हैं और जैव विविधता को बचा सकते हैं, यह एक तरह का पागलपन है। यह एक हिस्से पर बैठने और उसी समय में उसे काटने जैसा है।

-साभार डीटीई



# विश्व कप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी लॉन्च

## रोहित शर्मा-कोहली और हार्दिक के साथ ये खिलाड़ी आए नजर

एजेंसी। नई दिल्ली

विश्व कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के लिए नई जर्सी को लॉन्च कर दिया है। टीम इंडिया आधिकारिक किट स्पॉन्सर एडिडास ने बुधवार (20 सितंबर) को एक वीडियो शेयर किया। इसमें कप्तान रोहित शर्मा के साथ दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली, उपकप्तान हार्दिक पांड्या, मोहम्मद सिराज और कई अन्य खिलाड़ी नजर आए।



भारत में विश्व कप का आयोजन पांच अक्तूबर से होना है। फाइनल मैच 19 नवंबर को खेला जाएगा। बहुप्रतीक्षित जर्सी को प्रसिद्ध भारतीय गायक रफ्तार द्वारा गाए गए गीत 3 का ड्रीम के माध्यम से जारी किया गया था। एडिडास के मुताबिक, जर्सी भारतीय टीम के प्रति अटूट समर्थन का प्रमाण है। 3 का ड्रीम उन लाखों प्रशंसकों का प्रतीक है जो 1983 और 2011 के बाद अपनी टीम को तीसरा वनडे विश्व कप जीतते देखने का सपना देखते हैं। एडिडास ने जर्सी में बदलाव किया है। उसने कंधों पर अपनी तीन सफेद धारियों की जगह तिरंगे के तीन रंगों को रखा है। छाती के बाईं ओर बीसीसीआई के लोगो में अब दो सितारे हैं, जो भारत की वनडे विश्व कप जीत का प्रतीक है।

### ऑस्ट्रेलिया से होगा भारत का पहला मैच

विश्व कप में भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत आठ अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगी। टीम इंडिया 14 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अहमदाबाद में खेलेगी। विश्व कप से पहले भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी।

### विश्व कप के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अक्षर पटेल, ईशान किशन ,सूर्यकुमार यादव।

# बार्सिलोना, मैनचेस्टर सिटी और पीएसजी की चैंपियंस लीग में जीत से शुरुआत

एजेंसी। बर्लिन



बार्सिलोना के जोआओ फेलिक्स, मैनचेस्टर सिटी के जूलियन अल्वारेज और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के काइलियन एमबापे ने गोल किए जिससे उनकी टीमों ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत जीत से की।

रोम में खेला गया एक मैच हालांकि बेहद रोमांचक रहा जिसमें लाजियो के गोलकीपर इवान प्रोवेडेल ने इंजुरी टाइम के पांचवें मिनट में टीम के लिए बराबरी का गोल दागकर एटलेटिको मैड्रिड को 1–1 से ड्रॉ पर रोका। यह 2002–03 के बाद पहला अवसर है जबकि चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण के मैचों की शुरुआत लियोनेल मेसी या क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना हुई। बार्सिलोना ने बेल्जियम के क्लब एंटवर्प को 5–0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की शुरुआत की जबकि मैनचेस्टर सिटी ने शुरू में पिछड़ने के बाद रेड स्टार बेलग्रेड को 3–1 से पराजित किया। पीएसजी ने बोरशिया डॉर्टमंड को 2–0 से हराया। एसी मिलान और न्यूकासल का मैच गोल रहित बराबरी पर छूटा।

# विश्व कप ट्रायल के लिए उतरेंगे अश्विन और वाशिंगटन

## विश्व कप टीम के चयन के लिए खिलाड़ियों को परखना जरूरी

एजेंसी। मोहाली

### बोले, अक्षर की चोट किसी के लिए अच्छी साबित हो सकती है

एक अन्य राष्ट्रीय चयनकर्ता ने वाशिंगटन बनाम अश्विन बहस पर दिलचस्प राय दी। उन्होंने कहा, इस बात का बुरा नहीं मानना चाहिए लेकिन अक्षर की चोट किसी के लिए अच्छी साबित हो सकती है। दाएं हाथ के उंगली के स्पिनर को शामिल करने का फैसला लंबे समय पहले लिया जाना चाहिए था और अब अंतिम समय में उन्हें यह मौका मिला है। पूर्व चयनकर्ता ने कहा, एशिया कप में श्रीलंका की पिचों पर उसकी (अक्षर) गेंदबाजी देखिए जिस पर काफी टर्न मिल रहा था और इसमें चरिथ असालंका ने चार विकेट झटके जबकि वह (अक्षर) अपनी ज्यादातर गेंद को टर्न नहीं करा पा रहा था तो यह एक समस्या है।





रविचंद्रन अश्विन डेढ़ महीने पहले अपने तमिल यूट्यूब चैनल पर बता रहे थे कि तिलक वर्मा जैसी प्रतिभा को वनडे विश्व कप के लिए गंभीरता से क्यों लिया जाना चाहिए। टेस्ट क्रिकेट में भारत के महानतम मैच विजेताओं में से एक ने संभवत: कभी नहीं सोचा होगा कि उन्हें वाशिंगटन सुंदर के खिलाफ दो मैचों के ट्रायल के लिए बुलाया जाएगा जो उनसे करीब डेढ़ दशक जूनियर हैं।

विश्व कप टीम के चयन के लिए खिलाड़ियों को परखना जरूरी है लेकिन इस महासमर से महज दो हफ्ते पहले भारतीय टीम प्रबंधन ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला के लिए दो ऑफ स्पिनरों को बुलाया है ताकि अक्षर पटेल की चोट के समय पर ठीक नहीं होने के बाद बैक-अप विकल्प तैयार रहे। यह एक तरह से वर्चुअल शूट-आउट होगा जिसमें मोहाली और राजकोट की सपाट पिचों पर अजीत अगरकर की चयन समिति उनका प्रदर्शन देखेगी। पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने कहा, मुझे लगता है कि अश्विन दौड़ में आगे हैं कि उस जैसे स्तर के गेंदबाज को टीम में बुलाया गया है। मुझे हमेशा से ही लगता है कि अश्विन को उसी समय से टीम में शामिल होना चाहिए था जब से वनडे विश्व कप के लिए तैयारी हो रही थी। अगर अक्षर विश्व कप की टीम में जगह नहीं बना पाते हैं तो वह इनमें से किसे चुनेंगे, इस पर प्रसाद ने कहा, उम्मीद करते हैं कि अक्षर राजकोट में अंतिम वनडे के लिए फिट हो जाएं। क्योंकि अगर वह फिट हो जाता है तो अश्विन और वाशिंगटन कैसी भी गेंदबाजी करें, अक्षर अपना स्थान बरकरार रखेगा। उन्होंने कहा, लेकिन यह विश्व कप के सबसे रोमांचक ट्रायल्स में से एक रहेगा।

अगर वे बल्लेबाजी-गेंदबाजी (50–50 प्रतिशत) विकल्प को देख रहे हैं तो यह वाशिंगटन होगा। लेकिन अगर वे पूरी तरह से स्पिन गेंदबाजी विकल्प की तलाश कर रहे हैं तो मेरी नजर में अश्विन का पलड़ा भारी होगा। हरभजन सिंह के हालांकि अगर विचार हैं। इस टर्बनेटर का मानना है कि अगर टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं ने एशिया कप फाइनल के लिए कोलंबो में वाशिंगटन को बुलाया और उसे अंतिम एकादश में भी रखा तो वह पहली पसंद होंगे। उन्होंने कहा, वाशिंगटन पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी करता है।

वह शानदार क्षेत्ररक्षक है। और अंत में वह निचले मध्यक्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। इसलिए वह पूरा पैकेज हैं।

# दुर्गा पूजा के दौरान कोलकाता का दौरा करेंगे रोनाल्डिन्हो

कोलकाता। संन्यास ले चुके ब्राजील के महान फुटबॉलर रोनाल्डिन्हो अगले महीने दुर्गा पूजा पर्व के दौरान कोलकाता का दौरा करेंगे। इसकी जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने कहा कि रोनाल्डिन्हो के 15 से 19 अक्टूबर के बीच शहर में आने की संभावना है, लेकिन अंतिम तारीख की पुष्टि कोंगो में बार्का लीजेंड्स मैच की तारीख के बाद ही होगी।

अधिकारी के अनुसार रोनाल्डिन्हो पहली बार कोलकाता का दौरा करेंगे और उनके एक छोटे से चैरिटी मैच में खेलने की उम्मीद है। इसके अलावा वह दुर्गा पूजा के एक पंडाल और एक फुटबॉल क्लिनिक का दौरा भी करेंगे। वह अर्जेंटीना के फीफा विश्व कप विजेता लियोनेल मेस्सी की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। दो बार के बैलन डिओर विजेता रोनाल्डिन्हो के कुछ प्रयोजकों से भी मिलने की संभावना है।

यह अधिकारी बीते समय में फुटबॉल के महान खिलाड़ियों को शहर लाने में अहम भूमिका निभा चुका है जिसमें माराडोना, पेले और काफू शामिल हैं। उन्होंने इस साल जुलाई में अर्जेंटीना के मौजूदा विश्व कप विजेता गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज को भी इस शहर में लाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों के लिए रवाना

एजेंसी। बेंगलुरु

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने टीम के हांगझोउ रवाना होने से पहले कहा कि उनकी टीम एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन करके अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करना चाहेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम 23 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए मंगलवार की रात को रवाना हुई।

भारतीय टीम को कोरिया, मलेशिया, हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ पूल ए में रखा गया है। जापान, चीन, थाईलैंड, कजाकिस्तान और इंडोनेशिया को पूल बी में रखा गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम पेरिस ओलंपिक में जगह बनाएगी।

भारत अपना पहला मैच 27 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा। सविता ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, हमने लंबे समय तक चले राष्ट्रीय शिविर में कड़ी मेहनत की है और उस समय हमने पर ध्यान दिया है जिनमें हमें सुधार करने की जरूरत है। हमने अपने मजबूत पक्षों और विपक्षी टीमों के हिसाब से अपनी रणनीति तैयार कर ली है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि यह टूर्नामेंट हमारे लिए अच्छा रहेगा और हम सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे। हमारा लक्ष्य 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है और इसलिए हम इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि यह टूर्नामेंट कितना महत्वपूर्ण है और हमें अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए क्या करना है। भारतीय महिला टीम में गोलकीपर सविता और बिचू देवी खारीबाम शामिल हैं।

दीप ग्रेस एक्का, इशिका चौधरी, निक्की प्रधान और उदिता रक्षा पंक्ति जबकि सुशीला चानू, मोनिका, नवनीत कौर, नेहा, निशा, सलीमा टेटे, सोनिका और वैष्णवी विट्ठल फाल्के मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगी। अग्रिम पंक्ति में दीपिका, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी और वंदना कटारिया को शामिल किया गया है।






### खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए आतुर

टीम की उप कप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा, हमारी टीम अनुभव और युवा का अच्छा मिश्रण है। सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए आतुर है तथा मैदान पर अपना कौशल दिखाने के लिए मानसिक रूप से अच्छी तरह से तैयार हैं। सिंगापुर के खिलाफ शुरुआती मैच के बाद भारतीय टीम का सामना 29 सितंबर को मलेशिया, एक अक्टूबर को कोरिया और तीन अक्टूबर को हांगकांग चीन से होगा।

# गत विश्व चैंपियन को हराकर अंतिम पंघाल क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। बेलग्रेड (सर्बिया)



भारत की युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने क्वालिफिकेशन दौर में बुधवार को यहां अमेरिका की मौजूदा विश्व चैंपियन ओलिविया डोमिनिक पैरिश को हराकर पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की उम्मीद जताई जबकि अन्य भारतीय दावेदारों को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा।

पंघाल महिला 53 किग्रा वर्ग के पहले दौर के इस मुकाबले में एक समय 0–2 से पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने इसके बाद जबरदस्त वापसी करके 3–2 से जीत दर्ज की। अमेरिकी पहलवान शुरू में ही हावी हो गई थी। उन्होंने पंघाल के दाएं पांव को पकड़कर भारतीय पहलवान को नीचे गिराकर दो अंक हासिल किए। इसके बाद भारत की 19 वर्षीय पहलवान का रक्षण हालांकि काफी मजबूत था और उन्होंने इस तरह के दो अन्य प्रयासों को नाकाम करके पहले पीरियड में आगे कोई अंक नहीं गंवाया। पंघाल ने इसके बाद भी अपना मजबूत रक्षण बरकरार रखा और पैरिश को किसी तरह से हमला नहीं करने दिया। भारतीय पहलवान ने इसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी का बायां पांव पकड़ कर उन्हें नीचे गिराया और दो अंक हासिल करके मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। पैरिश ने इसके बाद निष्क्रिय बने रहने के लिए एक अंक गंवाया। पंघाल ने अपनी इस मामूली बढ़त को आखिर तक बरकरार रखा और जीत हासिल की। पंघाल ने अगले दौर में पोलैंड की रोकसाना मार्ता जेसिना को सिर्फ एक मिनट और 38 सेकेंड में तकनीकी दक्षता के आधार पर हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि मनीषा (62 किग्रा), प्रियंका (68 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) को हार का सामना करना है और अब टूर्नामेंट में इनकी उम्मीदें इन्हें हराने वाले खिलाड़ियों के नतीजे पर निर्भर करेंगी। भारत के सभी 10 पुरुष फ्री स्टाइल पहलवान पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वे ओलंपिक कोटा हासिल करने या गैर ओलंपिक वर्गों में पदक जीतने में नाकाम रहे।

# वॉलीबॉल टीम ने दक्षिण कोरिया को हराकर उलटफेर किया

हांगझोउ (चीन)। भारत की पुरुष वॉलीबॉल टीम ने बुधवार को यहां गत उप विजेता दक्षिण कोरिया को पांच सेट चले रोमांचक मुकाबले में हराकर उलटफेर के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहते हुए एशियाई खेलों के नॉकआउट चरण में जगह बनाई।

भारतीय टीम ने ग्रुप सी के अंतिम मैच में कोरिया को दो घंटे 38 मिनट में 3–2 (25–27, 29–27, 25–22, 20–25, 17–15) से हराया। मंगलवार को कंबोडिया को 3–0 से हराने वाला भारत पांच अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा।

भारत के लिए अमित गुलिया और अशवाल राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को महत्वपूर्ण अंक दिलाए।

भारत अगले दौर में चीनी ताइपे या मंगोलिया से भिड़ेगा। भारत ने एशियाई खेलों में अपना पिछला पदक 1986 में कांस्य पदक के रूप में जीता था। इंडोनेशिया के जकार्ता में पिछले सत्र में भारतीय टीम 12वें स्थान पर रही थी।

# रोनाल्डो को देखने से वंचित रह गए ईरान के प्रशंसक

## भारतीय क्लब की शिकायत बनी वजह

एजेंसी। तेहरान

भारतीय क्लब एफसी गोवा की शिकायत के कारण ईरान के फुटबाल प्रशंसक एशियाई चैंपियंस लीग (एएफसी) के यहां खेले गए मैच में दिग्गज स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को खेलते हुए देखने से वंचित रह गए।

यह मैच खाली स्टेडियम में खेला गया, जिसमें रोनाल्डो गोल नहीं कर पाए लेकिन इसके बावजूद सऊदी अरब के उनके क्लब अल नासर ने ईरान के क्लब पर्सेपोलिस को 2–0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत के क्लब गोवा ने पर्सेपोलिस की 2021 में सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक पोस्ट के लिए शिकायत दर्ज की थी जिस पर अमल करते हुए एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने ईरान के क्लब को एक मैच दर्शकों के बिना खेलने का आदेश दिया था। यही वजह थी कि रोनाल्डो तथा सेडियो माने और मार्सेलो ब्रोजोविच जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद आजादी स्टेडियम खाली पड़ा था। अल नासर की तरफ से दोनों गोल हालांकि सऊदी अरब के खिलाड़ियों ने किए। अब्दुल रहमान गरीब ने 60वें मिनट में पहला गोल किया जबकि डिफेंडर मोहम्मद कासिम ने 12 मिनट बाद स्कोर 2–0 कर दिया। फुटबॉल प्रेमी रोनाल्डो को खेलते हुए तो नहीं देख पाए लेकिन पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी की उपस्थिति से वह बेहद रोमांचित थे।



उनकी एक झलक पाने के लिए सैकड़ों संख्या में फुटबॉल प्रशंसक सोमवार को अल नासर के टीम होटल के बाहर पहुंच गए थे। यह सऊदी अरब की किसी टीम का 2015 के बाद ईरान का पहला दौरा था।

इस जीत से अल नासर ग्रुप ई में शीर्ष पर पहुंच गया। ग्रुप के एक अन्य मैच में कतर के अल-दुहैल और ताजिकिस्तान के इस्तिक्लोल ने गोल रहित ड्रा खेला। अन्य मैचों में दक्षिण कोरिया की टीम इंचियोन यूनाइटेड ने जापानी चैंपियन योकोहामा एफ मैरिनो को 4–2 से हराया। स्टार फॉरवर्ड नेमार की उपस्थिति के बावजूद उज्बेकिस्तानी क्लब नवबहोर ने अल हिलाल को 1–1 से बराबरी पर रोका। सऊदी अरब के चैंपियन अल इत्तिहाद ने स्टार स्ट्राइकर करीम बेंजेमा के बिना भी उज्बेकिस्तान के एजीएमके को 3–0 से पराजित किया।

# हरमनप्रीत सिंह और लवलीना एशियाई खेलों में होंगे ध्वजवाहक

नई दिल्ली। भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह और ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन 23 सितंबर को हांगझोउ में एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे।

भारतीय ओलंपिक संघ ने बुधवार को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए संयुक्त ध्वजवाहक बनाने का फैसला किया। एशियाई खेलों में इस दफा कुल 655 भारतीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं जो देश का अब तक का सबसे बड़ा दल है। भारतीय दल के दल प्रमुख भूपेंदर सिंह बाजवा ने कहा, हमने आज काफी सोच विचार के बाद यह फैसला किया। इस बार एशियाई खेलों के लिए हमारे दो ध्वजवाहक होंगे–हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन।

# मेरे खाते में केवल 900 यूरो बचे हैं, अच्छी जिंदगी नहीं जी पा रहा: सुमित नागल

नई दिल्ली। एटीपी टूर में खेलने के लिए एक करोड़ के बजट की व्यवस्था करने के बाद भारत के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल के बैंक खाते में अब एक लाख रुपये से भी कम की धनराशि बची है और अच्छी जिंदगी नहीं जी पाने के कारण वह उदास हैं। वह पिछले कुछ वर्षों से जर्मनी की नानसेल टेनिस अकादमी में अभ्यास कर रहे थे लेकिन पैसों की कमी के कारण वह 2023 के सत्र के शुरुआती तीन महीनों में अपने पसंदीदा स्थान पर अभ्यास नहीं कर पाए। उनके मित्र सोमदेव देववर्मन और क्रिस्टोफर मार्कुइस ने जनवरी और फरवरी में उनकी मदद की थी। वित्तीय समस्याओं से जूझना शायद प्रत्येक भारतीय टेनिस खिलाड़ी की कहानी है लेकिन सच्चाई यह है कि देश का नंबर एक एकल खिलाड़ी अपने और अपने परिवार के लिए पर्याप्त धनराशि नहीं जुटा पा रहा है जिससे अप्रभावी प्रणाली और एटीपी टूर से जुड़े संघर्ष का पता चलता है जहां खिलाड़ी को अपनी लड़ाई खुद लड़नी पड़ती है।

# भारतीय रोइंग दल 19वें एशियन गेम्स में जीत से शुरुआत की

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय रोइंग दल 19वें एशियन गेम्स में जीत से शुरुआत की है। यहां चीन के हांगझोउ शहर में चल रहे इन गेम्स में बुधवार को भारतीय मेंस और विमेंस टीम ने रोइंग के लाइटवेट डबल स्कल इवेंट में मेडल की उम्मीद को बरकरार रखा है।

दोनों टीमें रेपेचेज राउंड में पहुंच गई हैं। पुरुषों के लाइटवेट डबल स्कल में अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने हीट में 6.27.45 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा सतनाम सिंह और परमिंदर सिंह भी 6.27.01 के समय के साथ अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहे। पुरुषों के दोनों ही अब रेपेचेज राउंड में हिस्सा लेंगी। अगर रेपेचेज में शानदार प्रदर्शन रहा तो वह फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे।

पुरुषों के अलावा भारतीय लाइटवेट महिला डबल स्कल्स जोड़ी किरण और अंशिका भारती ने 7.27.57 का समय लेकर अपनी हीट में चौथा स्थान हासिल किया। ये भी रेपेचेज राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है। वॉलीबॉल में आज कोरिया साथ शाम को 4 बजे मैच है। इससे पहले भारतीय मेंस वॉलीबॉल टीम ने लीग मुकाबले में कंबोडिया 3–0 से हराया।

### वॉलीबॉल: अमित ने दिलाए सबसे ज्यादा अंक

भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने ग्रुप-सी के तीसरे मुकाबले में मंगलवार को एकतरफा जीत हासिल की। टीम ने कंबोडिया को पहले गेम में 25–14 के अंतर से हराया। टीम ने पहला गेम 22 मिनट में जीता।

इसी प्रकार दूसरा गेम 19 मिनट में 25–13 और तीसरा 19 मिनट में 25–19 से हराया। भारतीय टीम को सबसे ज्यादा अंक जर्सी नंबर-11 अश्वराज ने दिलाए। उन्होंने 17 अंक अर्जित किए, वहीं कंबोडिया से जर्सी नंबर-15 मॉर्गन ने सबसे ज्यादा नौ अंक बटोरे।

# गोल बचाने और जवाबी हमले करने पर ध्यान देगी पुरुष हॉकी टीम: फुल्टन

एजेंसी। नई दिल्ली

एशियाई खेला

भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियाई खेलों में कुछ बदली रणनीति के साथ मैदान पर उतरेगी और अपनी पारंपरिक आक्रामक शैली के बजाय रक्षात्मक संरचना पर जोर देगी क्योंकि मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ऐसा चाहते हैं। रक्षण भारतीय टीम का शुरू से कमजोर पक्ष रहा है। आक्रामक मानसिकता के साथ खेलने के कारण स्ट्राइकर और मिडफील्डर आगे बढ़ जाते हैं जिससे कि रक्षा पंक्ति कमजोर पड़ जाती है। लेकिन एशिया में पद संभालने के बाद फुल्टन ने स्पष्ट किया था कि रक्षा पंक्ति की कमजोरियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

फुल्टन ने कहा, यह सोच में थोड़ा बदलाव से जुड़ा है। हम वास्तव में अपने रक्षण को मजबूत करना चाहते हैं और मैच जीतने के लिए, जवाबी हमलों पर ध्यान देना चाहते हैं। इसके अलावा मानसिक पक्ष भी है। जब कोई खिलाड़ी या टीम संघर्ष कर रही होती है तो ऐसी स्थिति में अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाने के लिए हम तरीके ढूंढ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के रहने वाले फुल्टन ने कहा कि उनके लिए मानसिक पक्ष बेहद महत्व रखता है क्योंकि स्वर्ण पदक जीतने पर उन्हें अगले साल के पेरिस ओलंपिक में सीधे प्रवेश मिलेगा। इसलिए, भारतीय विश्व कप विजेता क्रिकेट टीम के पूर्व मानसिक अनुकूलन कोच पैडी अपटन एशियाई खेलों के अंतिम मैचों के दौरान भारतीय पुरुष हॉकी टीम से जुड़ेंगे। अपटन ने 2011 में भारतीय क्रिकेट टीम की विश्वकप में जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने बेंगलुरु में पुरुष हॉकी टीम के राष्ट्रीय शिविर में तीन मानसिक अनुकूलन सत्र का आयोजन किया था।



फुल्टन ने कहा, अपटन के साथ ये सत्र बेहद मददगार रहे लेकिन अभी शुरुआती दिन हैं। यह इससे जुड़ा है कि टीम कैसे काम करती है और खिलाड़ियों का मानसिक पक्ष किस तरह से चीजों को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा, यह अनुकूलन परिणाम हासिल करने की प्रक्रिया से जुड़ा है। आप कब शुरुआत करते हैं और टीम के रूप में कहां पहुंचना चाहते हैं यह इससे जुड़ा है। क्रिकेट टीम को 2011 का विश्व कप की जीत से काफी सीख मिली। पैडी एशियाई खेलों में टूर्नामेंट के अंतिम सप्ताह में हमारे साथ रहेंगे। फुल्टन के कोच रहते हुए भारत ने पिछले महीने चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था और एशियाई खेलों में उनका लक्ष्य स्पष्ट है– स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना। उन्होंने कहा, मैं यहां टीम के साथ केवल चार महीने से हूं और इस दौरान हमने तीन बहुत अच्छी प्रतियोगिताओं में भाग लिया और चीजें सही तरह से आगे बढ़ रही हैं। अब एशियाई खेलों में हमारी परीक्षा होगी और हम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना चाहते हैं।